RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 69
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 14 जनवरी, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



अच्छी स्क्रिप्ट मुश्किल से हाथ आती है: काजोल
विविध-12

www.dailypioneer.com

# देशभर में पहुंचाई गई टीके की खेप

**टीकाकरण की तैयारी**


- केंद्र ने पहले कुछ दिनों के लिए टीकाकरण स्थल को घटाया, ग्रामीण इलाकों में कोल्ड चेन सप्लाई बड़ी चुनौती
- सीरम इंस्टीट्यूट ने कोविशील्ड की 56 लाख डोज 13 शहरों में पहुंचाई, भारत बायोटेक का टीका 11 शहरों को भेजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गोवा** से मेघालय और जम्मू-कश्मीर से दक्षिण में केरल तक कोविड-19 का टीका के देश के हर हिस्से में पहुंचाया जा रहा। टीकाकरण अभियान शनिवार से शुरू होगा। वहीं सरकार ने बुधवार को तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए पूर्व में तय किए गए 4,895 अभियान स्थलों को घटाकर तकरीबन आधा कर दिया है। इसका आशय यह हुआ किया पहले किए गए फैसले विपरीत कम से कम से पहले कुछ दिनों तक कुछ ही स्थानों पर और कुछ ही लोगों का टीकाकरण होगा।

इससे पहले सरकारी अस्पतालों के जरिये देशभर में 4,895 स्थानों पर टीकाकरण होना निर्धारित था। सूत्रों ने कहा कि इन संख्या को तकरीबन आधा कर दिया गया है। उदाहरण के लिए पहले दिन पंजाब में इसकी संख्या घटाकर 110 से 59 जबकि असम से 74 से घटाकर 59 करने को कहा गया है। अनिवार्य कोल्ड चेन सप्लाई एक बड़ी चुनौती है खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में।

महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने बताया कि केन्द्र ने राज्य से टीकाकरण केन्द्रों की संख्या 511 से घटा कर 350 करने की ताकीद की है और कहा है कि सरकार को अन्य आपात स्थितियों पर भी नजर रखनी चाहिए। बहरहाल टीकाकरण अभियान अब जोर पकड़ रहा है। बुधवार को विमानों के जरिये देश भर में विभिन्न हवाईअड्डों पर टीके की खेप पहुंचाई गई, जहां से ये छोटे शहरों को भेजी गईं। देशभर में 16 जनवरी से टीकाकरण अभियान शुरू होने जा रहा है। जम्मू कश्मीर से कन्याकुमारी तक और असम से गोवा तक, सहित देश के कोने-कोने तक कोविड-19 के टीके की खुराक सावधानीपूर्वक और तेज गति से पहुंचाई गयी। एक दिन पहले ही, मंगलवार को ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका के कोविशील्ड टीके की



भोपाल में कोरोना टीके की पहली खेप पहुंचने पर उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाते कर्मचारी

पहली खेप पुणे के सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) विनिर्माण केंद्र से रवाना की गई थी।

एसआईआई ने कोविशील्ड की करीब 56 लाख खुराक भेजी है, वहीं हैदराबाद स्थित भारत बायोटेक ने कहा कि उसने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईसीएमआर) और राष्ट्रीय विषाणुविज्ञान संस्थान के सहयोग से स्वेदश विकसित टीके कोवैक्सीन को 11 शहरों में भेजा है। उसने केंद्र को 16.5 लाख खुराक दान में देने की बात कही है। भारत बायोटेक ने बुधवार को एक बयान में कहा, 'सरकार से 55 लाख खुराक के लिए खरीद का आर्डर प्राप्त होने के बाद, कंपनी ने टीके की प्रथम खेप (प्रत्येक शीशी में 20 डोज है) रवाना की।' भारत बायोटक ने कहा कि टीके की खेप गणवरम (आंध्र प्रदेश), गुवाहाटी, पटना, दिल्ली, कुरूक्षेत्र, बेंगलुरु, पुणे, भुवनेश्वर, जयपुर, चेन्नई और लखनऊ भेजी गई। शनिवार से शुरू होने जा रहे देशव्यापी टीकाकरण अभियान के मद्देनजर टीके की शीशी के गंतव्य स्थानों तक पहुंचना शुरू होने के साथ, राज्यों ने अपनी योजनाओं को सुदृढ़ करना शुरू कर दिया है। वे साजो-सामान के विवरण को भी अंतिम रूप देने में जुट गये हैं। दिल्ली में 89 केंद्रों पर टीकाकरण अभियान शुरू होगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर केंद्र सरकार लोगों को कोरोना वायरस का टीका नि:शुल्क उपलब्ध कराने में नाकाम रहती है, तो दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों को मुफ्त में इसे उपलब्ध कराएगी। मध्यप्रदेश में कोविड-19 टीकाकरण अभियान के लिये टीकों की पहली खेप बुधवार को भोपाल के राजा भोज विमान तल (हवाईअड्डे) पर पहुंची। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग के एक अधिकारी ने बताया 'मध्यप्रदेश के लिए 94 हजार कोविड-19 टीकों की पहली खेप बुधवार सुबह करीब 11 बजे मुंबई से निर्धारित उड़ान के माध्यम से यहां लाया गया।' अधिकारी ने बताया कि इसके बाद इन टीकों को राजकीय टीका केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने इंतजामों का निरीक्षण किया।

अधिकारी ने कहा कि इन टीकों को अधिकारियों की निगरानी में भोपाल से संभाग के आठ जिलों में भेजा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि 16 जनवरी से शुरू हो रहे टीकाकरण के पहले चरण में मध्यप्रदेश में करीब पांच लाख लोगों को टीके लगाए जाएंगे। केरल में भी कोविशील्ड टीके की पहली खेप बुधवार सुबह पहुंच गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुणे स्थित एसआईआई से कोविशील्ड टीके की पहली खेप कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंची। उन्होंने कहा कि एर्नाकुलम और कोझिकोड के लिए टीका लाने वाली गो एयर की उड़ान सुबह 10.35 बजे हवाई अड्डा पर उतरी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के सूत्रों ने बताया कि टीके की 4.33 लाख डोज में से (शेष पेज 9)

**स्वदेशी को बढ़ावा**

# एचएएल से खरीदे जाएंगे 83 तेजस लड़ाकू विमान



फाइल फोटो

- सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने 48,000 करोड़ रुपये के सौदे को दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से 83 तेजस हल्के लड़ाकू विमान खरीदने के लिए 48,000 करोड़ रुपये के सौदे को मंजूरी दे दी है। रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में स्वदेशीकरण अभियान को बढ़ावा देने के लिए एचएएल को यह ऑर्डर देने जैसा बड़ा कदम उठाया गया है।

बेडे में इन विमानों के शामिल होने से भारतीय वायुसेना को बल के आधुनिकीकरण के प्रयासों और अपनी घटती हुई लड़ाकू जेट क्षमता को बढ़ाने में खासी मदद मिलेगी। वायुसेना के पास इस वक्त केवल 30 स्क्वाड्रन हैं, जबकि स्वीकृत लगभग 40 है। एक स्क्वाड्रन में 18 से 20 जेट होते हैं। यदि उत्पादन समय पर हुआ, तो 83 जेट का बेड़ा 2026 तक भारतीय वायुसेना में आना शुरू हो जाएगा। इस संबंध में एचएएल और वायुसेना के बीच एक अनुबंध अगले महीने होने की उम्मीद है। वर्तमान में वायुसेना के पास एचएएल निर्मित 18 तेजस हैं और ये जेट विमान तमिलनाडु के सुलूर में वायुसेना बेस से संचालित हो रहे हैं।

वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए, जहां सशस्त्र बलों को पाकिस्तान और चीन के साथ एक साथ दो मोर्चों पर युद्ध का सामना करना पड़ सका है, ऐसे में वायुसेना को तत्काल अपने लड़ाकू जेट विमानों की (शेष पेज 9)

# बीएसएफ को सीमा पर 150 मीटर लंबी सुरंग मिली



कश्मीर के कठुआ जिले में मिली सुरंग के पास खड़े सुरक्षा बलों के जवान

- कठुआ के पास मिली, पिछले अगस्त से अब तक तीन ऐसी सुरंगों का पता लगाया जा चुका है

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**सीमा** सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बुधवार को जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटी एक 150 मीटर लंबी सुरंग का पता लगाया है। इसका निर्माण आतंकवादियों की घुसपैठ के मकसद से किया गया है।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के सतर्क जवानों ने पिछले छह महीने में कठुआ और सांबा जिलों में इस तरह की तीसरी सुरंग का पता लगाया है। बीएसएफ के महानिरीक्षक (जम्मू फ्रंटियर) एनएस जमवाल ने कहा, बुधवार सुबह एक अभियान के दौरान बीएसएफ के जवानों ने हीरानगर सेक्टर के बोबियान गांव में सीमा पार से बनाई गई एक करीब 150 मीटर लंबी सुरंग (शेष पेज 9)

# किसानों ने लोहड़ी पर जलाई नए कृषि कानूनों की प्रतियां

- दर्ज कराया विरोध, एआईकेसीसी का दावा, देशभर में किसानों ने किया अनुसरण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** के नए कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों ने लोहड़ी के मौके पर बुधवार को सभी प्रदर्शन स्थलों पर कानूनों की प्रतियां जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। इस बीच अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति (एआईकेएससीसी) ने दावा किया कि देश भर में किसानों से 20 हजार से ज्यादा स्थानों पर प्रतियां जलाईं।

योगेंद्र यादव, गुरुनाम सिंह समेत बहुत से किसानों ने किसान आंदोलन कार्यालय के परिसर में आग में कानूनों की प्रतियां फेंकी। संयुक्त किसान मोर्चा के परमजीत सिंह ने कहा कि अकेले सिंघू बॉर्डर पर ही



सिंघू बॉर्डर पर लोहड़ी के मौके पर कृषि कानूनों की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराते किसान। फोटो: रंजन डिमरी

कृषि कानूनों की एक लाख प्रतियां जलाई गईं। वसंत की शुरुआत में पंजाब, हरियाणा समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में लोहड़ी का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन लोग लकड़ियां इकट्ठी करके जलाते हैं और सुख एवं समृद्धि की कामना करते हैं। हरियाणा के करनाल जिले से आए 65 वर्षीय गुरप्रीत सिंह संधू ने कहा कि उत्सव इंतजार कर सकते हैं। केंद्र की ओर से जिस दिन इन काले कानूनों को वापस लेने की हमारी मांग को मान लिया जाएगा, हम उसी दिन सभी त्योहारों को मनाएंगे।'

दिल्ली-हरियाणा सीमा पर कतार में लकड़ियां एकत्र कर जलाई गईं और उसके चारों तरफ घूमते हुए किसानों ने नए कृषि कानूनों की प्रतियां जलाईं। इस दौरान प्रदर्शनकारी किसानों ने (शेष पेज 9)

# दिल्ली में 10वीं व 12वीं के स्कूल 18 से खुलेंगे

- बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर फैसला, अभिभावकों की सहमति से ही बच्चे जाएंगे स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** सरकार ने 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 18 जनवरी से स्कूलों को खोलने की बुधवार को अनुमति दे दी। शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों के मुताबिक, यह निर्णय बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थी अपने माता-पिता की सहमति से ही स्कूल आएंगे और स्कूल आना अनिवार्य नहीं होगा तथा इसके साथ ही स्कूलों को कोविड-19 संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। निदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'प्री बोर्ड और प्रयोगात्मक कार्य से संबंधित गतिविधियों के लिए सरकारी, सहायता प्राप्त और गैर सहायता प्राप्त स्कूलों के



प्रतीकात्मक चित्र

प्रमुख सिर्फ 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को विद्यालय बुला सकते हैं जो 18 जनवरी 2021 से प्रभावी होगा।'

अधिकारी ने बताया कि स्कूल आने वाले बच्चों का रिकॉर्ड रखा जाएगा और इस रिकॉर्ड का इस्तेमाल उपस्थिति संबंधी उद्देश्य के लिए नहीं किया जाएगा, क्योंकि बच्चों को विद्यालय भेजना अभिभावकों के लिए पूर्णत: वैकल्पिक है। गौरतलब है कि दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए पिछले साल मार्च में स्कूलों को बंद कर दिया गया था और ये तभी से बंद हैं। पिछले साल अक्टूबर के बाद कई राज्यों ने आंशिक रूप से स्कूल फिर से खोल दिए थे। हालांकि दिल्ली में पिछले 10 महीने में यह पहली बार है जब छात्र स्कूल लौटेंगे। विद्यार्थी ऑनलाइन कक्षाएं ले रहे हैं।

# तीनों निगमों में चिकन बेचने व रखने पर रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में बर्ड फ्लू की स्थिति को देखते हुए तीनों नगर निगमों ने दुकानों और रेस्तराओं के पोल्ट्री या प्रसंस्कृत चिकन बेचने तथा रखने पर बुधवार को तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इससे पहले दिन में उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने इस संबंध में आदेश जारी किया था। अब पूर्वी दिल्ली नगर निगम और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने भी ऐसा ही निर्णय किया है। उत्तरी दिल्ली नगर निगम के पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि ग्राहकों को अंडा आधारित व्यंजन या पोल्ट्री मांस तथा अन्य संबंधित उत्पाद परोसे जाने पर रेस्तराओं और होटलों के मालिकों को कार्रवाई का सामना करना होगा। उत्तरी दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत आने वाली मांस और पोल्ट्री की दुकानों, मांस प्रसंस्करण इकाइयों के पोल्ट्री या प्रसंस्कृत या पैक चिकन को बेचने या रखने पर तत्काल प्रभाव से अगले आदशों तक रोक रहेगी। आदेश में (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,492 | ↓ | 24 | |
| निफ्टी | 14,564 | ↑ | 01 | |
| सोना | 48,877 | ↓ | 108 | /10g |
| चांदी | 65,351 | ↑ | 144 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कल से शुरू होगा नए संसद भवन का निर्माण

**नई दिल्ली।** सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत नए संसद भवन का निर्माण कार्य मकर संक्रांति से एक दिन बाद 15 जनवरी को शुरू होगा। सूत्रों ने बताया कि मकर संक्रांति के अगले दिन को ऐसी परियोजनाओं की शुरुआत के लिए शुभ मुहुर्त माना जाता है। इस सप्ताह की शुरुआत में 14 सदस्यीय हेरिटेज पैनल ने सरकार की महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना के तहत नए संसद भवन के निर्माण को मंजूरी दी थी। नए संसद भवन का निर्माण टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) से हरी झंडी मिलने के बाद टाटा कंपनी ने अपनी हैवी मशीनरी साइट पर भेजनी शुरू कर दी है।

# विशेष विवाह अधिनियम के तहत 30 दिन पहले नोटिस का नियम अनिवार्य नहीं

- इलाहाबाद हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण आदेश
- कहा, यह नियम निर्देशात्मक है आदेशात्मक नहीं, युगल चाहें तभी हो नोटिस का प्रकाशन

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**इलाहाबाद हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में विशेष विवाह अधिनियम 1954 के तहत शादी से पहले 30 दिन की नोटिस के नियम को वैकल्पिक करार दिया है। कोर्ट ने कहा है कि यदि विवाह की इच्छा रखने वाले युगल चाहें तभी नोटिस का प्रकाशन किया जाएगा। यदि युगल ऐसा नहीं चाहते हैं, तो बगैर नोटिस के तुरंत उनका विवाह कराना होगा। हालांकि पीठ ने यह भी स्पष्ट किया है कि विवाह अधिकारी युगल का परिचय, उम्र, सहमति व अन्य प्रकार की समझता के बारे में पूछ सकते हैं व उसके बारे में सबूत मांग सकते हैं। जस्टिस विवेक चौधरी की एकल पीठ ने यह आदेश एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर दिया है। पीठ के समक्ष याचिका दायर करने वाले पति अभिषेक कुमार पांडेय का कहना था कि साफिया सुल्ताना ने हिन्दू धर्म अपनाकर उससे हिन्दू रीति रवाज के मुताबिक शादी की है। उसने अपना नाम बदलकर सिमरन भी कर लिया है। वह दोनों बालिग हैं। अभिषेक का कहना था कि सिमरन के पिता उनकी शादी से खुश नहीं है। अत: उन्होंने जबरन उसकी पत्नी को कैद कर रखा है। याचिका में पत्नी को आजाद कराने की मांग की गई थी। पीठ के आदेश पर सिमरन के पिता उसके साथ अदालत में (शेष पेज 9)

# बर्ड फ्लू की मार ने किया धोनी का सपना धराशायी

- रांची के फार्म में कड़कनाथ मुर्गे की फार्मिंग की बना रहे थे योजना, 2,500 चूजे मरे

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का रांची में कड़कनाथ नस्ल के मुर्गी पालन का सपना बर्ड फ्लू के चलते धराशायी हो गया। मध्य प्रदेश के झाबुआ में जिस फार्म को उन्होंने 2000 चूजे खरीदने का ऑर्डर दिया था, उस फार्म में एवियन इन्फ्लूएंजा के प्रकोप से 2500 चूजे मर गए और अगले तीन महीने से यहां से पोल्ट्री के भेजने पर रोक लगा दी गई है।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि बुधवार को झाबुआ जिले के थांडला तहसील के अंतर्गत रुदीपांडा गांव में एक पोल्ट्री फार्म में लगभग 2,500 कड़कनाथ मुर्गियों की बर्ड फ्लू या एवियन इन्फ्लूएंजा से मृत्यु हो गई। यहीं पर धोनी की फर्म ने 2,000 कड़कनाथ चूजों की



प्रतीकात्मक चित्र



आपूर्ति के लिए ऑर्डर दिया था। यह फार्म कड़कनाथ के लिए जीआई-टैग है। बीते साल अगस्त में धोनी के फार्म मैनेजर कृषि विकास केंद्र और एमपी कड़कनाथ मोबाइल ऐप के जरिए इस पोल्ट्री फार्म के संपर्क में आए थे। धोनी के फार्म मैनेजरों ने चूजों की आपूर्ति के लिए अग्रिम रकम भी जमा कर दी थी। काले पंखों और खून जैसी लाल तान वाला कड़कनाथ मुर्गा उच्च आयरन और कम कोलेस्ट्रॉल के लिए जाना जाता है। चिकन की अन्य किस्मों की तुलना में यह बहुत अधिक कीमत पर बिकता है। अधिकारियों ने कहा कि अब संक्रमित क्षेत्र से चिकन के लाने और ले जाने पर तीन महीने तक प्रतिबंध लगा दिया गया है। मध्य प्रदेश उन राज्यों में शामिल है जहां बर्ड फ्लू संक्रमण की पुश्टि हो चुकी है। सबसे अधिक प्रभावित जिलों में इंदौर, मंदसौर, आगर, नीमच, देवास, उज्जैन, खंडवा, खरगोन, गुना, शिवपुरी, राजगढ़, शाजापुर, विदिशा, भोपाल, होशंगाबाद, अशोकनगर, दतिया और बड़वानी हैं। अधिकारियों ने कहा कि अब तक 10 राज्यों में फैल चुके एवियन इन्फ्लूएंजा या बर्ड फ्लू से बार-हेडेड गीज, बत्तख, पेगियन, काले और भूरे रंग के सिर वाले गुल्ले अधिक संक्रमित हुए हैं। इसके अलावा प्रवासी पक्षियों, कौवों, मुर्गियां और यूरेशिया चौती भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले और झारखंड के चार जिलों में बर्ड फ्लू के नए मामले सामने आए हैं। राज्यों द्वारा एवियन फ्लू की स्थिति से निपटने के लिए केंद्र ने एक समिति का गठन किया है, जिसमें महानिरीक्षक, उप-महानिरीक्षक वन और वन्यजीव तथा एक परियोजना वैज्ञानिक शामिल हैं।

समिति ने स्थिति का जायजा लेने के लिए मंगलवार को सभी राज्यों के प्रमुख वन्यजीव वार्डन के साथ बैठक की। इस बैठक में समिति ने वन्यजीव वार्डन को बर्ड फ्लू से बचने के लिए केंद्र की सलाह का सख्ती से पालन करने को कहा। मंत्रालय ने बुधवार को फिर एक बयान जारी कर कहा कि राज्य यह सुनिश्चित करें कि संक्रमण पोल्ट्री में न फैले, क्योंकि इससे चिकिन फार्मिंग कर रहे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होगा, लेकिन कुछ राज्य दूसरे राज्यों से किचन और इसके उत्पादों के लाने ले जाने पर प्रतिबंध लगा रहे हैं। राज्यों से ऐसे फैसले लेने से बचने की सलाह दी गई है, क्योंकि इसका भी किसानों पर विपरीत असर पड़ेगा। मंत्रालय ने बर्ड फ्लू रोकने के कदम उठाने के लिए 17 राज्यों के साथ बैठक भी की है।

# टीकाकरण के लिए प्रशासन की तैयारी पूरी

## पहले चरण के लिए नोएडा में बनाया 75 बूथ, आज मिलेगी 25 हजार डोज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




गौतमबुद्धनगर में 16 जनवरी से कोरोना का वैक्सीनेशन शुरू हो जाएगा। इसके लिए इस गुरुवार (आज) जिला प्रशासन को 25 हजार कोविड-19 वैक्सीन की डोज मिल जाएगी। वैक्सीन के भंडारण के लिए 14 कोल्ड चेन केंद्रों की व्यवस्था की गई है। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बताया था, पहले चरण में जिले के आठ अस्पतालों में सिर्फ स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंटलाइन वॉरियर्स का टीकाकरण कराया जाएगा। इसके लिए 8 अस्पतालों में वेब बूथ बनाया गया है। पहले दिन इन आठ केंद्रों के बूथों पर 800 स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंटलाइन वारियर्स का टीकाकरण किया जाएगा।

बड़ी बात यह है कि इस टीकाकरण का लाइव प्रसारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ किया जाएगा। जिला प्रशासन ने कहा है कि अगर कोई स्वास्थ्य कर्मी वैक्सीन का डोज लेने से इंकार करता है, तो काउंसलिंग के जरिए उसकी मदद की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिनों ये जानकारी दी थी कि 16 जनवरी से पूरे देश में कोरोना वायरस का टीकाकरण शुरू कर दिया जाएगा। पहले चरण में सिर्फ स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंटलाइन वॉरियर्स का टीकाकरण किया जाएगा।

गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन ने भी टीकाकरण की तैयारी पूरी कर ली है। जिले में पहले चरण में 3 दिन में 75 बूथ पर करीब 5,713 स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंटलाइन वॉरियर्स का टीकाकरण किया जाएगा। जिन अस्पतालों को टीकाकरण के लिए चुना गया है, उनमें जिम्स राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान चाइल्ड पीजीआई, फोर्टिस हॉस्पिटल, यथार्थ हॉस्पिटल, अपोलो हॉस्पिटल नोएडा, कैलाश हॉस्पिटल नोएडा, शारदा हॉस्पिटल और जेपी हॉस्पिटल नोएडा शामिल हैं। इन सभी केंद्रों पर वेब बूथ बनाए गए हैं। वेब बूथ के जरिए वैक्सीनेशन की वीडियो कांफ्रेंसिंग की जाएगी। टीकाकरण और इससे जुड़ी शंकाओं पर सीएमओ डॉ दीपक ओहरी ने विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जिले में 16 जनवरी को 800 स्वास्थ्य कर्मचारियों का टीकाकरण किया जाएगा। सहूलियत के लिए एक पोर्टल भी बनाया गया है। इस महीने 18 जनवरी से सभी 75 बूथों पर 22,600 कर्मचारियों को टीका लगाया जाएगा। इन सभी की जानकारी कोविन ऐप पर डाल दी गई है। इनके टीकाकरण के लिए 30 अस्पतालों और सीएची-पीएचसी पर 75 केंद्र बनाए गए हैं।

जिले में कुल केंद्रों में 17 प्राइवेट और 13 सरकारी हॉस्पिटल शामिल हैं। 18 जनवरी को हर बूथ पर 100 कर्मचारियों के टीकाकरण की योजना बनाई गई है। इसके बाद 22 और 25 जनवरी को टीकाकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

दूसरे चरण में टीकाकरण के लिए बूथों की संख्या दोगुनी 150 कर दी जाएगी। जिन स्वास्थ्यकर्मियों को वैक्सीन लगाई जानी है, उनकी जानकारी कोविन ऐप पर अपडेट कर दी गई है। वैक्सीन स्टोरेज के लिए 14 कोल्डचेन बनाई गई हैं। फिलहाल जिले में 7 लाख वैक्सीन स्टोर किया जा सकता है।

### दूसरे चरण में बढ़ाई जाएगी बूथ की संख्या

दूसरे चरण में टीकाकरण की गति को रफ्तार दिया जाएगा। जिले में पहले चरण में 24,500 स्वास्थ्यकर्मियों का टीकाकरण किया जाना है। जबकि, दूसरे चरण में 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों और गंभीर बीमारी से पीड़ित हर उम्र के नागरिक का टीकाकरण होगा। इसलिए बूथ की संख्या 75 से बढ़ाकर 150 कर दी जाएगी। बूथ की संख्या बढ़ाने से ज्यादा लोगों को टीका लगाया जा सकेगा। प्रशासन ने इसके लिए सारी तैयारी पूरी कर ली है। अब सिर्फ उन्हें निर्धारित तिथियों पर मूर्त रूप देना है।

**अफवाहों पर न दें ध्यान**

कोरोना वायरस के टीकाकरण को लेकर लोगों में तमाम अफवाहें हैं। कुछ लोग वायरस के टीके को लेकर भ्रम की स्थिति में है, जबकि कुछ लोग डरे हुए हैं। ऐसे लोगों के लिए कोविन नाम से एक ऐप तैयार किया गया है। इस ऐप में वैक्सीन नहीं लगवाने वाले सभी लोगों की डिटेल्स साझा की जाएंगी। हालांकि प्रशासन ने ऐसे सभी लोगों के लिए काउंसलर की नियुक्ति की है। काउंसलर ऐसे लोगों से संवाद कर उनके डर, भय और शंकाओं को दूर करेंगे। फिर उन्हें कोरोना वायरस का टीका लगवाने के लिए राजी करेंगे।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**गाजियाबाद।** मोदीनगर तहसील क्षेत्र के गांव डिडौली में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने के कारण बिसरा जांच के लिए भेज दिया गया है।

थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि दो दिन पूर्व गांव डिड़ौली निवासी मनोज कुमार अपने दो साथियों के साथ बैठकर शराब पी रहा था। अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। अस्पताल ले जाते समय मनोज की मौत हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर तीन युवकों को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। जिस कारण बिसरा जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला में भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामला हत्या का नहीं लग रहा है।

# डीजीसीए ने नियाल को मास्टर प्लान वापस भेजा, दिए सुझाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




ग्रेटर नोएडा के जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का मास्टर प्लान नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय को भेजा था। मास्टर प्लान पर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से सुझाव मांगे गए थे। डीजीसीए ने यह मास्टर प्लान नियाल को वापस भेज दिया है और कुछ सुझाव भी दिए गए हैं।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक डीजीसीए की ओर से कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं। हालांकि, सुझाव क्या हैं, इस बारे में अधिकारियों ने जानकारी नहीं दी है। जिम्मेदार अफ्सरों का कहना है कि डीजीसीए से वापस मिला मास्टर प्लान एक बार फि र ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट को भेजा जाएगा। दरअसल, ज्यूरिख एयरपोर्ट ही जेवर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण कर रहा है। डीजीसीए के सुझाव के मुताबिक मास्टर प्लान में जरूरी संशोधन किए जाएंगे। इसके बाद मास्टर प्लान दोबारा वापस डीजीसीए को भेजा जाएगा। कुल मिलाकर इस प्रक्रिया में करीब एक महीने का वक्त लग सकता है। इसके बाद ही जेवर हवाई अड्डे का शिलान्यास होगा।

# वैशाली में इमारत की छठी मंजिल पर लगी आग

## दमकल कर्मियों ने डॉक्टर परिवार को सकुशल बचाया

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

वैशाली सेक्टर 4 स्थित लीला हाउस अपार्टमेंट की छठी मंजिल पर बने फ्लैट में बुधवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में अग्निशमन और पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे दमकलकर्तियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है।

चीफ फायर ऑफिसर सुनील कुमार ने बताया कि वैशाली सेक्टर 4 स्थित लीला हाउस अपार्टमेंट के छठी मंजिल पर बने फ्लैट में डॉ पुनीत कालरा अपनी पत्नी और बेटी के साथ रहते हैं। सुबह अचानक उनके फ्लैट कें बेडरूम में आग लग गई। बिल्डिंग से धुआं निकलता देख स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना दमकल विभाग और पुलिस को दी। सूचना के मिलने के बाद तत्काल प्रभाव से दमकल की 3 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

मौके पर पहुंचे कर्मियों ने पाया कि डॉक्टर कालरा, उनकी पत्नी और बेटी आग में फंस गए थे। जान बचाने के लिए तीनों घर की बालकनी में आ गए थे। इसके बाद दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को सकुशल फ्लैट से बाहर निकाल लिया गया। लगभग 2 घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। आग के कारणों की जांच की जा रही है।


घटना के बाद फ्लैट से निकलता धुंआ।

# निगम के सफाई नायक की मौत के बाद प्रदर्शन

## पांच लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा के बाद शांत हुआ मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

विजयनगर जोन में सफाई नायक दीपक की मंगलवार देर रात हुई आकस्मिक मौत के बाद नाराज सफाई कर्मचारियों ने नवयुग मार्किट स्थित निगम मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया और निगम अधिकारियों के खिलाफ नोट इन्टेशन टू मर्डर की धाराओं के तहत मामला दर्ज कराने पर अड़े रहे।

यही नहीं सफाई कर्मचारियों ने नगर आयुक्त से पीड़ित परिवार के लिए दस लाख मुआवजे की मांग की। बाद में नगर आयुक्त महेन्द्र सिंह तंवर प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे। इसके बाद नगर आयुक्त ने पांच लाख रुपए बतौर मुआवजा देने की घोषणा कर दी।

प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे निगम पार्षद प्रदीप चौहान ने बताया कि दीपक को डयूटी के दौरान ही हार्टअटैक आया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कडी ठंड के बीच सफाई कर्मचारियों से बारह-बारह घंटे काम लिया जा रहा है जिसके चलते सफाई कर्मचारी न केवल डिप्रेशन में आ गये हैं बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। दीपक को मरियम नगर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां देर रात उसकी मौत हो गई थी।

उधर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एमके सिंह ने बताया कि किसी भी कर्मचारी से मानक के विरूद्ध कार्य नहीं लिया जा रहा है। पूरा रिकार्ड नगर निगम के रजिस्टरों में दर्ज है। मामला शान्त कराने के बाद नगर निगम परिसर में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई।


हंगामा कर रहे सफाई कर्मचारियों से बातचीत करते हुए नगर आयुक्त महेन्द्र सिंह तंवर।

### कृषि कानूनों की प्रतियां जलाकर जताया विरोध

**गाजियाबाद।** केंद्र के तीन कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग को लेकर बुधवार को भारतिय यूनियन के कार्यकर्ता एकत्र होकर मोदीनगर तहसील पहुंचे और जमकर हंगामा किया। किसानों ने यहां कृषि कानूनों की प्रतियां जलाईं और इन्हें रद्द करने की मांग की।

भाकियू कार्यकर्ता बुधवार को एकत्र होकर तहसील पहुंचे और हंगामा करना शुरू कर दी। किसानों की मांग थी कि केन्द्र सरकार जल्द से जल्द तीनों कृषि कानूनों को रद्द करे और एमएसपी गारंटी पर नया कानून बनाए। किसानों ने कृषि कानूनों की प्रतियां जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। किसानों का कहना है कि इस बार सरकार से आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी, चाहे कुछ भी हो जाए।

# जीडीए के उद्यान निरीक्षक के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

थाना साहिबाबाद पुलिस ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उद्यान निरीक्षक के खिलाफ दुराचार का मामला दर्ज किया है। यह मामला मोदीनगर, आनंद विहार की रहने वाली एक युवती ने दर्ज कराया है।

सीओ साहिबाबाद आलोक दुबे ने बताया कि मोदीनगर के आनंद विहार की रहने वाली एक युवती ने थाना साहिबाबाद में शिकायत दी थी कि 10 जनवरी को सिटी फॉरेस्ट के एक पार्क में जीडीए के उद्यान निरीक्षक गोविंद सिंह (59) ने उसके साथ दुराचार किया। महिला का कहना था कि उसकी सहेली की बताए अनुसार वह नौकरी पाने के लिए सिटी फॉरेस्ट स्थित पार्क में जीडीए के उद्यान निरीक्षक गोविंद सिंह से मिली थी। तभी उसने पीने के लिए दिए पेय में नशीला पदार्थ मिलाकर दे दिया।

# प्राधिकरण ने चलाया अतिक्रमण मुक्त अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**● 30 करोड़ की जमीन कराई कब्जामुक्त**

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण का अतिक्रमण विरोधी दस्ता बुधवार सुबह ग्रेटर नोएडा वेस्ट के पतवाडी गांव पहुंचा। यहां 17,000 वर्ग मीटर जमीन से कब्जा खत्म किया गया है। प्राधिकरण की ओर से जानकारी दी गई है कि खाली करवाई गई जमीन की कीमत 30 करो़ड रुपये है। प्राधिकरण का कहना है कि अगर दोबारा कब्जा किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्राधिकरण की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया है। वर्क सर्किल-3 के पतवाडी गांव में प्राधिकरण की अधिग्रहित भूमि पर भू.माफ्यिाओं ने कब्जा करके बाउंड्री बना ली थी। इस अवैध अतिक्रमण की जानकारी मिलने के बाद प्राधिकरण ने यह कार्रवाई की है। इस जमीन पर प्राधिकरण के संस्थागत और आवासीय भूखंड नियोजित हैं। अतिक्रमण की वजह से नियोजित भूखंडों का विकास नहीं हो पा रहा था और आवंटियों को कब्जा नहीं मिल रहा था।

प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने मंगलवार को यह अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। बुधवार सुबह प्राधिकरण के एसडीएम शरद पाल, इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के डीजीएम केआर वर्मा, वर्क सर्किल-3 के वरिष्ठ प्रबंधक एनके जैन, अजय राय और इंस्पेक्टर अजय कुमार के साथ मौके पर पहुंचे। कार्यवाही के दौरान भारी फोर्स मौजूद रहा।

**बिक्री सूचना**

निम्नलिखित आस्तियां अधोवर्णित मामलों में न्यायालय के आदेशों के अनुसार बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसा है जहां है आधार" तथा "जैसा है जो है आधार" पर नीलामी के माध्यम से बेची जाएगी।

| वाद विवरण | आस्ति विवरण | सुरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि (सुरक्षित मूल्य की 10%) |
|---|---|---|---|
| आईसीआईसीआई बैंक बनाम सुनील कुमार सीएम (एम) 228/2020 | वाहन नंबर – डीएल3सीसी2916, मेक तथा माडल – स्विफ्ट वीडीआई, वर्ष – 2014 | 1,80,000/– | 18,000/– |
| आईसीआईसीआई बैंक बनाम विकाश 225/2020 | वाहन नंबर – एचआर38वी6041, मेक तथा माडल – हुंडई एसेन्ट बेस सीआरडीआई, वर्ष – 2015 | 64,000/– | 6,400/– |
| आईसीआईसीआई बैंक बनाम अंकित भडाना सीएम (एम) 231/2020 | वाहन नंबर – एचआर38वी7561, मेक तथा माडल – एसेन्ट, वर्ष – 2015 | 80,000/– | 8,000/– |
| आईसीआईसीआई बैंक बनाम कुलविन्दर सिंह एफएओ 213/2015 | वाहन नंबर – अनरजिस्टर, मेक तथा माडल – एर्टिगा, वर्ष – 2012 | 1,40,000/– | 14,000/– |
| आईसीआईसीआई बैंक बनाम जितेन्द्र चतुर्वेदी सीएम (एम) 22/2020 | वाहन नंबर – यूपी14एफटी7814, मेक तथा माडल – एसएआईएल यूवीए एलटी, वर्ष – 2016 | 64,000/– | 6,400/– |
| आईसीआईसीआई बैंक बनाम अमित कुरील 06/18 | वाहन नंबर – एचआर51एएल7799, मेक तथा माडल – फेबिया ऐक्टिव 1.2 एमपीआई, वर्ष – 2010 | 35,000/– | 3,500/– |

नीलामी की तिथि एवं समय : 29 जनवरी, 2021, पूर्व. 11 बजे–अप. 2 बजे तक
स्थान : गोदरा यार्ड, खेवट नंबर 166/1, निकट अतुल कटारिया चौक, ज्ञान देवी स्कूल के पीछे, सेक्टर–17, सुखराली, गुरूग्राम–122022
सम्पर्क व्यक्ति :– राजीव रंजन (8584874809)/जितेन्द्र कुमार (7304914763)
ईएमडी : ईएमडी राशि का डीडी/पीओ आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के पक्ष में दिल्ली में देय बनाया जाना है।
सम्पर्क व्यक्ति :– राजीव रंजन (8584874809)/जितेन्द्र कुमार (7304914763)

बिक्री की शर्तें

उक्त आस्ति का यहां ऊपर विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार वर्णित किया गया है, जो तथापि, उक्त विवरण में किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। अतएव इच्छुक प्रतिभागी/प्रतिभागियों से उनके अपने हित में अनुरोध है कि वे बोली देने से पहले उक्त आस्ति और उससे संबंधित अन्य विवरण के बारे में अपनी संतुष्टि कर लें। सभी बोलीदाताओं को नीलामी में भाग लेने के लिए ईएमडी राशि के मूल डीडी/पीओ के साथ मूल केवाईसी प्रमाणों के साथ साइट पर आना होगा।

सफल अनुमोदित बोलीदाता को बिक्री राशि (ईएमडी राशि छोड़कर) पे ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट/ आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से नीलामी की तिथि से 5 दिन के भीतर जमा करनी होगी। यदि आप शेष बिक्री राशि 5 दिन के भीतर जमा करने में असफल रहते हैं तो आपकी ईएमडी राशि जब्त कर ली जाएगी।

इच्छुक बोलीदाता उक्त दृष्टिबंधित वाहन के विस्तृत विवरण तथा निरीक्षण के लिए आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, एसडी टावर, कम्युनिटी सेंटर, प्लॉट नंबर–7, रोहिणी, सेक्टर–8, नई दिल्ली–110085 पधार सकते हैं।

# विधायक संगीत सोम के तेवर बरकरार पाकिस्तान वाले बयान पर कायम

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



कोविड वैक्सिनेशन को लेकर उत्तर प्रदेश की राजनीति गरमाती जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के वैक्सीन लगवाने से इनकार करने के बाद से वो भाजपा के निशाने पर आ गए हैं।

भाजपा विधायक और अपने तेवरों के लिए मशहूर संगीत सोम ने कोविड वैक्सीन का विरोध करने वालों को पाकिस्तान जाने की सलाह देकर विवाद खड़ा कर दिया है।

एक कार्यक्रम में संगीत सोम ने बुधवार को गाजियाबाद में कहा कि वो अपने बयान पर कायम हैं। भाजपा विधायक संगीत सोम ने कहा कि जो लोग कोविड वैक्सीन पर भरोसा नहीं कर रहे हैं इसका मतलब साफ है कि वो देश के प्रधानमंत्री, साइंटिस्ट, आर्मी, पुलिस इन सभी पर भी भरोसा नहीं करते हैं। उन सभी लोगों को वापस अपने देश पाकिस्तान चले जाना चाहिए।

### एसआईटी ने फिर खंगाली पालिका परिषद कार्यालय की फाइलें

**गाजियाबाद।** तहसील क्षेत्र के मुरादनगर स्थित शमशान घाट हादसे की जांच कर रही एसआईटी टीम ने बुधवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय में डेरा डाले रखा। टीम तीन घंटे से अधिक समय तक यहां रही और हादसे की संबंधित फाइलों को खंगालती रही। इसके बाद जरुरी फाइल लेकर टीम लखनऊ के लिए रवाना हो गई है।

आशंका जताई जा रही है जल्द ही एसआईटी कई और लोगों को गिरफ्तार कर सकती है। बंबा मार्ग स्थित श्मशान घाट परिसर में छत गिर गई थी। जिस कारण हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक घायल हो गए थे। घायलों में कई की हालात अभी भी गंभीर बनी हुई है। मुख्यमंत्री ने इस हादसे की जांच एसआईटी को सौंपी है। छह दिन से एसआईटी इस मामले की जांच कर रही है।

# ग्रेनो के ठेकेदार हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा

## दसवीं कक्षा के दो छात्रों ने कार लूटने के लिए दिया वारदात को अंजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेनो के अटाई गांव के रहने वाले ठेकेदार हेमचंद उर्फ हेमी की हत्या में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा। मामले में मंगलवार को नया मोड़ आ गया है। ठेकेदार की हत्या दसवीं के दो छात्रों ने कार लूट के मकसद से की थी। छात्रों के पास से ठेकेदार की लूटी हुई कार, एक मोबाइल और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। हालांकि, परिजन पुलिस के खुलासे से संतुष्ट नहीं है। इस मामले में मृतक के पार्टनर पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

ग्रेटर नोएडा के थाना ईकोटेक वन क्षेत्र के अटाई गांव के रहने वाले एक ठेकेदार हेमचंद उर्फ हेमी का 6 जनवरी को मुरशदपुर गांव के समीप सड़क किनारे शव पड़ा मिला था। ठेकेदार के सिर में गोली लगी थी। परिजनों ने इस मामले में ठेकेदार के पार्टनर धर्मी पर हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस ने धर्मी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, लेकिन घटना का खुलासा नहीं हुआ। पुलिस ठेकेदार का मोबाइल बरामद नहीं कर सकी। जिसके चलते पुलिस ने घटना की तहकीकात शुरू की। अब हत्याकांड में नया मोड़ आ गया है। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने बताया ठेकेदार की हत्या दसवीं के 2 छात्रों ने की थी। यह दोनों मौसेरे भाई हैं और लोनी के शकलपुरा गांव के रहने वाले हैं।



### पहले दोस्त को कत्ल करने की बनाई थी योजना

एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने बताया कि पुलिस पूछताछ में दोनों नाबालिग आरोपियों ने बड़ा खुलासा किया है। दोनों ने पुलिस को बताया कि घटना के दिन उन्होंने अपने एक दोस्त प्रवीण को फोन कर बुलाया था। दोनों का मकसद दोस्त से उसकी कार लूटना था। दोनों आरोपियों के बुलावे पर जब प्रवीण वहां नहीं पहुंचा तो वह बाइक पर कार लूटने की फिराक में इधर-उधर घूमने लगे। इसी बीच दोनों आरोपियों ने मुरशदपुर गांव के समीप ठेकेदार हेमचंद को कार में बैठे देखा। इसी बीच दोनों ठेकेदार के पास पहुंचे और रास्ता पूछने के बहाने गाड़ी का शीशा नीचे करवाया। उसके बाद सिर में गोली मार दी।

## संक्षिप्त समाचार


सम्मान पत्र प्राप्त करते अभिषेक सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह।

### उत्तर प्रदेश के इंजीनियर का यूएसए में सम्मान

**गाजियाबाद।** सॉफ्टवेयर इंजीनियर अभिषेक सिंह को प्रवासी भारतीय दिवस 2021 पर यूएसए के बोस्टन शहर में सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान भारतीय और अमेरिकन नागरिकों के बीच सामाजिक सौहार्द और भाईचारे के लिए दिया गया। अभिषेक सिहं ने अपनी पत्नी ज्योति सिंह के साथ यह प्रतिष्ठित अवार्ड प्राप्त किया। अभिषेक सिंह व ज्योति सिंह गाजियाबाद के वरिष्ठ पत्रकार एसपी चौहान के परिजन हैं। अभिषेक को लीडर शिप एंड कम्युनिटी सर्विस अवार्ड न्यूयॉर्क में तैनात आईएफएस सीजीआई रणबीर जायसवाल ने आयोजित एक भव्य समारोह में दिया। इस अवसर जायसवाल ने अभिषेक सिंह की सामाजिक सौहार्द के लिए तारीफ की। न्यूयॉर्क स्थित भारत के वाणिज्य दूतावास परिसर में हुए इस समारोह में इंडो अमेरिकन सोसायटी के प्रतिष्ठित लोगों ने भाग लिया।


रेहड़ी-पटरी वालों को डिजिटल प्रक्रिया से लेनदेन की जानकारी देते नगर पालिका केक अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य।

### डिजिटल लेनदेन के प्रति किया जागरूक

**बागपत।** नगर पालिका कार्यालय में बुधवार को 'डिजिटल पेमेंट जागरूकता' अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर के रेहड़ी-पटरी वालों को डिजिटल लेनदेन के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अग्रणी नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने रेहड़ी-पटरी वालों को लघु लोन के बारे में जानकारी दी। इसके बाद डिजिटल पेमेंट से संबंधित एप उनके मोबाइल में डाउनलोड कराकर चलाना सिखाया। इस मौके पर नगर पालिका लिपिक महेश कुमार, अंकित चौधरी, दिनेश, राजबहादुर, इरसाद, मुस्तफा सहित कई दर्जन से ज्यादा रेहड़ी-पटरी वाले मौजूद रहे।

### पुलिस के हत्थे चढ़े तीन शातिर चोर

**गाजियाबाद।** थाना साहिबाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मोहन नगर चौराहे पर चलाए गए अभियान के दौरान तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। चौकी इंचार्ज मोहन नगर रामसेवक ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग चोरी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में क्षेत्र में घूम रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर तीन आरोपियों को मोहन नगर चौराहे से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर एलईडी टीवी और एक बैटरी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विशाल, विजय और नोनू निवासी राजीव कॉलोनी के रूप में हुई है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पूर्व में भी कई चोरी की घटनाओं में शामिल रहे हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# दिल्ली वालों को मुफ्त में लगेगी कोरोना वैक्सीन

## मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा, केंद्र ने अगर हाथ पीछे खीचे तो उनकी सरकार नि:शुल्क उपलब्ध कराएंगी






**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को मुफ्त कोविड-19 वैक्सीन मुहैया कराने का ऐलान किया है। उन्होंने एक बार फिर से केंद्र सरकार से देश भर में लोगों को कोरोना की वैक्सीन मुफ्त उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

दिल्ली का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा कि अगर केंद्र सरकार यहां के लोगों को मुफ्त वैक्सीन नहीं देती है तो आम आदमी पार्टी की सरकार अपने खर्चे पर दिल्ली के लोगों को नि:शुल्क वैक्सीन लगवाएगी।

कोरोना वैक्सीन को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्हें खुशी है कि 16 जनवरी से दिल्ली में वैक्सीन लगनी शुरू हो जाएगी। सबसे पहले कोरोना योद्धा, जो स्वास्थ्यकर्मी हैं, उनको वैक्सीन दी जाएगी। उसके बाद फ्रंटलाइन वर्कर्स को वैक्सीन दी जाएगी। उम्मीद करते है कि पिछला एक साल जो बहुत ही तकलीफ में गुजरा है, वैक्सीन के आने से लोगों को राहत मिलेगी और कोरोना से सब लोगों को छुटकारा मिलेगा। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की थी कि देश बहुत गरीब है।

इस तरह की महामारी 100 साल में पहली बार आई है। इससे पहले 1918 में इस तरह की महामारी आई थी और अब 100 साल के बाद इस तरह की महामारी आई है।

केजरीवाल ने कहा कि वह पहले ही केंद्र सरकार से अपील कर चुके हैं कि देश में निशुल्क टीकाकरण अभियान सुनिश्चित किया जाए क्योंकि ऐसे बहुत लोग हैं जो टीका खरीद नहीं सकते हैं। इस पर केंद्र सरकार के जवाब का इंतजार है।

केंद्र सरकार अगर वैक्सीन नि:शुल्क उपलब्ध नहीं कराती है और अगर दिल्ली के लोगों के लिए जरूरत पड़ती है, तो वह कम से कम दिल्ली के लोगों को मुफ्त में वैक्सीन उपलब्ध करवाएंगे। दिल्ली सरकार इसे लिए पूरी तरह तैयार है।

### टीके को लेकर कोई भ्रम न फैलाएं

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोगों से कोरोना वैक्सीन को लेकर कोई भ्रम नहीं फैलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने और देश के ने सभी प्रोटोकॉल्स और सुरक्षा से संबंधित सभी बचाव का अनुसरण किया है। उन सभी सेफगार्ड्स का अनुसरण करके यह दवाई लाई गई है। इसलिए किसी के मन में किसी तरह की कोई भी शंका नहीं होनी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह टीका लोगों को वायरस और दर्द से राहत देगा जो वह बीते एक साल से झेल रहे हैं। दिल्ली के 89 केंद्रों में टीकाकरण अभियान शनिवार से शुरू होगा।

# आधा पका चिकन और अंडा खाने से बचे: दिल्ली सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- बर्ड फ्लू के बचाव को स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

स्वास्थ्य विभाग ने शहर में बर्ड लू के मामलों के मद्देनजर बुधवार को एक परामर्श जारी किया जिसमें लोगों से नहीं घबराने और आधा पका चिकन, आधा उबला या आधा तला हुआ अंडा नहीं खाने समेत दिशा-निर्देशों के पालन की अपील की गई है। पिछले एक सप्ताह में संजय झील में कई बत्तख और शहर के विभिन्न पार्कों में बड़ी सं या में कौवे मृत पाए गए हैं।

राजस्व विभाग ने शहर की सीमाओं पर स्वयंसेवकों की टीमों को तैनात किया है ताकि अवैध रूप से बाहर से लाए रहे पशुओं व डिब्बाबंद और परिसंस्कृत चिकन पर रोक लगाई जा सके। दिल्ली के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) द्वारा बुधवार को जारी परामर्श में कहा गया है, एच 5 एन8 पक्षियों के लिए अत्यधिक संक्रामक होता है, लेकिन मनुष्यों में इसके प्रभाव के साथ-साथ एवियन इन्लूएंजा (एएच5एन8) वायरस के संक्रमण की आशंका कम होती है। स्वास्थ्य विभाग ने परामर्श जारी करते हुए लोगों से एहतियात बरतने और नहीं घबराने की अपील की। उसमें कहा गया, बीमार दिखने वाले व संक्रमित चिकन के संपर्क में आने से बचें। पक्षी के मल के सीधे संपर्क से बचें।

पक्षियों को खिलाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कटोरे और उनके पिंजरों को साबुन या डिटर्जेंट से अच्छी तरह से धोएं। डीजीएचएस के अधिकारियों ने कहा कि चिकन की दुकानों से निकलने वाले सभी कचरे का निपटान सही तरीके से किया जाना चाहिए। परामर्श में लोगों को सावधान किया गया कि वे सीधे हाथों से मृत पक्षियों को न छूएं।

# यमुना में बढ़ते अमोनिया पर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा डीजेबी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- हरियाणा सरकार को नोटिस जारी मांगा जवाब

यमुना में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष राघव चड्ढा ने कहा कि हरियाणा की ओर से दिल्ली में आने वाले यमुना नदी के पानी में अमोनिया का स्तर काफी बढ़ गया है। इसको लेकर जल बोर्ड ने शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल की है।

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की अदालत ने हरियाणा सरकार को नोटिस जारी कर इस संबंध में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 19 जनवरी को होगी। राघव चड्ढा ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से देख रहे हैं कि हरियाणा की ओर से यमुना नदी में जो पानी दिल्ली आता है, उसमें प्रदूषण की मात्रा बहुत ज्यादा है। पानी में अमोनिया का स्तर बहुत ज्यादा बढ़ गया है।

जिसके चलते पानी की आपूर्ति करने में थोड़ी समस्या आ रही है। दिल्ली जल बोर्ड के दो मुख्य वाटर ट्रीटमेंट प्लांट वजीराबाद और चंद्रावल में पानी का उत्पादन होता है। इन दोनों संयंत्र में पानी की उत्पादन क्षमता घट गई है। जहां पहले दोनों वाटर ट्रीटमेंट प्लांट 100 प्रतिशत क्षमता के साथ पानी का उत्पादन कर रहे थे। वहीं आज दोनों प्लांट अपनी 50 प्रतिशत क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। चड्ढा ने कहा कि दिल्ली लैंडलॉक्ड शहर है।

दिल्ली पानी के मामले में अन्य राज्यों से आ रही जल निकायों और नदियों पर निर्भर होता है। हरियाणा की ओर से यमुना नदी का जो पानी आता है, उसमें प्रदूषण बहुत मिल रहा है। पानी में प्रदूषण का स्तर बहुत ज्यादा है। जिसको तकनीकी भाषा में अमोनिया कहते हैं। प्रदूषण को अगर मापें तो इसका इंडेक्स पीपीएम होता है। पानी का पीपीएम औसतन 0.5 से लेकर 0.75 तक होता है। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट उस पानी को आराम से साफ करके पीने लायक मीठे पानी का उत्पादन करते हैं।

इससे उत्पादन क्षमता में लगातार समस्या आ रही हैं। इस समस्या को लेकर उन्होंने हरियाणा सरकार का दरवाजा खटखटाया। पड़ोसी राज्य क सरकार के अधिकारियों, इंजीनियरों से कई बार अनुरोध भी किया कि इस स्थिति का संज्ञान लें।

# कोरोना योद्धा डॉ. हितेश गुप्ता के परिवार को दिए एक करोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण मारे गए डॉक्टर हितेश गुप्ता के शोकाकुल परिवार से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुलाकात की।

डॉ. गुप्ता के आईपी एक्सटेंशन घर पर उन्होंने परिवार को दिल्ली सरकार की तरफ से सहायता राशि के तौर पर एक करोड़ रुपए का चेक सौंपा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डॉ. हितेश के निधन का उन्हें बहुत दुख है। वह उनके परिवार के साथ हैं और उनकी पत्नी को दिल्ली सरकार में नौकरी भी देंगे। कोरोना योद्धा डॉ. हितेश गुप्ता के परिवार को सहायता राशि का चेक सौंपने के बाद सीएम केजरीवाल ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि डॉ. गुप्ता दिल्ली सरकार में एक डॉक्टर के तौर पर काम कर रहे थे और कोरोना काल के दौरान कोरोना मरीजों की सेवा कर रहे थे।

कोरोना के मरीजों के लिए काम करते हुए उन्हें भी संक्रमण हो गया और इलाज के दौरान अस्पताल में उनका निधन हो गया। उन्हें बहुत दुख और अफसोद्य हैं कि जितने भी कोरोना योद्धा हैं, उन लोगों को हौसला देने के लिए और एक करोड़ की योजना का ऐलान किया है।



डॉक्टर हितेश गुप्ता के परिजनों को चेक सौंपते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।

# महापौर ने पोंगल में लिया हिस्सा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली नगर निगम के महापौर जय प्रकाश लीगल राइट्स काउंसिल द्वारा आयोजित पोंगल त्योहार में हिस्सा लिया। इस अवसर पर केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी समेत अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।



इस मौके पर जय प्रकाश ने कहा कि पोंगल तमिल हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह प्रति वर्ष 14-15 जनवरी को मनाया जाता है। इसकी तुलना नवान्न से की जा सकती है जो फसल की कटाई का उत्सव होता है। पारम्परिक रूप से ये सम्पन्नता को समर्पित त्यौहार है जिसमें समृद्धि लाने के लिए वर्षा, धूप तथा खेतिहर मवेशियों की आराधना की जाती है।

इस पर्व का इतिहास कम से कम 1000 साल पुराना है तथा इसे तमिलनाडु के अलावा देश के अन्य भागों में रहने वाले तमिलों द्वारा उत्साह से मनाया जाता है।

# दिल्ली-एनसीआर में और लुढ़क सकता है पारा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि बर्फ से ढके पश्चिमी हिमालय से हवाओं के मैदानी इलाकों की ओर आने कारण दिल्ली में बुधवार को शीत लहर का कहर जारी रहेगा। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आईएमडी के अनुसार, शहर के कुछ इलाकों में घना कोहरा छाने से दृश्यता 50 मीटर ही रह गई। आईएमडी के क्षेत्रीय पूर्वानुमान केन्द्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि सफदरजंग वेधशाला ने शीत लहर की जानकारी दी। उसने न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। आईएमडी मैदानी इलाकों में तापमान के चार डिग्री सेल्सियस पर पहुंचने पर ही शीत लहर की घोषणा कर देता है। न्यूनतम तामपान के दो डिग्री सेल्सियस या उससे कम दर्ज किए जाने पर तीव्र शीत लहर की घोषणा की जाती है। पश्चिमी हिमालय से मैदानी इलाकों में आ रही ठंडी एवं शुष्क उत्तरी पश्चिमी हवाओं के कारण उत्तर भारत में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और दिल्ली एनसीआर में पार और गिर सकता है।

# हाईवे पर प्लाट दिलाने का झांसा देकर ठगी, बिल्डर गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अजमेर-जयपुर रोड पर जमीन के प्लॉट बेचने के नाम पर 38 लाख की धोखाधड़ी करने के आरोप में कम्पनी के मुख्य प्रबंध निदेशक को जयपुर से गिरफ्तार किया गया है।

दिल्ली पुलिस ने बुधवार को बताया कि अनिल कुमार शर्मा (40) ने 20 साल पहले एक निर्माण कम्पनी की स्थापना की थी और पश्चिम दिल्ली के जनकपुरी में उसका कार्यालय था। लोगों से पैसे ठगने के लिए वह नई-नई परियोजनाएं शुरू करता था। कई शिकायतें मिलने के बाद दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने 2018 में शर्मा के खिलाफ जांच शुरू की थी।

पुलिस ने बताया कि लोगों ने आरोप लगाया था कि उन्होंने बिल्डर से 2012 से 2014 के बीच एनएच-8, अजमेर-जयपुर रोड पर आशियाना एनक्लेव में प्लॉट खरीदे थे। कई ने यह भी आरोप लगाया कि पूरे पैसों का भुगतान करने के बाद भी उन्हें अब तक कब्जा नहीं मिला। पता चला कि शर्मा ने जयपुर में एनएच-8, अजमेर रोड, आशियाना एनक्लेव नाम से एक आवास परियोजना शुरू की और झूठे वादों के साथ उसका प्रचार किया।



आरोपी अनिल कुमार

पुलिस के अनुसार शर्मा ने 17 लोगों से 38 लाख रुपए ठगे। प्रारंभिक जांच के बाद, शर्मा के खिलाफ 2018 में एक मामला दर्ज किया गया था और जांच के दौरान, बैंक विवरणों को सत्यापित किया गया और संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की गई।

संयुक्त पुलिस आयुक्त ओ. पी. मिश्रा ने कहा, सरकारी भूमि प्राधिकरण की जांच में पता चला है कि परियोजना आशियाना एनक्लेव के नाम पर कोई मंजूरी उसने नहीं दी है।

# जीवन-यापन का सहारा भी बना किसान आंदोलन




- आई लव किसान और एकता जिंदाबाद के बैज और स्टिकर की बढ़ रही है मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कोरोना वायरस महामारी के पहले राकेश अरोड़ा इंडिया गेट पर सामान बेचते थे, लेकिन लॉकडाउन के बाद सब बंद हो गया और गुजारा मुश्किल हो गया। अब सिंघू बॉर्डर पर किसानों के आंदोलन के कारण उन्हें रोजी रोटी चलाने का सहारा मिला है और वह बैज तथा स्टिकर बेचते हैं।

पिछले छह हफ्ते से ज्यादा समय से किसान दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे हैं और इस दौरान आसपास के कुछ विक्रेता भी यहां सामान बेचने पहुंच गए हैं।

आई लव खेती , आई लव किसान और किसान एकता जिंदाबाद के बैज और स्टिकर बेचने वाले कई विक्रेता प्रदर्शन स्थल पर आ रहे हैं। लगभग सारे प्रदर्शनकारी बैज लगाते हैं जबकि ट्रैक्टरों और ट्रॉलियों में स्टिकर लगाए जाते हैं। राकेश अरोड़ा और उनके भतीजे अंबाला से 25,00 रुपए का सामान लेकर यहां पहुंचे और अब तक 700 रुपए के बैज, पोस्टर बेच चुके हैं। अरोड़ा ने कहा, मैं इंडिया गेट पर सामान बेचता था। लेकिन लॉकडाउन के बाद धंधा चल नहीं पाया। इसलिए हमने प्रदर्शन स्थल के पास दुकान चलाने का फैसला किया।

दिल्ली के ओखला के इलेक्ट्रिशियन अमन भी काम नहीं रहने के कारण यहां पर बैज और स्टिकर बेचने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आमदनी तो बहुत नहीं होती है लेकिन काम चल जाता है। हर दिन 15-20 लोग बैज-स्टिकर खरीदते हैं। उत्तरप्रदेश के लोनी के रहने वाले मोईन (17) और नदीम (11) भी इसी तरह का काम कर रहे हैं। एक सप्ताह पहले सिंघू पर दुकान शुरू करने वाले मोईन ने कहा, हम हर दिन 500 बैज-स्टिकर लाते हैं।

इनमें से 300 तक की बिक्री हो जाती है। पिछले पांच साल से सिंघू बॉर्डर पर बिजली के उपकरणों की दुकान चलाने वाले चंदन कुमार भी अपने दुकान में किसान नहीं तो अन्न नहीं के नारे वाले स्टिकर और बैज की बिक्री कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, बिजली का काम चल नहीं रहा। मुझे लगा कि किसान आंदोलन के दौरान स्टिकर लेना चाहेंगे। इसलिए मैंने कश्मीरी गेट मार्केट इसे मंगवाना शुरू किया। पिछले एक महीने से भी ज्यादा समय से दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर हजारों किसान तीन कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।



## दंगल में खूब हो रहा लोगों का मनोरंजन

**नई दिल्ली।** कृषि कानूनों के विरोध में दिल्ली की सीमाओं पर डटे किसानों को दंगल खूब लुभा रहा है। रविवार को गाजीपुर बॉर्डर पर कुश्ती का आयोजन किया गया था। इस तरह टीकरी बॉर्डर पर भी दंगल हुआ। यहां पहलवानों ने एक दूसरे को खूब दमखम दिखाया। दंगल में बड़े पहलवानों को 5 मिनट का समय और छोटे पहलवानों को 3 मिनट का समय दिया दिया जाता है। यहां मौजूद किसान दंगल के आयोजन का खूब मजा ले रहे है। हार जीत का फैसला होने के बाद विजेता को सम्मानित भी किया जाता है। वहीं हर वजन के पहलवानों को कुश्ती आयोजित की गई है।

# कांग्रेस की अक्षरधाम मॉल में शराब का ठेका बंद करने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस ने मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और अक्षरधाम मंदिर प्रबंधन समिति को पत्र लिखकर अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन मॉल में आवंटित शराब के ठेका बंद करने का अनुरोध किया है।

उन्होंने कहा कि अक्षरधाम मंदिर के मुख्य दरवाजे के सामने खोले गए ठेके से न केवल मंदिर की पवित्रता धूमिल होगी बल्कि महिलाओं में असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है क्योंकि हजारों महिलाएं रोजाना अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन का इस्तेमाल आने जाने के लिए करती हैं।अनिल कुमार ने कहा कि स्वामी नारायण में धार्मिक आस्था और विश्वास के लिए अक्षरधाम मंदिर की अन्तरराष्ट्रीय पहचान है जहां पूरे देश और विदेशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते है।

उन्होंने कहा कि अक्षरधाम मॉल मे शराब का ठेका खुलने से लोगों की धार्मिक भावनाओं और विश्वास को ठेस पहुँची है और शराब के ठेके को खोलने से पूर्व अक्षरधाम मंदिर प्रबंधन समिति से भी सहमित नहीं ली गई थी। जबकि शराब का ठेका मंदिर से बहुत कम दूरी पर है।

## संदीप अग्रवाल टीईपीसी के चेयरमैन निर्वाचित

**नई दिल्ली।** संदीप अग्रवाल को टेलीकॉम इक्विपमेंट एंड सर्विसेज एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (टीईपीसी) का नया चेयरमैन चुना गया है। केंद्र सरकार की ओर से गठित इस निकाय का मकसद टेलीकॉम उपकरण और सेवाओं का विस्तार और विकास करना है। अग्रवाल पैरामाउंट कम्युनिकेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं। पैरामाउंट केबल निर्माण क्षेत्र की जानीमानी कंपनी है। संदीप पूर्व दूरसंचार सचिव श्यामल घोष से चेयरमैन का पदभार ग्रहण करेंगे।

मंगलवार को हुए चुनाव में उन्हें टीईपीसी का नया चेयरमैन चुना गया है। संदीप अग्रवाल पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स के टेलीकॉम कमेटी के चीफ मेंटोर भी है। वह टीमा और सीएमएआई नेशनल टेलीकॉम डेवलपमेंट एडवाइजरी ग्रुप के भी चेयरमैन है।

## न्यू अशोक विहार में फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर इलाके में 24 वर्षीय युवक ने बुधवार को घर पर फंदा लगाकर कथित रूप से खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान गणेश नायक के तौर पर की गई है। वह मूलत: ओडिशा का रहने वाला था और दिल्ली में निजी शिक्षक के तौर पर काम करता था।

उन्होंने बताया कि मौके से सुसाइड नोट मिला है, लेकिन उसने अपनी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) दीपक यादव ने बताया कि वह किराए पर रह रहा था। उसका कमरा अंदर से बंद था। पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से दरवाज़ा तोड़कर अंदर घुसी तो उसे छत के पंखे से बांधे गए फंदे पर लटका पाया। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच सभी कोणों से की जा रही है।

# पूर्वी दिल्ली में दुकानदार की हत्या के मामले में दो किशोर पकड़े गए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद इलाके में एक दुकानदार की हत्या के आरोप में दो किशोरों को पकड़ा गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि दुकानदार उनको तंग करता था जिसका बदला लेने के लिए दोनों ने कथित रूप से उसकी हत्या कर दी।

उन्होंने बताया कि शनिवार रात को जाफराबाद के चौहान बांगर की एक गली में दोनों किशोरों ने 26 वर्षीय अफजाल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) वेद प्रकाश सूर्य ने बताया कि इस बाबत एक मामला दर्ज किया गया था और आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम गठित की गई थी। उन्होंने बताया कि छानबीन के दौरान स्थानीय लोगों और मृतक के रिश्तेदारों से पूछताछ की गई तथा सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। सूर्य ने बताया, जांच में पता चला कि करीब छह महीने पहले अफज़ाल का दोनों किशोरो से झगड़ा हुआ था और उस समय दोनों परिवारों ने सौहादपूर्ण ढंग से मामला निपटा लिया था।

उसके बाद से अफजाल और दोनों किशोरों के बीच बहस की कई घटनाएं हुईं। इसलिए दोनों किशोरों ने एक साथी के साथ मिलकर अफजाल की हत्या की योजना बनाई। उन्होंने अफजाल को उसकी दुकान के पास गोली मार दी। दोनों को जाफराबाद मेट्रो स्टेशन से पकड़ा गया है। डीसीपी के मुताबिक, दोनों ने पुलिस को बताया कि जब भी अफज़ाल उन्हें इलाके में देखता था तो वह उन्हें तंग करता था। इसलिए उन्होंने अफजाल से पीछा छुड़ाने की साजिश रची।

नौएडा
**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर, (उ0प्र0)
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.com

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबंधी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाइट **www.noidaauthorityonline.com** एवं वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

1. 67/व0प्र0जल-।।/ई0टी0/20-21, ग्राम विकास एवं अनुरक्षण (ग्राम बसई में बिल्लू के घर के पीछे पी.वी.सी. पानी की लाईन बिछाने का कार्य), नौएडा। लागत- ₹ 3.35 लाख
2. 69/व0प्र0जल-।।/ई0टी0/20-21, जलापूर्ति अनुरक्षण (अपर जलाशय-31, भूमिगत जलाशय-31, केन्द्रीय भूमिगत जलाशय एवं भूमिगत जलाशय-निठारी की द्वि-वर्षिक आधार पर सफाई कराये जाने का कार्य), नौएडा। लागत- ₹ 26.26 लाख

उपरोक्त निविदाओं को दिनांक **28.01.2021 को 5:00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक **29.01.2021 को 11:00 बजे** खोली जाएगी।

(योगेन्द्र कुमार)
वरिष्ठ प्रबंधक (जल)-।।
नौएडा

कार्यालय : सैक्टर 37

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

वैक्सीन लगवाना इच्छा पर निर्भर, नहीं होगा कोई दबाव, पहले चरण में

# 40 हजार स्वास्थ्य कर्मियों को कवर करने का लक्ष्य

## स्वास्थ्य कर्मियों को कोविड वैक्सीन लगाने की गुरुग्राम में तैयारियां पूरी

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**कोरोना** की वैक्सीन लगवाना कोई जरूरी नहीं है। यह आपकी इच्छा पर निर्भर है। आप चाहें तो लगवा सकते हैं। किसी पर कोई दबाव नहीं है। गुरुग्राम जिले में प्रथम चरण में स्वास्थ्य कर्मियों को कोविड वैक्सीन लगाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके लिए आवश्यक वॉलंटियर भी तैयार कर लिए गए हैं। प्रथम चरण में जिला में लगभग 40 हजार स्वास्थ्य कर्मियों को यह वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है।



गुरुग्राम स्थित लघु सचिवालय में पत्रकारों से बात करते नवनियुक्त डीसी यश गर्ग। साथ में सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव और पशुपालन विभाग की उपनिदेशक डॉ. पुनिता।

यह जानकारी गुरुग्राम के नवनियुक्त उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने लघु सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव, उप-सिविल सर्जन डॉ. अनुज गर्ग और पशुपालन विभाग की उपनिदेशक डॉ. पुनिता भी उनके साथ उपस्थित थीं। कोविड वैक्सीनेशन को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए उपायुक्त डॉ. गर्ग ने बताया कि वैक्सीनेशन को लेकर पोर्टल पर डाटा फीड किया हुआ है। उन्होंने बताया कि हरियाणा के लिए प्राप्त होने वाली कोविड वैक्सीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल चंडीगढ़ में प्राप्त करेंगे। इसके बाद ही पता चल पाएगा कि भारत सरकार ने हरियाणा को कितनी वैक्सीन दी हैं और उनमें से गुरुग्राम को कितनी मिलेंगी। डॉ. गर्ग ने आशा जताई कि गुरुवार तक गुरुग्राम में वैक्सीन आ जाएगी।

### मैं सबसे पहले खुद वैक्सीन लगवाने को तैयार : सीएमओ

**वैक्सीन** को लेकर आम जनता में भ्रांतियों के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव ने कहा कि जनता की भ्रांतियां दूर करने के लिए सबसे पहले वे स्वयं वैक्सीन लगवाने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि विश्व प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेश त्रेहन, उप सिविल सर्जन डॉ. सुशीला कटारिया से भी वे यह वैक्सीन लगवाने का आग्रह करेंगे। साथ ही वे गुरुग्राम के नवनियुक्त उपायुक्त डॉ. यश गर्ग, जो स्वयं क्वालीफाइड डाक्टर हैं, से भी वैक्सीन लगवाने का अनुरोध करेंगे। इस पर मौके पर ही उपायुक्त डॉ. गर्ग ने हामी भर दी। सिविल सर्जन ने कहा कि इससे ज्यादा भ्रांति दूर करने के लिए क्या किया जा सकता है। उपायुक्त ने कहा कि वैक्सीनेशन का इतिहास सालों पुराना है। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि पहले चेचक, टीबी आदि बीमारियों से बहुत लोगों की मृत्यु हो जाती थी, लेकिन जब से इन बीमारियों के वैक्सीन बने तो बचपन में ही टीके लगाए जाने लगे और अब ये बीमारियां देश से खत्म हो गई हैं।

### बर्ड फ्लू से निपटने के लिए प्रशासन तैयार

**गुरुग्राम** जिला प्रशासन की बर्ड फ्लू से निपटने के लिए तैयारी पूरी है, हालांकि अभी तक जिले में कहीं भी बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हुई है। उपायुक्त डॉ. गर्ग ने बताया कि ऐहतियात के तौर पर जिला प्रशासन ने पशुपालन विभाग की 22 रैपिड रिस्पॉंस टीमों का गठन किया है, जो अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में नजर रखेंगी और कहीं भी पक्षियों की अकारण मृत्यु का पता लगने पर अपने जिला कार्यालय तथा उपायुक्त कार्यालय को सूचित करेंगी, ताकि उसी अनुसार कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि बर्ड फ्लू की रोकथाम से जुड़े विभागों के अधिकारियों को सचेत करने के लिए उनकी एक कार्यशाला वीरवार 14 जनवरी को प्रातः 11 बजे लघु सचिवालय के सभागार में रखी गई है।

# किसान आंदोलन का नेतृत्व नहीं समर्थन कर रही है कांग्रेस : भूपेंद्र हुड्डा

## प्रदेश में अपना जनाधार खो चुकी है गठबंधन सरकार

## अभय चौटाला के इस्तीफे से भाजपा को होगा फायदा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पूर्व** मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि तीन अध्यादेश के विरोध में चल रहे किसान आंदोलन का कांग्रेस नेतृत्व नहीं बल्कि समर्थन कर रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते प्रदेश का किसान एवं कमेरा सहित सभी वर्ग के लोग इनसे परेशान हैं। ये न केवल प्रदेश की जनता में अपना विश्वास खो चुके हैं, बल्कि अपनी कार्यप्रणाली के चलते निर्दलीय एवं सहयोगी दल के विधायकों के मन में उपजे असंतोष के कारण प्रदेश विधानसभा में भी अपना बहुमत खो चुके हैं। यह बात उन्होंने बुधवार को गुरुग्राम में पत्रकार वार्ता में कही।


गुरुग्राम में पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया के माता-पिता को श्रद्धांजलि देते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

### ऐसे समय में आयोजन उकसाने की कार्रवाई

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल की रैली स्थल पर हुई तोड़फोड़ के बारे में उन्होंने कहा कि दरअसल जब देश एवं प्रदेश के अन्नदाता इस कंपकंपाती ठंड में सड़कों पर रहने के लिए मजबूर हों, ऐसे समय में मुख्यमंत्री द्वारा रैली का आयोजन उकसाने वाली कार्रवाई के समान है। यह प्रदेश में शांति व्यवस्था की दिशा में बढ़ाया गया कदम नहीं, बल्कि टकराव की दिशा में बढ़ाया गया कदम था। अभय चौटाला के इस्तीफे के बारे में उन्होंने कहा कि हमने विधानसभा में अविश्वास मत के लिए प्रस्ताव दिया हुआ है। उनके इस्तीफे से विरोध का एक वोट कम होगा और ऐसी स्थिति में यह भाजपा सरकार के लिए फायदे की बात है। संगठन संबंधी सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि वे स्वयं चाहते हैं कि जल्द से जल्द प्रत्येक जिले के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया संपन्न हो जाए।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि ऐसी सरकारें ज्यादा दिनों तक नहीं चलती हैं और अपनी जनविरोधी नीतियों के बोझ से स्वयं लड़खड़ा कर गिर जाती हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश एक कृषि प्रधान देश है। हमारे देश की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार कृषि है। देश की अधिकांश जनसंख्या इसी से अपनी आजीविका चलाती है। यह अत्यंत दुख का विषय है कि भाजपा सरकार की किसान एवं जनविरोधी नीतियों के चलते आज इस ठिठुरन भरी ठंड के बावजूद हमारे देश का किसान अपने घर से बाहर सड़कों पर अपना दिन-रात व्यतीत करने के लिए मजबूर हो रहा है।

उन्होंने कहा कि इसके बावजूद यह एक अच्छी बात है कि यह आंदोलन पूरी तरह से शांतिपूर्ण एवं अहिंसक है। मैंने अपने जीवन में आज तक इतना शांतिप्रिय आंदोलन नहीं देखा। मैं किसानों की मांगों का पूर्ण रूप से समर्थन करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस शासन काल के दौरान किसान खुशहाल थे। उन्हें उनकी उपज का अच्छे से अच्छा मूल्य दिया जाता था। गुरुग्राम में धीरेन्द्र ब्रह्मचारी के अपर्णा आश्रम की जमीन घोटाले के मामले में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आप मुझे इसके बारे में विस्तार से लिख कर भेज दें। मैं इस संबंध में अवश्य आवाज उठाउंगा। उन्होंने कहा कि यह सरकार घोटालों की ही सरकार है। इस गठबंधन सरकार के गठन के पश्चात से ही घोटालों की शुरुआत हो चुकी है। कहीं शराब घोटाला तो कहीं धान घोटाला, बिजली मीटर घोटाला, प्रति किलोमीटर स्कीम घोटाला सहित घोटालों का सिलसिला जारी है।

# हरियाणा में वन क्षेत्र का 20 प्रतिशत होगा विस्तार


गुरुग्राम में वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए सेमीनार में बोलते वन मंत्री कंवरपाल गुज्जर।

## वन मंत्री कंवर पाल ने वीडियो कांफ्रेसिंग से किया सेमीनार

**गुरुग्राम।** हरियाणा में वन भूदृश्य पुनर्स्थापना विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन यहां लोक निर्माण विश्राम गृह में किया गया। जिसमें प्रदेश के वन, पर्यटन तथा शिक्षामंत्री कंवरपाल गुज्जर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। कार्यशाला में भारत सरकार के पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा वन भूदृश्य पुनर्स्थापना से जुड़े विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

कंवरपाल गुज्जर ने कहा कि हरियाणा में वानिकी के अधीन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और सभी प्रतिभागियों का आभार जताते हुए बताया कि राज्य सरकार का प्रयास है कि हरियाणा में कुल भौगोलिक क्षेत्र का 20 प्रतिशत भाग ग्रीन कवर के अधीन हो। इस दिशा में गंभीरता से कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने हम सभी को चेताया है कि प्रकृति संरक्षण की दिशा में काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पेड़ों की बहुत सी देसी प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं, हमें सामुहिक प्रयास करते हुए उन प्रजातियों को बचाना है। श्री गुज्जर ने कहा कि हरियाणा प्रांत में वन के अधीन क्षेत्र को बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने के लिए 2200 गांवों में सघन वनीकरण की योजना तैयार की जा रही है। कार्यशाला का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) के रेस्टोरेशन ऑप्र्च्युनिटिज असेसमेंट मैथडोलॉजी (आरओएएम) अर्थात बहाली के अवसर मूल्यांकन पद्धति पर आधारित परियोजना वन भूदृश्य पुनर्स्थापना विषय पर किया गया। इसमें बताया गया कि रोम परियोजना के अंतर्गत आईयूसीएन के सहयोग से भारत में साढे तीन वर्ष के पायलेट फेज के अंतर्गत भू पुनर्स्थापना की प्लानिंग, मॉनिटरिंग तथा रिपोर्टिंग करना है।

# गुरुग्राम में सर्कल रेट पर 15 जनवरी तक सुझाव आमंत्रित

**गुरुग्राम।** अगले वित्त वर्ष के लिए गुरुग्राम जिला की विभिन्न तहसीलों के अंतर्गत पड़ने वाले क्षेत्रों के प्रस्तावित कलेक्टर रेट जिला की वेबसाइट पर डले हुए हैं। उन पर सुझाव या आपत्तियां 15 जनवरी तक दिए जा सकते हैं।

एक अप्रैल 2021 से शुरू हो रहे अगले वित्त वर्ष के लिए कलेक्टर रेट तय करने को लेकर राज्य सरकार के अनुसार तहसील स्तर पर कमेटियों का गठन किया था। कमेटियों ने कलेक्टर रेट अथवा सर्कल रेट का जो प्रस्ताव तैयार किया है, वह जिला की वेबसाइट पर 15 दिसंबर को जन साधारण के सुझाव एवं ऐतराज प्राप्त करने के लिए अपलोड कर दिए गए हैं। प्रस्तावित कलेक्टर रेट पर सुझाव और आपत्तियां देने की अंतिम तिथि 15 जनवरी रखी गई है। इसके बाद 30 दिन के अंदर अर्थात 15 फरवरी तक सभी आपत्तियों पर सुनवाई करके निर्णय लिया जाएगा। उसके पश्चात नोटिफिकेशन जारी करने के लिए राज्य सरकार को नए कलेक्टर रेट भेज दिए जाएंगे। नए कलेक्टर रेट 1 अप्रैल से लागू होंगे और 31 दिसंबर तक प्रभावी रहेंगे। उपायुक्त यश गर्ग के मुताबिक अब सरकार ने कलेक्टर रेट एक अप्रैल की बजाय कलेंडर वर्ष के हिसाब से एक जनवरी से लागू करने का निर्णय लिया है। अगले साल 2022 से नए कलेक्टर रेट पहली जनवरी से लागू किए जाएंगे। जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिला गुरुग्राम के नए कलेक्टर रेट आम जनता की भागीदारी से तय हों। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट कलेक्टर रेट में तहसील गुरुग्राम, सोहना, उप तहसील बादशाहपुर, उप तहसील कादीपुर तथा उप तहसील हरसरू में वर्ष 2021-22 के कलेक्टर रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को दीं राशन किट

## जिला उपायुक्त ने वितरित की राशन की किटें

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**राजकीय** मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को राशन की किटें वितरण अभियान की शुरुआत बुधवार से की गई। इस अभियान में डेंटसू इंडिड और सुमाया एग्रो लिमिटेड द्वारा सहयोग दिया जा रहा है।


गुरुग्राम के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को राशन की किट वितरित करते उपायुक्त यश गर्ग।

उपायुक्त यश गर्ग ने सभी विद्यार्थियों को लोहड़ी व मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि शारीरिक व मानसिक विकास के लिए संतुलित आहार लेना अत्यंत आवश्यक है। बच्चों के लिए अच्छे पोषक तत्वों का महत्व और अधिक बढ़ जाता है ताकि उनका संपूर्ण विकास हो। बच्चों के लिए बैलेंस डाइट का लेना बहुत जरूरी है, ताकि उनका शारीरिक व मानसिक विकास हो सके। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने जीवन में एक लक्ष्य बनाना चाहिए और उस पर ध्यान केन्द्रित करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। यदि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करेंगे तो निश्चित तौर पर ही वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने इस मौके पर बच्चों को अपने जीवन में कामयाबी हासिल करने के गुर भी सिखाए।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी इंदू बोकन ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क वास करता है। यदि बच्चे शारीरिक रूप से स्वस्थ होंगे तो वे निश्चित तौर पर मानसिक रूप से भी स्वस्थ होंगे। कोरोना संक्रमण के इस दौर में स्वस्थ रहने का महत्व और अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि संतुलित व पोषक आहार लेने से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी और उनका शरीर निरोग होगा। उन्होंने इस अवसर पर बच्चों को नववर्ष, लोहड़ी व मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री की सुशासन सहयोगी कनिका ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत जिला के सभी राजकीय विद्यालयों के 9वीं से 12वीं कक्षा तक विद्यार्थियों को प्रत्येक माह ड्राई राशन किट दी जाएंगी। एक अनुमान के अनुसार जिला में लगभग 40 हजार विद्यार्थियों को प्रत्येक माह राशन वितरित किया जाएगा। इस किट में विद्यार्थियों को 250एमएल सरसों का तेल, 2 किलोग्राम आटा, 3 किलोग्राम चावल, 1 किलोग्राम चीनी तथा 500 ग्राम मूंग दाल दी जाएगी। विद्यालय की प्रिंसिपल आशा मिगलानी ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का स्वागत व आभार व्यक्त किया।

# बच्चों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से कराएं रूबरू: अवधेश

## जहां संस्कार हैं वहीं पर विकास है संस्कारहीन व्यक्ति किसी काम का नहीं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सामाजिक** संस्था सृष्टि फाउंडेशन द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन सेक्टर-9 के सामुदायिक केंद्र में किया गया, इसका उद्घाटन सृष्टि फाउंडेशन के प्रांत महामंत्री अवधेश कुमार सिंह ने किया।

अवधेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में बच्चों के संस्कारों पर बल दिया। जहां संस्कार हैं वहीं पर विकास है संस्कारहीन व्यक्ति किसी काम का नहीं। स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र से भावी पीढ़ियों को अवगत कराना जरूरी है। विशिष्ट अतिथि पार्षद सीमा पाहूजा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन को विस्तार से रखा। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व चेयरमैन जीएल शर्मा ने कहा की स्वामी विवेकानंद ने पूरी दुनिया में भारत का डंका बजाया था। दुनिया उनकी प्रतिभा की कायल थी। उन्होंने भारत को विश्व गुरु बनाने का सपना देखा था और जल्द ही ये सपना साकार होगा।


गुरुग्राम के सेक्टर-9 सामुदायिक केंद्र में सृष्टि फाउंडेशन की ओर से आयोजित स्वामी विवेकानंद जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमालय जोन की अध्यक्ष रीतु महेश्वरी ने की व धन्यवाद ज्ञापन रामआश्रय पांडेय ने किया। इस मौके पर सुष्मिता पांडेय द्वारा स्वागत गीत द्वारा कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। राजू राज व रत्नेश तिवारी ने देश भक्ति गीत गाये। संस्था द्वारा कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पीएन सिंह, संतोष शर्मा, देवशी, कल्याणी, संगीता सिंह, पंडित प्रमोद, प्रदीप कन्नौजिया, राहुल पांडेय, रितेश सिंह, वीरू सिंह, राधा सोलंकी, मुकेश जांगड़ा, सतेंद्र सिंह व रीना उपस्थित रहे।

### विवेकानंद का जन्म दिवस बालिका शिक्षा के रूप में मनाया

**सोहना।** भोंडसी राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन बालिका शिक्षा के रूप में मनाया। रोल मॉडल रही एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बेटियों को जीवन में संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया।

मंगलवार को भोंडसी के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मुख्य अतिथि कर्नल सूर्यप्रकाश ने स्वामी विवेकानंद द्वारा समाज में फैली कुरीतियों के प्रति उठाई आवाज और कल्याणकारी नीतियों के विषय में बताया। एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से बेटियों को संघर्ष करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर छात्राओं को पुरस्कृत किया। स्कूल प्रधानाचार्य श्याम सिंह राघव ने आगन्तुकों का आभार प्रकट किया और शिक्षा प्राप्त कर रही बेटियों के शिक्षण कार्य को पहले बहतर उत्कृष्ट बनाने का आश्वासन दिया।

# साइकिल दौड़ में प्रथम रही हरप्रीत कौर


मंगलवार को भोंडसी के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्रा को पुरस्कार देते हुए कर्नल सत्यप्रकाश। सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में साइकिल दौड़ लगातीं प्रतिभागी महिला एवं किशोरियां।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**स्वास्थ्य** विभाग और सामाजिक संगठन के तत्वाधान में महिलाओं और किशोरियों की साइकल दौड़ में हरप्रीत कौन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे नंबर पर महक और तीसरे नंबर पर नर्गिस रहीं।

विजेताओं को नागरिक अस्पताल के एसएमओ ने पुरस्कार वितरण किए। स्वास्थ्य विभाग और सामाजिक संगठन साक्षी के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के अवसर पर स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में किशोरियों और महिलाओं की 100-100 मीटर की साइकल दौड़ कराई गई। पांच महिलाओं और 12 किशोरियों ने भाग लिया। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. नवल किशोर, डॉ. कुलभूषण, सामाजिक संगठन की कार्यकर्ता सोनू, एड्स सलाहकार दीपक महरौलिया, एमपीएस दीपक कुमार आदि लोग मौजूद थे। एसएमओ डॉ. नवल किशोर ने साइकिल दौड़ हरी झंडी दिखाकर शुरू कराई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान किशोरी हरप्रीत कौर रही है। दूसरे स्थान पर किशोरी महक और तीसरे नंबर पर महिला नर्गिस रहीं। विजेताओं को नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. नवल किशोर ने पुरस्कार वितरण किए।

# संक्षिप्त-समाचार

## कोहरे से दो सड़क हादसों में बाइक सवार की मौत, चालक घायल



**सोहना।** बुधवार को कोहरा छाने से क्षेत्र में हुए दो सड़क हादसों में 27 वर्षीय युवक की मौत और हाइवा डंपर चालक घायल हो गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मंगलवार-बुधवार रात पेट्रोल पंप पर नौकरी करने वाला 27 वर्षीय युवक दिनेश पुत्र जयपाल निवासी गांव हसनपुर थाना रोजका मेव जिला नूंह बाजार से सुबह करीब 10 बजे घरेलू सामान खरीदकर सिटी थाना से मात्र 100 दूरी पर रामा पेट्रोल पंप पर जा रहा था। दिनेश गुरुग्राम-अलवर मार्ग पार करते समय बाईपास चौक की ओर से आए ट्रक चालक ने बाइक को सीधी टक्कर मार दी। दिनेश बाइक समेत ट्रक के टायरों के नीचे आ गया। दिनेश का सिर कुचल जाने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेते हुए उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। दूसरे हादसे में बुधवार सुबह करीब 3 बजे सोहना से पलवल मार्ग पर गांव सांचोली में हुआ। जहां कोहरा अधिक होने से कारण आमने-सामने से आ रहे हाइवा डंपर टकरा गए। एक डंपर हाईटेंशन बिजली के पोल से जा टकराया। जिससे बिजली का ट्रांसफार्मर नीचे गिर गया। सांचौली की गांव की बिजली सप्लाई ठप हो गई। दूसरा डंपर सड़क किनारे बिल्डिंग मैटिरियल विक्रेता के ऑफिस से टकराया। हाइवा डंपर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पहले नागरिक अस्पताल में और बाद में गुरुग्राम के लिए डॉक्टरों ने रेफर कर दिया।

## गढ़ी गांव में बनी समस्त कॉलोनी विकास समिति

**फर्रूखनगर।** नगर निगम मानेसर के गठन के बाद उसके अंतर्गत आने वाले गांवों की कॉलोनियों में विकास कार्य कराने और उन्हें ऑथराइज करने की मुहिम को लेकर गांव गढ़ी में ग्रामीणों ने समाजसेवी कुलदीप शर्मा अध्यक्षता बैठक का आयोजन किया। बैठक में सर्वसम्मति से समस्त कॉलोनी विकास समिति का गठन किया। निगम कमिश्नर मानेसर से मिलकर विकास कार्य शुरू कराने के लिए मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया। कुलदीप शर्मा, बलवंत शर्मा, सुरेश शर्मा, दलीप, उमाशंकर, हरिओम, विजय तिवारी, राम गोविंद मिश्रा, एसपी कौशिक, राकेश कुमार, बिजेंद्र, सुभाष मोर, मुकेश चौधरी, अरविंद यादव, राम कुमार, नरेश कुमार, विकास, बिरेंद्र, आरपी सिंह, प्रवीण, हेमंत शास्त्री, राजेश, धनश्याम, सुरेश आदि ने बताया कि गढ़ी गांव के अलावा अन्य जो भी गांव नगर निगम मानेसर में शामिल हुए हैं। उनमें सैकड़ों छोटी-बड़ी कॉलोनियों काटी गई हैं। उनमें रह रहे ग्रामीण सरकार की मुलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। बार-बार शिकायत के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। ग्रामीण कई बार-बार कॉलोनियों को पक्का कराने, गली, नाली, सीवरेज, पीने की पाइप लाइन डलवाने, बिजली के पोल लगाने, स्ट्रीट लाइट आदि सुविधा की मांग करते आ रहे है। लेकिन हर बार उनकी मांग को दरकिनार करके ग्रामीणों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।

## जमीन के विवाद पर परिवार में हुआ संघर्ष, हवाई फायर भी

**गुरुग्राम।** जिले के गांव टीकली में जमीन के विवाद को लेकर एक परिवार में जमकर संघर्ष हुआ। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित पक्ष ने कहा है कि हमलावरों ने उनके परिवार के साथ मारपीट की। एक युवक ने हवाई फायर भी किया। मंगलवार को हुई इस घटना में पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर केस दर्ज कर लिया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महेश शर्मा पुत्र ब्रह्मनंद निवासी टीकली ने बादशाहपुर पुलिस से कहा है कि उनकी कुछ जमीन बादशाहपुर-टीकली रोड पर लगती है। जिसके वे व उसके चाचा के लड़के बराबर के हिस्सेदार हैं। कुछ दिन पहले उसके चाचा के लड़के दिनेश ने रोड के साथ लगती जमीन जोत दी और हमारे हिस्से की पीछे की जमीन छोड़ दी। 12 जनवरी को वह अपने सर्विस स्टेशन पर बैठा था। इस दौरान दिनेश वहां आया और कहने लगा कि वह जमीन क्यों जोती। इसी बीच उसने उसे थप्पड़ मारा। मैं अपने घर पर पहुंचा और बच्चों को इसकी जानकारी दी। मेरे दोनों बच्चों राहुल व नरेंद्र, मेरी भाभी गीता और भांजा सतीश घर पर बैठे थे। अचानक 10 बजे के करीब दिनेश, रमेश, राजेश, डींकी एवं दयानंद ने घर आकर बेसबाल के डंडों से हमला कर दिया। डिंकी ने हवाई फायर भी किया। इस दौरान बचाव करने आई उनकी भाभी गीता देवी के साथ धक्का-मुक्की व कपड़े फाड़ दिए। राजेश हरियाणा पुलिस में एएसआई है। सभी ने मिलकर हमारे परिवार को बुरी तरह से मारा-पीटा। शोर सुनकर गांव वाले भी मौके पर पहुंचे और हमलावरों के हाथों से बचाया। घायल महेश, नरेंद्र और सतीश को सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपनाएं : डा. गुलिया



**गुरुग्राम।** राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में आयोजित एनएसएस एक दिवसीय शिविर में मुख्य वक्ता स्वयंसेवकों से मुखातिब महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. रणवीर गुलिया ने विद्यार्थियों को संबोधित कर स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श हैं। उनका जीवन चरित्र अपनाकर प्रत्येक युवा अपने भविष्य को निखार सकता है। स्वामी विवेकानंद के प्रति युवाओं की गर्मजोशी से आह्लादित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सत्यमन्यु यादव ने भी विद्यार्थियों को स्वामी से प्रेरित हो अपने परिवार और महाविद्यालय का गौरव बढ़ाने का आह्वान किया। ज्ञात हो भारत भर में 12 जनवरी अर्थात स्वामी विवेकानंद के जयंती के अवसर को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवा दिवस पर आयोजित एनएसएस के एक दिवसीय शिविर में दोनों इकाइयों के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। एनएसएस सॉन्ग से शुरू हुए एक दिवसीय कैंप में श्रमदान, स्वच्छता, अनुभव कथन, जागरूकता रैली आदि व्यक्तित्व विकास के अनेकानेक कार्यक्रम कराए। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. ललिता बौद्ध और रोहित शर्मा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का समग्र व्यक्तित्व विकास सुनिश्चित किया जाता है। महाविद्यालय के डॉ. संजय का त्याग डॉ. मीनू शर्मा विजय वीर स्वाति बंसल राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# चार मिलावटखोरों पर फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने कसा शिकंजा

कविता। फरीदाबाद

**खाद्य** पदार्थों में मिलावट करने वालों को उम्रकैद की सजा और 10 लाख रुपये तक के दंड देने का प्रावधान है। मिलावटखोरों के खिलाफ दर्जनों मामले एसीजेएम और एडीएम के न्यायालय में चल रहे हैं। इसके बावजूद मिलावट पर अंकुश लगने का नाम ही नहीं ले रहा है। फूड डिपार्टमेंट की तरफ से एक बार फिर चार खाद्य पदार्थ विक्रेताओं के खिलाफ कोर्ट में केस डालने की तैयारी कर दी गई है। क्योंकि चारों के सैम्पल सब स्टैंडर्ड और मिसब्रांड पाए गए हैं।

जानकारी के मुताबिक जिले में जहां एक तरफ सैम्पलिंग का कार्य धीमा है, लेकिन वहीं दूसरी तरफ

## शहर में मिलावटखोर नहीं आ रहे बाज

जिले में भरे जा रहे सैम्पलों की रिपोर्ट आने के बाद फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट सख्त हो गया है और जिले में मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। जिसके तहत जिला खाद्य एवं सुरक्षा प्राधिकरण की तरफ से चार खाद्य विक्रेताओं के खिलाफ कोर्ट केस की तैयारी की जा चुकी है।

## इन पर होगी कार्रवाई

जिला खाद्य एवं सुरक्षा प्राधिकरण की तरफ से चार खाद्य पदार्थ विक्रेताओं पर कोर्ट केस किया जाएगा। जिसमें इंद्रा नगर से



गत 10 नवंबर 2019 को लिए गए बर्फी का सैम्पल फेल आया था। उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सहीपुरा स्थित हरगोबिंद मिल्क पाउडर की दुकान से लिया गया मटका दही का सैम्पल सबस्टेंडर्ड पाया गया था। यह सैम्पल 22 अक्टूबर 2019 को लिया गया था। जी लॉक्स स्पाइसी नामक एनआईटी मोहब्बताबाद निवासी एक कंपनी संचालक के तीन मसालों के सैम्पल मिसब्रांड पाए गए थे। सुभाष कॉलोनी स्थित राजू उर्फ राजेन्द्र नामक एक घी के

## होती है कार्रवाई

**फूड** सेफ्टी के डीओ एनडी शर्मा ने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति जो खाद्य पदार्थ में किसी ऐसे पदार्थ की मिलावट करता है जो मानव उपभोग के लिए घातक है और इससे उस व्यक्ति के स्वास्थ्य को किसी तरह का नुकसान हो सकता है या मृत्यु हो सकती है। उस व्यक्ति को कम से कम सात साल की सजा दी जा सकती है और इस सजा को बढ़ाकर उम्रकैद तक किया जा सकता है। वहीं आरोपी व्यक्ति पर जुर्माने का भी प्रावधान है।

व्यापारी का सैम्पल मिसब्रांड पाया गया। व्यापारी का सैम्पल 12 अक्टूबर 2019 को लिया था। इसकी एक साल की मियाद पुरी हो चुकी थी।

## दो दिवसीय आनलाइन राष्ट्रीय सम्मेलन आज से

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्व विद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग और पर्यावरण विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 14 और 15 जनवरी को सिविल इंजीनियरिंग और पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में उन्नत तकनीकों पर दो दिवसीय आनलाइन राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा मुख्य अतिथि होंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो दिनेश कुमार करेंगे। सीएसआईआर-एनईईआरआई दिल्ली जोनल सेंटर के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एसके गोयल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली से प्रो. केएन झा, भारतीय भवन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रदीप मित्तल उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में हर्षोल्लास के साथ मनाई लोहड़ी



**फरीदाबाद।** सेक्टर 79 स्थित ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें पंजाबी भांगड़ा, त्योहार से जुड़ी एक्टिविटी, गेम, ओपन माइक, बोनफायर, ढोल, बॉलीवुड डांस ट्राउप का आयोजन किया गया। आस पास के हाउसिंग सोसायटी के निवासियों ने भारी संख्या में त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया। आगे बता दें कि शाम को पारंपरिक वेशभूषा में पुरुष, महिलाएं और बच्चों ने लोहड़ी उत्सव में शामिल होकर खुशियां साझा की। इसके पहले विधिविधान से लोहड़ी जलाकर मक्का, तिल, मूंगफली, रेवड़ी, गुड़, फुल्ले को अर्पित कर ईश्वर और प्रकृति को धन्यवाद दिया। इस मौके पर जुटे लोगों ने पंजाबी भांगड़ा की धुन पर नाचते, गाते हुए लोहड़ी का परिक्रमा की। इस दौरान लोगों ने ढोल की थाप पर जमकर डांस किया। ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में लोहड़ी का कार्यक्रम आयोजित करना त्योहार के एकता, भाईचारे और मेल मिलाप के उद्देश्य को बढ़ावा देना है।

### रजिस्ट्रार अनिल यादव को तुरंत प्रभाव से हटाया

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटी एवं इंडस्ट्री विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर अनिल यादव को तुरंत प्रभाव से उनके पद से हटा दिया गया है। उनके स्थान पर कपिल कुमार असिस्टेंट डायरेक्टर इंडस्ट्री सोनीपत को फरीदाबाद का कार्यभार सौंपा गया है। गौरतलब है कि अनिल यादव के पास पलवल के साथ-साथ फरीदाबाद का भी प्रभार था, पिछले कुछ समय से उनके खिलाफ उद्योग विभाग के डायरेक्टर श्री साकेत कुमार (आईएएस) को ढेरों शिकायतें मिल रही थी। डब्ल्यूसीआरए 21ए फरीदाबाद ने भी उनकी कार्यशैली को लेकर न केवल उनके आदेशों के खिलाफ अपील कर रखी थी बल्कि उनके द्वारा अपने विभाग में की जा रही अनियमितताओं की शिकायतें भी आला अधिकारियों को भेजी थी। डब्ल्यूसीआरए 21ए के विरुद्ध एक्स पार्टी सुनवाई कर एचपी सिंह को प्रशासक नियुक्त करने के मामले में भी उनकी विभाग में किरकिरी हो रही थी। हालांकि प्रधान हर्ष खट्टर व उपप्रधान सुभाष शर्मा की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए गत 5 जनवरी को एचपी सिंह का कार्यकाल आगे बढ़ाने से यादव ने इंकार कर दिया था। शर्मा ने मांग की थी कि एचपी सिंह जैसे पूर्व अधिकारी को भविष्य में किसी भी संस्था में प्रशासक नियुक्त न किया जाए। अनिल यादव को हटाये जाने का फरीदाबाद की अनेक संस्थाओं ने स्वागत किया है, उनके विरुद्ध अनेक आरटीआई भी कई समाजसेवियों ने डाल रखी है।

### चुनाव को लेकर नामांकन शुरू




**फरीदाबाद।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन फरीदाबाद के जिले के प्रधान पद और बल्लभगढ़ और फरीदाबाद खंड के प्रधान पद के लिए चुनाव होने हैं। यह चुनाव 3 साल में एक बार संपन्न होते हैं। बुधवार को नामांकन की प्रक्रिया में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओल्ड फरीदाबाद में कार्यरत संदीप चौहान ने जिले के प्रधान के पद के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत की और भारी संख्या में उनके साथ उपस्थित जिले के प्रवक्ताओं के साथ राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बल्लभगढ़ में अपना नामांकन भरा। संदीप चौहान ने प्रवक्ताओं की सभी समस्याओं के समाधान के लिए अपनी सेवाएं देने का वादा किया। संदीप चौहान फरीदाबाद जिले से पिछले 3 साल हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन की राज्य कार्यकारिणी से जुड़े रहे और संगठन सचिव के रूप में अपनी सेवाएं देते रहे। नामांकन प्रक्रिया का कार्य एसके दलाल पूर्व प्रधान, श्याम सुंदर सैनी उप प्रधान, सुनील नागर फरीदाबाद ब्लॉक प्रधान और नरेंद्र सैनी बल्लभगढ़ खंड प्रधान की देखरेख में हुआ।

### संस्था ने डोनेट किये स्वास्थ्य उपकरण

**फरीदाबाद।** कोरोना महामारी को देखते हुए समाजसेवी, उद्योगपति मदद के लिए लगातार आगे आ रहे है। ऐसा ही गुडईयर कंपनी की तरफ से अमेरिकन केयर इंडिया फाउंडेशन द्वारा



उपकरण व सामान स्वास्थ्य विभाग को डोनेट करवा कर किया है। मुम्बई की अमेरिकन केयर इंडिया फाउंडेशन संस्था की तरफ से लाखों रुपये का सामान स्वास्थ्य विभाग को सौंपा है। इतना सामान आया कि जिले के सेंट्रल स्ट्रोर इस सामान को रखने के लिए छोटा पड़ गया। जिस पर अन्य स्थान पर इस सामान को रखा गया। जानकारी देते हुए सेंट्रल स्टोर के फार्मासिस्टों ने बताया कि फाउंडेशन की तरफ से 1217 पीपीई किट, 15 बीपी ऑपरेटर, 10 एचटीजी मशीने, 20 नेबुलाईजेशन मशीन, 20 प्लस ऑक्सीमीटर, 5 बीआई पीएपी मशीन, 10 सीरिंज पम्प, 30 ऑक्सीजन कंट्रोलर, 14 थर्मल मशीन, 8 सैक्शन मशीन, 5 सी पीएपी मशीन, 10 अम्बू बैग, 15 मल्टी पैरा मॉनिटर, 5 ईसीजी मशीने, 5000 ए-95 मास्क उपलब्ध करवाये गए हैं।

### बांटे कंबल और सेनेटरी पैड



**फरीदाबाद।** वुमेंस पावर संस्था ने लोहड़ी और मकर संक्रांति के अवसर पर सरकारी अस्पताल बीके में महिलाओं को कंबल और सेनेटरी पैड वितरण किए। वुमेंस पावर की प्रेसिडेंट चांदनी आजाद अली का कहना है खुशियां बांटने से बढ़ती है। हमें अपने त्योहारों पर अपने घर से निकल कर अपने समाज में मौजूद जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए और उनके साथ भी त्योहार को मनाना चाहिए। इस मौके पर वुमेंस पावर की मार्केटिंग हेड डॉली कपूर ने कहा कि यह प्रयास हम लगातार जारी रखेंगे। जिससे हम लोगों की ज्यादा से ज्यादा मदद कर सके।

### लोहड़ी महोत्सव का किया आयोजन



**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद शाखा फरीदाबाद द्वारा बाल भवन फरीदाबाद में लोहड़ी महोत्सव विधिवत रूप से मनाया गया। जिसमें नरेंद मलिक जिला बाल कल्याण अधिकारी ने बच्चों को अपना स्नेहमयी सन्देश देते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य है और बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। लोहड़ी पर्व पर प्ले स्कूल व मूक बधिर केन्द्र के बच्चों ने डांस किया और प्ले स्कूल के बच्चों ने अच्छी अच्छी कवितायें सुना कर सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों व उनके अभिभावकों के साथ-साथ स्टाफ को रेवड़ी, मुंगफली एवं फुल्ले के पैकेट वितरित किये। लोहड़ी महोत्सव के अवसर पर चाइल्ड वेलफेयर कमेठी के चेयरमेन पाल कहराना, कार्यक्रम अधिकारी एसएल खत्री, उदय चंद लेखाकार के साथ साथ बाल भवन स्टाफ में मीनू शर्मा, राजेश कुमार, मांगेराम, राधा लखानी, अरुणा अरोड़ा, सुमन, सुनील दहिया, रामशरण, श्रीभगवान सिंह व जिला बाल सरंक्षण इकाई फरीदाबाद का स्टाफ आदि भी उपस्थिति रहे।

# विरोध : किसानों ने कृषि कानून की प्रतियां जलाकर किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**संयुक्त** किसान मोर्चा फरीदाबाद के आह्वान पर लोहड़ी के पावन पर्व पर जिला उपायुक्त कार्यालय फरीदाबाद के सामने केंद्र सरकार द्वारा लाये गए तीन किसान विरोधी कानूनों की प्रतिया जलाई गईं। किसानों ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष विरोध सभा का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता मास्टर वीरेंदर सिंह दयालपुर ने की और संचालन नहरपार किसान संघर्ष समिति के संयोजक सत्यपाल नरवत ने किया। किसान वहां से 12.30 बजे जलुस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए उपायुक्त कार्यालय के गेट के सामने पहुंचे। वहां पर रेलवे फ्रंट कॉरिडोर किसान संघर्ष समिति ने अपना मांगपत्र उपायुक्त की अनुपस्थिति में तहसीलदार को सौंपा।

जिसमें उन्होंने मांग रखी की उत्तर प्रदेश में किसानों को प्रत्येक हिस्सेदार को 5.50 लाख रुपये दिए हैं तो रेलवे विभाग फरीदाबाद में भी उसी तर्ज पर मुआवजा दे। जबकि पलवल में एसडीएम ने नवंबर 2020 में प्रत्येक हिस्सेदार के 5.50 लाख



रुपये मंजूर कर दिए हैं। दूसरी मांग किलोमीटर की दूरी से मुआवजा देना। रेलवे द्वारा अंडरपास पुल की चौड़ाई कम रखी गई और डिमारकेशन के निशान किसानों की जमीन में लगाए गए हैं।

अजरौंदा के किसानों को मुआवजे की मांगों को लेकर एक महीना हो गया धरना देते हुए। उन्होंने भी अमरसिंह मालिक व नरवीर तेवतिया के नेतृत्व में मुआवजे की मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन दिया। तीन कृषि कानूनों को लेकर किसान नेताओं सत्यपाल नरवत, नवल सिंह, सहीराम रावत, गिरिज जाटोला, अमर सिंह दलाल, बबलू हुडा, वीरेंदर डंगवाल (सीटू नेता) अशोक कुमार (कर्मचारी नेता) ने कहा कि केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट को माध्यम बनवाकर कानून वापस लिए बगैर आंदोलन खत्म करना चाहती है।

सुप्रीम कोर्ट ने कानूनों पर रोक लगाकर अच्छा कार्य किया है, लेकिन जो समिति बनाई गयी है वे चारों सदस्य पहले ही किसी न किसी रूप में इन कानूनों का समर्थन कर चुके हैं, तो उनसे किसी प्रकार की उम्मीद नहीं की जा सकती है और सरकार जानबूझ कर इस मामले को उलझा रही है, किसानों की परीक्षा ले रही है। किसान संघठनों ने समिति बनाने की कोई मांग नहीं की थी। सरकार के इस रवैये को लेकर किसानो में भारी गुस्सा है। जिसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा।

इस विरोध प्रदर्शन और कानून की प्रतिया जलाने के आंदोलन में विभिन्न गांवों से किसान सम्मलित हुए। मुख्य रूप से खेड़ी कलां से गोविन्द, प्रकाश चंद, मंगलीराम, घूरेलाल, रामकिशन, नीमका से राजवीर नगर, संजीव नगर, सदपुरा से शिवकुमार शर्मा, लखपत दयालपुर से रविंद्र, मनवीर, मास्टर महावीर, अनिल, बुखारपुर से नरेशपाल, रामनारायण, फरीदपुर से राजसिंह, सुरेंद्र, दयाराम तंवर पृथला, रणवीर सिंह फफूंडा, ईश्वर सिंह चौहान लालपुर, कपिल चौहान महातपुर, राजीव रंजन त्यागी करनेरा, नाहरसिंह धारीवाल, देवीसिंह लाम्बा जवां से, बाबू बोहरा जाजरू, लालसिंह अजरौंदा, भूपसिंह मिर्जापुर आदि ने भाग लिया।

# विवेकानंद का जीवन एवं शिक्षाएं युवाओं के लिए प्रासंगिक : कुलपति

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**वाईएमसीए** स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा स्वामी विवेकानंद की 158वीं जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस उपलक्ष्य में विभिन्न आनलाइन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ वार्ता, वेबिनार और राष्ट्रीय स्तर की कविता और कला प्रतियोगिता शामिल हैं।

विशेषज्ञ वार्ता में अभ्यात्म योग अकादमी, बेंगलूरू के निदेशक योगाचार्य प्रो. सुब्रमण्यम अनंता वेंकट मुख्य वक्ता रहे जबकि अंतरराष्ट्रीय योग शिक्षक डॉ. कुश पांचाल ने 'तनाव प्रबंधन' पर प्रेरक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन विवि के विवेकानंद मंच और एनएसएस प्रकोष्ठ ने किया। आयोजनों में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इससे पहले, निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रदीप डिमरी ने विशेषज्ञ वक्ताओं का स्वागत किया। राष्ट्रीय युवा दिवस पर विद्यार्थियों को अपने संबोधन में कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन एवं शिक्षाएं युवाओं के लिए हमेशा प्रासंगिक रही है। चरित्र निर्माण उनकी शिक्षाओं का मुख्य सिद्धांत रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने महान भारतीय विचारक स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विवेकानंद मंच और एनएसएस प्रकोष्ठ के प्रयासों की सराहना की।

विशेषज्ञ व्याख्यान में प्रो. सुब्रमण्यन ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला और योगाभ्यास को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास मानसिक शांति प्राप्त होती है जोकि शारीरिक और मानसिक विकारों को दूर करती है। इसी प्रकार, डॉ. कुश पांचाल ने विद्यार्थियों के साथ एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया और तनाव मुक्त जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने तनाव मुक्त और आरामदायक जीवन प्राप्त करने के लिए कुछ तकनीकों को भी साझा किया। राष्ट्रीय स्तर की कविता और कला प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया।

# कोरोना: 39 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 45933

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में लगातार कोरोना के मामले सामने आ रहे है। बुधवार को जिले में कोविड-19 के 39 मामले सामने आए है। जिससे कोविड-19 का आंकड़ा 45933 पर पहुंच गया है। वहीं दूसरी तरफ जिले में राहत की बात यह रही कि 13 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 98.6 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

## यहां से पॉजिटिव

जिले में 39 पॉजिटिव में सेक्टर-21 (1), सेक्टर-11 (1), सेक्टर-45 (3), सेक्टर-19 (5), एनआईटी-दो (1), सेक्टर-49 (2), विलेज जुन्हैड़ा (1), सेक्टर-10 (3), सेक्टर-28 (1), नीमका (2), सेक्टर-82 (1), सेक्टर-दो (1), सेक्टर-16 (3), सेक्टर-7



(1), बल्लभगढ़ (1), सेक्टर-65 (1), सेक्टर-14 (2), सेक्टर-9 (1), सेक्टर-10 (1), सेक्टर- 17 (1), सेक्टर-15 (1), शास्त्री कॉलोनी (1) और अन्य एरियों से 4 मरीज हैं।

## ये हैं आंकड़े

जिले में कुल जांचे: 473290
अब तक पॉजिटिव: 45933
अब तक नेगेटिव: 425559
रिपोर्ट आनी शेष: 1798
ऑक्सीजन पर है: 11
वेंटिलेटर पर है: 4
अब तक मौत: 408
अब तक ठीक: 45278

# खेल राज्यमंत्री संदीप सिंह फहराएंगे तिरंगा: यशपाल

## उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर ली अधिकारियों की मीटिंग

## सेक्टर-12 मैदान में ही आयोजित किया जाएगा समारोह कोविड नियमों का होगा पालन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**उपायुक्त** यशपाल ने कहा कि इस बार भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह सेक्टर-12 खेल परिसर के साथ स्थित मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस बार जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के खेल राज्य मंत्री संदीप सिंह होंगे। उपायुक्त कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हाल में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे।

उपायुक्त ने मीटिंग में निर्देश दिए कि मुख्य अतिथि सबसे पहले टाउन पार्क स्थित युद्ध स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके बाद वह कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भी कोविड-19 को लेकर सभी नियमों पालन किया जाएगा। स्वतंत्रता सेनानियों व अन्य गणमान्य लोगों को उनके घरों पर जाकर ही प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम में चुनिंदा लोगों को ही आमंत्रित किया जाएगा। मीटिंग के दौरान उन्होंने बताया कि कोविड-19 को देखते हुए कम से कम सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे जाएं। उन्होंने बताया कि इस बार पीटी शो आयोजित नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में मार्च पास्ट में छह प्लाटून हिस्सा लेंगी। जिनमें हरियाणा पुलिस, होमगार्ड, स्काउट गाईड व एनसीसी की टुकड़ी शामिल होंगे। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां भव्य तरीके से की जाएं। कार्यक्रम स्थल की तैयारियों को लेकर जिन-जिन विभागों की ड्यूटी है वह निर्धारित समय पर कार्यों को पूरा करें। मीटिंग में उपायुक्त ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान जिन विभागों की झांकियां निकाली जाएंगी वह अपनी पूरी तरह से तैयारी कर लें। सभी झांकियां बेहतर संदेश देने वाली हों। मीटिंग में अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान, एसडीएम बल्लभगढ़ अपराजिता, एसडीएम फरीदाबाद जितेंद्र कुमार, एसडीएम बडखल पंकज सेतिया, डीसीपी सेंट्रल अर्पित जैन सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# 272 करोड़ संपति कर की वसूली को निगम की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नगर** निगम के आयुक्त यशपाल यादव ने नगर निगम को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए बकाया करों की वसूली करने के अभियान को तेज करने के निर्देश निगम के कराधान विभाग को दिये हैं।

कराधान विभाग के अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अकेले सम्पत्ति कर मद में बकाया लगभग 272 करोड़ रुपये की राशि में से 218 करोड़ रूपये से अधिक की राशि लगभग 9400 बड़े बकायेदारों के विरुद्ध बकाया पड़ी हुई है और दूसरी ओर निगम प्रशासन को अपनी कमजोर वित्तीय स्थिति के कारण शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने निर्देश दिये कि सरकार की ब्याज माफी जैसी उदार योजनाओं के बावजूद जो बड़े बकायादार अपना बकाया सम्पत्ति कर जमा नहीं कर रहे है उन्हें अब और अधिक बर्दाश्त न किया जाये और ऐसे सभी बड़े डिफाल्टरों के मकानों, औद्योगिक

## बकाया करों की वसूली के लिए करें अभियान तेज : निगम आयुक्त

इकाईयों, वाणिज्यि संस्थानों को सील करने, उनके पानी व सीवरेज के कनेक्शन काटने के साथ-साथ इनकी कुर्की कार्रवाई भी अमल में लाई जाए।

निगमायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार, शहरी स्थानीय निकाय विभाग की नीति के अनुसार वर्ष 2020-21 के सम्पत्ति कर की राशि जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट देने के साथ-साथ जिन संपत्ति करदाताओं ने पिछले तीन सालों में प्रत्येक वर्ष अपना संपत्ति कर निर्धारित तिथि 31 जुलाई से पहले-पहले जमा करवाया है उन्हें 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट देने, वर्ष 2010-11 से लेकर वर्ष 2016-17 तक के बकाया मूल संपत्ति कर पर 25 प्रतिशत की छूट देने और एकमुश्त बकाया संपत्ति कर की अदायगी करने पर संपूर्ण ब्याज की राशि माफ किए जाने का प्रावधान किया गया है, लेकिन यह सभी छूट आगामी 31 मार्च तक अपना सम्पत्ति



कर जमा करने वाले करदाताओं को ही प्राप्त होगी।

बैठक में निगमायुक्त ने यह भी निर्देश दिये कि सरकार की ब्याज माफी योजना का लाभ अधिक से अधिक करदाता उठाएं-यह सुनिष्चित करने के लिए निगम के कराधान विभाग के द्वारा बड़े बकायेदारों को सरकार की नीति के उन्हें मिलने वाली छूट का उल्लेख करते हुए नोटिस भेजे जाये जिससे कि ऐसे करदाताओं को सरकार की ब्याज माफी योजना के तहत मिलने वाले लाभ का पता लग सकें। निगमायुक्त ने शहर की सभी सामाजिक संस्थाओं, रेजीडेन्ट वेलफेयर एसोसिएषनों, औद्योगिक संगठनों से भी अपील की है कि वे करदाताओं को अपना-अपना बकाया कर जमा करने के लिए प्रेरित करें जिससे कि निगम प्रशासन को शहर के चहुंमुखी विकास के लिए आर्थिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

उन्होंने करदाताओं से यह भी अपील की है कि वे कोविड-19 के दृष्टिगत अपना संपत्ति कर ऑनलाईन जमा करवाएं। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन संपत्ति कर जमा करने के लिए करदाता इस लिंक https://online.ulb-haryana.gov.in/eforms/PropertyTa&.asp& पर जाकर आवश्यक कॉलम को भरें और इसके बाद अन्य कॉलम में से केवल ओल्ड प्रॉपर्टी आईडी के कॉलम में पिछले सालों की संपत्तिकर की रसीद पर 13 अक्षरों (जैसे कि एनआईटी क्षेत्र के लिए 619एन201***900 फरीदाबाद ओल्ड क्षेत्र के लिए 619एन201***900 और बल्लभगढ़ क्षेत्र के लिए 619एन201***900) की अंकित अपनी प्रॉपर्टी आईडी भरे। फरीदाबाद ओल्ड जोन क्षेत्र के करदाता ओल्ड प्रापर्टी आईडी को भरते समय ध्यान रखें कि उनकी प्रापर्टी आईडी में शुरू के तीन अक्षर 619 के बाद ओ भरें न कि शून्य। सर्च प्रापर्टी को क्लिक करें।

# ग्राम सुधार सेवा समिति ने सौंपा उपायुक्त को ज्ञापन

## श्मशान भूमि के सैड को लेकर दिया है ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**तिलपत** गांव में श्मशान भूमि का शेड अधूरा होने के कारण यहां कभी भी उत्तर प्रदेश की तरह का हादसा हो सकता है। जिसे देखते हुए ग्राम सुधार सेवा समिति के द्वारा इसे पूरा करवाने के लिए जिला उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने यहां अधूरे पड़े कार्य को पूरा करवाने की मांग की है।

ग्राम सुधार सेवा समिति ने जिला उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि गांव में श्मशान भूमि का शेड सरकारी व्यवस्था में राजेश ठेकेदार द्वारा डाला गया था, जो कार्य अभी तक अधूरा है। पिछले तीन से छह जनवरी तक वर्षा हुई। पता चला है कि छत पर पानी भरा हुआ है और टपक रहा है तथा मलवा छत पर पड़ा हुआ है। हमें अंदेशा है कि उत्तर प्रदेश के हादसे की तरह कहीं हादसा न हो जाये। कृपया शीघ्र इस कार्य की जांच कराई जाए।

पत्र में लिखा है कि श्मशान भूमि में एक हॉल, कमरा और चार दीवारी सरकार द्वारा कराई गई है। लेकिन हाल व कक्ष का न तो फर्स पड़ा है, न दरवाज और न खिड़की लगाई गई है। बिजली और वाईस वास की कोई व्यवस्था नहीं की गई है, लेकिन सात लाख रुपये बिना कार्य कराये वापस सरकारी खजाने में जमा हो गए। किसी अधिकारी ने इसकी कोई जांच नहीं की। इसकी जांच करवाई जाए। वहीं बताया गया है कि आवश्यकता को देखते हुए गांव वालों ने चंदा एकत्रित करके छोटे कमरे का फर्स डलवाया। दरवाजा व खिड़की लगवाई, पानी की व्यवस्था तथा पूरे श्मशान घाट की जेसीबी, ट्रैक्टर और मजदूरों द्वारा सफाई कराई है। अन्य सुविधाओं के लिए प्रशासन से सहयोग की अपील की है।

# किसानों की जिम्मेदारी

## स्वीकारें मध्यस्थता

**सर्वोच्च** न्यायालय ने कृषि विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने के लिए आंदोलनकारियों से नाम मांगे थे। ऐसे में किसानों को मध्यस्थता स्वीकार करते हुए अदालत को मौका देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने नए कृषि कानूनों पर किसानों के साथ वार्ता ठीक से न चलाने के कारण उसकी खिंचाई की और मध्यस्थता के लिए समिति गठित की, लेकिन अभी अनेक सवालों के जवाब नहीं मिले हैं। ये प्रयास किसानों को स्वीकार नहीं है क्योंकि वे इसे न्यायिक रास्ते से भटकाने का एक और तरीका मानते हैं। अदालत ने किसानों को आश्वस्त किया है कि 'किसी की जमीन नहीं बेची जाएगी' और इस प्रकार उसने गेंद उनके पाले में डाल दी है। उसने 'राजनीति और न्यायपालिका के बीच' अंतर स्पष्ट कर किसानों से अपनी पसंद निर्धारित करने को कहा है। लेकिन किसान लंबी लड़ाई के संकेत दे रहे हैं, जबकि उनको अदालत की मध्यस्थता स्वीकार करनी चाहिए थी। अदालत ने उनके समक्ष एक गंभीर मंच रखा था जिसमें वे अपने सरोकार सामने रख सकते थे। यह कृषि के कथित निगमीकरण के खिलाफअपनी भयानक आशंकाओं के खिलाफअपने विचार रखने का एक और अवसर था। हालांकि, किसानों की आशंकाओं को निराधार नहीं कहा जा सकता है क्योंकि वे अमेरिका में खेती के निगमीकरण से परिचित हैं जहां फैक्ट्री फार्मिंग ने 'फार्म टु फोर्क' की अबाधित श्रृंखला वाली खेती को जन्म दिया है। इससे ग्रामीण कृषि समुदायों, उनकी आर्गेनिक विधियों तथा उनके विशिष्ट उत्पादों पर संकट पैदा हो सकता है। इसकी शुरुआत 1970 के दशक में हुई जब औद्योगिक प्रक्रियाओं के माध्यम से दुनिया के खाद्य बाजार पर कब्जे का सपना देखा गया। लेकिन थोड़े ही समय में अति-उत्पादन के कारण सही दाम मिलने




बंद हो गए और किसान कर्ज में डूब गए। ऐसे में उनके पास अपनी खेती बेचने के सिवा और कोई रास्ता नहीं था। लेकिन भारतीय कानूनों के विवादास्पद प्राविधान कुछ धाराओं तक सीमित हैं और राजनीतिक इच्छाशक्ति से उनका समाधान किया जा सकता है। सरकार का कहना है कि नए कानून 'एक देश एक बाजार' बनाने में सहायता कर व्यापार की बाधाएं दूर करेंगे, पर किसानों को खुले व प्रतियोगी बाजार से डर लगता है जिसमें उनको न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी न मिलने की आशंका है। उनको यह भी लगता है कि अनुबंध करने से कार्पोरेट को चाहे-अनचाहे अधिक शक्तियां मिल जाएंगी। हालांकि, पुरानी व्यवस्था बनी रहेगी, पर वह समानान्तर व्यवस्था से कमजोर पड़ सकती है तथा एकाधिकारी कंपनियों के सामने अंततः ध्वस्त हो सकती है। कृषि उत्पाद व्यापार एवं वाणिज्य कानून, 2020 में घोषित कृषि उत्पाद बाजार समिति-एपीएमसी मंडियों के बाहर खरीद और बिक्री की अनुमति दी गई है और इससे कार्टेलीकरण पर विराम लगाने का प्रयास किया गया है। इसमें राज्य सरकारों को एपीएमसी बाजारों के बाहर बाजार फीस, सेस या लेवी लेने पर रोक लगाई गई है। लेकिन किसानों ने वर्तमान कमीशन एजेंटों पर विश्वास प्रकट किया है क्योंकि उनके लाइसेंस विश्वसनीयता के प्रमाण हैं। कई दौर की बातचीत के बाद सरकार खरीदारों को परिभाषित करने तथा उनको प्रमाणपत्र देने पर तैयार हुई थी। जहां तक ठेका खेती का सवाल है, इसका विकास कुछ खास फसलों के संदर्भ में हुआ है जिनका प्रसंस्करण आसानी से किया जा सकता है या जो बड़ी खाद्य कंपनियों के उपयुक्त हैं। जहां तक एपीएमसी मंडियों के बाहर कृषि उत्पादों की खरीद व बिक्री का सवाल है, कृषि उत्पादों के लिए 'व्यापार' शब्द को इस शर्त के साथ जोड़ा जा सकता है कि किसान पहले अपने उत्पाद अपनी शर्तों पर मंडियों में बेचेंगे और व्यापारी उनको वहां से खरीद सकते हैं। आवश्यक वस्तु संशोधन कानून, 2020 का उद्देश्य अनाजों, दालों, तिलहनों, खाद्य तेलों, प्याज व आलू को नियंत्रित सूची से बाहर कर केवल आपातस्थितियों में हस्तक्षेप का प्राविधान किया गया है। भंडारण की यह सीमा केवल व्यापारियों पर लागू होती है तथा किसान इससे प्रभावित नहीं होंगे। इससे वे लाभान्वित हो सकते हैं।

# व्यापार व आपूर्ति में नई तकनीक

व्यापार व सप्लाई श्रृंखला में ब्लाकचेन टेक्नोलोजी ने प्रासांगिकता सिद्ध की है। हालांकि, यह सभी बिजनेसों के लिए समाधान नहीं है, पर यह अन्य उद्योगों में परिवर्तन ला सकती है।

**हिमा बिंदू कोटा**
(लेखिका एमिटी विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)






ब्लाकचेन एक नवीनतम तकनीक है जिसका प्रयोग बिजनेस की दुनिया में होता है। हालांकि, यह तकनीक 1990 के आसपास आई थी, पर इसे पिछले दशक में क्रिप्टोकरेंसी आने के बाद लोकप्रियता मिली। इसकी ओर बहुत से लोगों का ध्यान आकर्षित हो रहा है, पर बिजनेसों पर इसे लागू करने के लिए समग्र समझदारी जरूरी है क्योंकि इसके बिना इसे पूरी तरह लागू नहीं किया जा सकता है। दुनिया अभी इसे स्वीकार करने, परीक्षण तथा क्रियान्वयन के शुरुआती चरण में है और ब्लाकचेन तकनीक का मुख्यधारा में आना बाकी है। यह एक प्रकार का डेटाबेस है जहां डेटा ब्लाकों में संग्रहीत होता है जो परस्पर एक दूसरे से जुड़े होते हैं। इस प्रकार किसी ब्लाक में आने वाला नया डेटा वर्तमान डेटा से जुड़ जाता है। यह वर्तमान डेटाबेसों से अलग है जहां डेटा को टेबलों के रूप में संग्रहीत किया जाता है और उसका प्रयोग व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह कर सकते हैं। इस प्रकार के डेटा तक पहुंच आसान होती है क्योंकि उसका स्वामित्व व प्रबंधन बिजनेसों के पास होता है। वे आंकड़ों पर नियंत्रण रखते हैं तथा फर्म की जरूरतों के अनुसार उसमें परिवर्तन कर सकते हैं। ब्लाकचेन इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।

इस विशिष्ट तकनीक के चार आयाम हैं। यह सभी प्रासांगिक प्रयोगकर्ताओं के प्रति सचेतन होती है तथा सबके द्वारा लेनदेन वैध ठहराने पर ही लागू होती है। कोई लेनदेन अनुमति के बाद स्वतः सभी प्रयोगकर्ताओं के लेजरों में दर्ज हो जाता है। रिकार्ड स्थाई होता है अर्थात बलाक जोड़ने के बाद उसे हटाया नहीं जा सकता है। इस तकनीक का चौथा और मुख्य आयाम इसकी सुरक्षा है क्योंकि इसे डेटा ब्लाक का हर प्रयोगकर्ता अधिकृत करता है। हालांकि, यह मुख्यतः बिटक्वाइन जैसी क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी है, पर समुचित स्वीकार्यता के बाद यह बिजनेसों के कामकाज में व्यापक परिवर्तन कर सकती है। नई प्रक्रियाओं का प्रयोग बिजनेसों को प्रतियोगी बनाने तथा उनमें नए आयाम शामिल करने के लिए हो सकता है। इससे बिजनेस समाज कल्याण के काम में भी योगदान कर सकते हैं। इसका प्रयोग खाद्य उद्योग में 'फूड फ्राम फार्म टु फोर्क' के रूप में हो सकता है। 2006 में अमेरिका में खासकर पालक में इस्ट्रेचिया कोलई की महामारी आई। सरकार को बैक्टीरिया का स्रोत पता लगाने में केवल दो सप्ताह का समय लगा तथा टनों पालक प्रदूषित होने के भय से अस्वीकार की गई।

ब्लाकचेन तकनीक से सप्लाई श्रृंखला में सभी कंपनियों व उनकी परिस्थितियों के बीच विश्वसनीयता पैदा होती है जिससे प्रदूषण का पता चल जाता है। वालमार्ट, नेस्ले व यूनीलीवर जैसी बड़ी कंपनियां इस तकनीक का प्रयोग कर कच्चे माल की गुणवत्ता पर नियंत्रण करती हैं। इस संबंध में वालमार्ट ने एक प्रयोग किया। वह 2.2 सेकेंड में इसके प्रयोग से आमों के बाग का पता लगाने में सफल हुई। पहले परंपरागत विधियों से कटे आमों के मूल का पता लगाने में लगभग सात दिन का समय लगता। अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन-एफडीए ने हाल ही में इस तकनीक का प्रयोग फूड लेबेलिंग के लिए शुरू किया ताकि ग्राहकों को उत्पादों में 'अतिरिक्त चीनी' की जानकारी दी जा सके। इससे कंपनियों को उत्पाद तैयार करने व उनमें अवयवों का पता लगाना आसान हो गया क्योंकि सूचना ब्लाकों में दर्ज होती है तथा उसे छांटने में समय और पैसे की बचत होती है। वर्तमान युग में सूचना का विशेष महत्व है और निजता की सुरक्षा ब्लाकचेन तकनीक प्रयोग का एक और महत्वपूर्ण आयाम है। पहचान, पासवर्ड, पता, स्थाई एकाउंट नंबर-पैन, बैंक का विवरण आदि इंटरनेट से सभी जगह फैल जाता है जिससे डेटा चोरी का खतरा पैदा होता है। अमेरिकी फेडरल व्यापार आयोग-एफटीसी द्वारा 2019 में पता लगाए 3.2 मिलियन धोखाधड़ी मामलों में से लगभग 20 प्रतिशत का संबंध डेटा व आइडेंटिटी की चोरी से था। 2019 की नार्टन लाइफलाक साइबर सेफ्टी इनसाइट रिपोर्ट के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत भारतीय उपभोक्ताओं ने साइबर अपराधों के कारण 2019 में आइडेंटिटी चोरी का सामना किया जिससे 1.2 ट्रिलियन का नुकसान हुआ।

ब्लाकचेन तकनीक का प्रयोग व्यक्तियों के डेटा की सुरक्षा में होता है तथा सूचना की निजता सुरक्षित रहती है। केन्द्रीय डेटाबेस के वर्तमान व्यवहार की तुलना में ब्लाकचेन लेजर एक डिजिटल अधिकार प्रबंधन व्यवस्था की तरह काम करती है जिस तक पहुंच के लिए उपयुक्त अनुमति जरूरी होती है। उदाहरण के लिए, यदि आयु संबंधी जानकारी चाहिए तो केवल उससे संबंधित आंकड़े ही जारी होंगे, जबकि पते आदि का अतिरिक्त डेटा अलग रहेगा। चूंकि डेटा किसी सेंट्रल डेटाबेस में नहीं रहता है, इसलिए इसकी चोरी का संकट बहुत घट जाता है। इस तकनीक से तीन स्तरीय सुरक्षा डेटा एक्सचेंज से डिजिटल सूचना का पता लगाना आसान नहीं होता है। इसमें डेटा मांगने वाला, डेटा देने वाला व नेटवर्क आपरेटर एक दूसरे को नहीं जानते हैं। यह उपभोक्ताओं का डेटा और उनकी निजता सुनिश्चित करने का एकमात्र रास्ता है। सप्लाई चेन का किसी बिजनेस पर भारी प्रभाव पड़ता है जहां कोई भी बाधा विनाशकारी हो सकती है। ब्लाकचेन तकनीक प्रतिभागियों को सप्लाई श्रृंखला की सभी गतिविधियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। इससे एक मजबूत व्यवस्था बनती है जो बिजनेस स्थितियों को पहले से परिभाषित करती है ताकि ये शर्तें पूरी होने पर अनुबंध स्वतः हो सकें।

इस तकनीक से बिजनेस में कोई सप्लायर या वेंडर आसानी से जोड़ा जा सकता है, जबकि परंपरागत रूप से इसमें काफी समय लगता था। इस प्रक्रिया में नए वेंडर के विस्तृत विवरण विश्वसनीय तरीके से कम समय में दर्ज हो जाते हैं। बैंकिंग व वित्तीय बाजारों, बीमा, जोखिम प्रबंधन, स्वास्थ्यरक्षा उद्योग, शोध एवं क्लीनिकल परीक्षण, वाणिज्य, खुदरा प्रबंधन, मीडिया व स्वचालन उद्योग, आदि में इस तकनीक का प्रयोग हो सकता है। आज की दुनिया में सीमाओं के पार से व्यापार और बिजनेस सामान्य बात हो गई है। लेकिन इस में विश्वास का संकट पैदा हो सकता है। परंपरागत बिजनेस माडलों में यह बड़ी बाधा है जहां प्रक्रिया का संबंध आमतौर से अनेक पक्षों के बीच होता है। ब्लाकचेन तकनीक विभिन्न पक्षों के बीच विश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान कर सकती है।

इसका प्रयोग उबर, एयरबीएनबी व नेटफ्लिक्स जैसी कंपनियां करती हैं। हालांकि, इसके प्रयोग में कुछ चुनौतियां भी हैं। इसके बारे में जानकारी अभी पूरी नहीं है और इसके विकास में कुछ समय लगेगा। यह इंटरनेट तकनीक की तरह है जिसका जन्म केवल चार दशक पहले हुआ था। बिजनेसों को यह तकनीक स्वीकार करने की क्षमता भी विकसित करनी होगी तथा समुचित प्रशासनिक ढांचा सुनिश्चित करना होगा।

ब्लाकचेन तकनीक की संभावना सरकारी नीतियों, बिजनेस परिवेश, कानूनों, विनियमनों व नौकरशाही पर भी निर्भर है। जटिल प्रशासनिक संरचना विरोधाभास, बाधाओं व अधिक खर्च का कारण बनती है। सार्वजनिक क्षेत्र में ब्लाकचेन तकनीक की स्वीकृति में विलंब हो रहा है, जबकि निजी क्षेत्र की तुलना में वहां अनेक प्रतिभागी होने के कारण खतरा भी अधिक है। ब्लाकचेन तकनीक सभी उद्योगों में अपनी प्रासांगिकता सिद्ध कर रही है जिनमें फाइनेंस, सीमाओं के पार व्यापार व सप्लाई श्रृखलायें शामिल हैं। हालांकि, इसमें भले ही हर बिजनेस लक्ष्य का समाधान न हो, पर इसमें अन्य उद्योगों को बदलने की क्षमता है। अनेक बिजनेसमैन ब्लाकचेन तकनीक के प्रयोग से अपनी बिक्री बढ़ाने तथा प्रतियोगी लाभ पाने में सफल हुए हैं। इस तकनीक से निरंतरता, पारदर्शिता तथा विश्वास बनता है, नई परिस्थितियां तैयार होती हैं तथा बिजनेस माडलों के विकास से राजस्व प्राप्ति के नए साधन बनते हैं।

# चिकित्सीय ज्ञान को संरक्षित करना आवश्यक

> नमूनों एवं कार्य प्रणालियों पर जानकारियां संरक्षित करने के लिए क्लाउड स्टोरेज का समुचित उपयोग महत्वपूर्ण होता है जो भविष्य में जीवन सुरक्षा में मददगार हो सकता है।

**के एम चेरियन**
(लेखक पद्म श्री पुरस्कार विजेता एवं कार्डियोथौरैसिक सर्जन हैं)



हम रोमांचक दौर में जी रहे हैं जहां हम चिकित्सा क्षेत्र में प्रतिदिन नई चीजों की खोज कर रहे हैं। यह उन तकनीकी उन्नतियों कह बदौलत हुआ है जो हमने की हैं। उदाहरण के लिए, कोविड-19 वायरस को ही ले लीजिए। 2020 में इसकी उत्पत्ति के समय से ही, हम रोज इसके बारे में एक नए तथ्य की खोज करते रहे हैं। यह सब उन तकनीकी उच्चीकरणों की बदौलत हुआ है जो मनुष्य ने चिकित्या विज्ञान के क्षेत्र में किए हैं, खासकर शल्य क्रिया की शाखा में।

देश में भावी सर्जनों व स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों के लिए विविध कार्य प्रणालियों के इतिहास को समझना व उस पर आगे और विकसित करना महत्वपूर्ण है। लेकिन, चिकित्सा क्षेत्र में हुई सारी प्रगति को सही ढंग से दस्तावेजीकृत नहीं किया गया है। इसलिए, ताजा तकनीकी प्रक्रियाओं का उपयोग करने, संरक्षण करने एवं भावी चिकित्सा पेशेवरों की पीढ़ी को ज्ञान देने के लिए ईमानदारी से प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

इंटरनेट के माध्यम से ज्ञान के आदान-प्रदान के इस युग में, नमूनों एवं कार्य प्रणालियों पर जानकारियां संरक्षित करने के लिए क्लाउड स्टोरेज का समुचित उपयोग महत्वपूर्ण होता है जो भविष्य में बहुत से जीवन बचाने में मददगार हो सकता है। यद्यपि नालंदा दुनिया के पहले विश्वविद्यालयों में से एक था, उस समय विविध अध्ययनों के माध्यम से अर्जित ज्ञान को आगे बढ़ाते रहने के लिए संरक्षित नहीं किया जा सका। यह मानव प्रजाति के लिए बड़ा नुकसान था।

इसलिए, चिकित्सा विज्ञान में निरंतरता और विकास को सुनिश्चित करने के लिए, पहला काम जो किया जाना आवश्यक है वह है केस फाइलों एवं कार्य प्रणालियों का डिजिटलीकरण। यद्यपि बहुत से अस्पतालों एवं स्वास्थ्यरक्षा संगठनों ने अपने मरीजों की फाइलों को डिजिटलीकृत किया हे तथा उन्हें सरवर समर्थित चिकित्सा दस्तावेज प्रणालियों में संग्रहीत किया है, छोटे संगठनों को भी यही करना महत्वपूर्ण है।

शल्य क्रिया संचालन को बॉडी कैमरों अथवा सीसीटीवी कैमरों में कैद किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, इन फाइलों को उचित तरीके से एक सुरक्षित क्लाउड सर्वर में संग्रहीत किया जाना अनिवार्य है क्योंकि हार्ड डिस्क और ड्राइवरों के दोषग्रसित हो जाने, चुरा लिए जाने व उनमें छेड़छाड़ किए जाने की संभावना रहती है। इस तथ्य के चलते कि उनमें मरीजों गोपनीय आंकड़े सग्रहीत होते हैं मगर गलत हाथों में पड़ जाने पर उनके दुरुपयोग की संभावना होती है, इन फाइलों को सुरक्षित रखना व सुरक्षा बनाए रखना बेहद अहम होता है।

दूसरे, हमारे लिए उन आंकड़ों से अंतरदृष्टि प्राप्त करने की प्रबल आवश्यकता होती है जिनका इस्तेमाल हम उपचार, सर्जरी एवं शोध व विकास के लिए करते हैं। आंकड़े प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं लेकिन हमें बिग डाटा एवं एनेलिटिक्स जैसे उचित उपकरणों की आवश्यकता होती है जिससे कि दी गई जानकारियों से अंतरदृष्टि प्राप्त कर प्रभाव पैदा किया जा सके। ऐनालिटिक्स का इस्तेमाल कुछ चिकित्सीय स्थितियों में पैटर्न का पूर्वानुमान लगाने व उपचार करने में किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि हम किसी विशेष आयु वर्ग के लोगों की पिछले कुछ दशकों में अभी तक की गई बाइपास सर्जरियों के सभी मामले लेते हैं व एक साझा पैटर्न प्राप्त करते हैं, तो भविष्य के लिए यह बहुत उपयोगी हो सकता है।

इसी प्रकार, त्रिआयामी प्रिंटिंग एवं त्रिआयामी मॉडलिंग डाक्टरों, नर्सों एवं अन्य स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों को को प्रशिक्षित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण नई पहल है। त्रिआयामी प्रिंटिंग, अथवा एडिटिव विनिर्माण एक प्रक्रिया है जिसमें त्रिआयामी वस्तु का सृजन सामग्री की उत्तरोत्तर सतहों को निर्धारित करके किया जा सकता है, जिसमें से सभी प्रस्तावित वस्तु के पतले काटे गए सेक्शन होते हैं। फिर उस वस्तु को कम्प्यूटर समर्थित प्रारूपण साफ्टवेयर का इस्तेमाल कर प्रारूपित किया जाता है तथा त्रिआयामी प्रिंटिंग की आवश्यकताओं के उपयुक्त बनाया जाता है। चूंकि चिकित्सा छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए वास्तविक मॉडल, खासकर कोविड-19 के दौर में होना संभव नहीं होता है, जहां प्रत्येक अंग की दुर्बोधताओं का अन्वेषण किया जाता है, चलनशील हिस्सों के साथ त्रिआयामी मॉडलों का होना शल्य क्रिया प्रशिक्षण के लिए बहुत उपयोगी होता है।

सर्जनों व स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों के भावी प्रशिक्षण हेतु अगला महत्वपूर्ण कदम है ज्ञान को पहुंच के योग्य बनाना। इसका अर्थ है जानकारियों को माध्यमों एवं मंचों पर सभी के लिए उपलब्ध कराना। हमें धन संबंधी रुकावटें डालकर ज्ञान के प्रवाह को रोकना नहीं चाहिए। इसके बजाए, हमारा उद्देश्य दवा तथा सर्जरी के प्रत्येक क्षेत्र में आभासी ज्ञान केंद्र सृजित करने का होना चाहिए। दुनिया के जाने-माने विशेषज्ञ इस समूह का हिस्सा हो सकते हैं और आकांक्षी पेशेवरों की मार्गदर्शन के द्वारा समय-समय पर मदद कर सकते हैं।

नालंदा विश्वविद्यालय दुनिया के पहले विश्वविद्यालयों में से एक था, जिसकी स्थापना 5वीं सदी ईसा पूर्व हुई थी, और कहा जाता है कि भगवान बुद्ध अपने जीवनकाल के दौरान स्वयं वहां गए थे। अपने चरम पर, 7 वीं सदी में, नालंदा विश्वविद्यालय में 10,000 छात्र और 20,000 शिक्षक थे जब चीनी विद्वान ह्वेनसांग वहां पहुंचा था। लेकिन उस ज्ञान को संरक्षित करने की तकनीक के अभाव में सारा ज्ञान नष्ट हो गया।

प्राचीन काल की बुद्धिमत्ता को वर्तमान उन्नत एवं उच्चीकृत आधुनिक विज्ञान से जोड़ना महत्वपूर्ण है। इन प्रयासों का परिणाम भावी पीढ़ियों को शिक्षित करने में आंकड़ों के हस्तांतरण एवं पुनरोवलोकन के तौर पर सामने आएगा, अतः ज्ञान का नष्ट होना संभाव नहीं होगा। सौभाग्य से, हम अब ज्ञान को संरक्षित करने की स्थिति में पहुंच गए हैं।

## आप की बात

### जरूरी है डब्लूएचओ की पहल

**ब्रिटेन** से आए नए स्ट्रेन के विश्व के कई अन्य देशों में फैलने के साथ ही अमेरिका की महामारी से हो रही दुर्गति चिंताजनक है।टीकाकरण की शुरुआत के बावजूद 1 दिन में 4000 से अधिक लोगों की मौत बताती है कि संक्रमण की गति कैसी है? लगातार बढ़ रहे आंकड़ों से दुनिया के अन्य देशों को भी सबक लेना चाहिए और कम से कम टीकाकरण के बाद भी सतर्क रहने की समझ रखनी चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन कोई पहल क्यों नहीं करता? कोराना लगातार दुनिया को आतंकित करता जा रहा है। ब्रिटेन से नए स्वरूप में आया कोरोना दुनिया के 22 देशों को संक्रमण की जद में ले चुका है। इससे भय बढ़ता जा रहा है। अमेरिका इस समय सबसे अधिक आहत है क्योंकि टीकाकरण और अन्य उपायों के बाद भी बड़ी संख्या में वहां मौतें प्रतिदिन हो रही है। 4000 लोगों का एक ही दिन बीमारी के आगोश में समा जाना इस बात का संकेत है कि वहां किस कदर संक्रमण फैल रहा है। बावजूद इसके सरकार क्या कर रही है? संक्रमण भले ही अमेरिका में बढ़ रहा हो पर इसका खामियाजा दुनिया को भी भुगतना पड़ सकता है। वुहान की लापरवाही किस कदर लोगों के गले पड़ी है यह समझाने की जरूरत नहीं है। डब्लूएचओ इस दिशा में ठोस पहल करे।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### पर्यटन केंद्रों में स्वच्छता

**वर्तमान** में पर्यटन स्थलों पर और बेहतर सुविधाओं की आवश्यकता है। फिल्म निर्माताओं को भी म.प्र.के पर्यटन स्थलों का सोंदर्य व ऐतिहासिक धरोहरे काफी भा रही है विशेष कर मांडू ,महेश्वर में कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है , इंदौर, उज्जैन ,भोपाल, जबलपुर ,पंचमढ़ी आदि मप्र के कई क्षेत्रों में फिल्मो की शूटिंग भी की जा कर बड़े परदे पर देखी जा रही हैं। फिल्म निर्माताओं को लोकेशन हेतु विदेश जाकर दृश्य फिल्माने पर काफी लागत आती थी। मप्र में ही कई सुंदर स्थल उपलब्ध होने से फिल्म लागत निर्माण में फायदा हुआ है। लोगों को भी चाहिए की पर्यटन स्थलों पर गंदगी .कूड़ा-करकट ना फैलाएं ,दीवारों पर कुछ ना लिखें, क्योंकि सौंदर्य निहारने ऐतिहासिक महत्व को जानने, स्थानीय कला को पहचानने के लिए और दो पल सुकून पाने के लिए लोग आते हैं। स्वच्छ पर्यटन सभी जगह बना रहे ऐसा स्वच्छता का कार्य जागरूकता से करना होगा, ताकि पर्यटकों को व फिल्म निर्माताओं को पर्यटन स्थलों का आकर्षण दिलों में जगह बना सके। इसके अलावा और भी रमणीय स्थल चिन्हित करके पर्यटन क्षेत्र विकसित करने के लिए शासन का ध्यान आकर्षित कर क्षेत्र की सौन्दर्य और पहचान स्थापित करने में मदद की जाना चाहिए। – **संजय वर्मा,** मनावर, मप्र

### नकेल कसे सरकार

**स्वामी** विवेकानन्द, श्री राम, मोहम्मद पैगम्बर, गुरु गोविंद सिंह क्या सोचते होंगे ?देश में महिलाओं के प्रति दिन प्रतिदिन बढ़ते अपराध, किसी देश को आखिर कैसे विकासशील बना सकते हैं ?ये किसी एक धर्म या पंथ की बात नहीं है, बल्कि सभी को इस विषय के बारे में सोचने और समझने की जरूरत है। चूंकि बलात्कार जैसे घिनौने कुकर्म करने वाला आसमान से नहीं बल्कि हमारे और आपके बीच से ही होता है। ऐसे में हमसब की जिम्मेदारी बनती है कि ऐसे लोगों के खिलाफ सतर्क रहे और खुल के आवाज उठाए, तभी कुछ हो सकता है ।ताजा सर्वे के अनुसार, राजस्थान में लगभग 5000, उत्तरप्रदेश में लगभग 3000 बलात्कार के केस है ।जिस राज्य के मुखिया राम राज को बढ़ावा देते हैं, वहां ऐसे घटनाएं रोज हो रही, क्या यही राम राज है, जहां सीता सुरक्षित नहीं ? इसके नकारात्मक प्रभाव के कारण, लड़कियों को अभिभावक शिक्षालय नहीं भेजते, असुरक्षा महसूस करते हैं। लगातार तूल पकड़ रहे मामलों का निस्तारण अत्यंत आवश्यक है।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**किसानों** को भ्रमित करने के सरकार के प्रयास निरर्थक हैं। किसान इरादा समझते हैं और उनकी मांगे स्पष्ट हैं कि कृषि कानून वापस लिए जाएं।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**समझदारी** भरी नीतियों एवं उचित निवेशों के द्वारा हम ऐसा रास्ता निर्धारित कर सकते हैं जो सभी के लिए स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्थाओं के पुनरोत्थान एवं जैव विविधता संरक्षण में सहायक हो।

– **एंटोनियो गुटरेस**
संयुक्त राष्ट्र महासचिवा



**वंशवाद** की राजनीति लोकतंत्र की सबसे बड़ी दुश्मन है। इसने एक नए प्रकार की तानाशाही को जन्म दिया और देश पर अदक्षता का बोझ लाद दिया।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई बड़े बदलाव किए

## उप मुख्यमंत्री ने गिनाईं अपने चार साल की उपलब्धियां

● नई शिक्षा नीति के तहत सत्र 2021-22 से एमफिल कोर्स नहीः डॉ दिनेश शर्मा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में उप्र लोक सेवा आयोग से 712 पदों के सापेक्ष नवचयनित प्रवक्ताओं की संस्तुतियां प्राप्त हो रही हैं जिनकी तैनाती ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिये की जाएगी। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत सत्र 2021-22 से एमफिल कोर्स को हटा दिया गया है। उप मुख्यमंत्री बुधवार को लोकभवन में अपने चार साल की उपलब्धियों को मीडिया के साथ साझा कर रहे थे। डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि बहुत कम समय में भाजपा सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई बड़े बदलाव किए हैं। सरकार ने शैक्षणिक सत्र को नियमित किया है। माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा में समय पर परीक्षाए नकल विहीन परीक्षा कराई है। सरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नये प्रयोग करने से लेकर नियुक्ति प्रक्रिया तक में पारदर्शी व्यवस्था लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कम समय में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। 28 पहले और दो बाद में कुल 30 निजी विश्वविद्यालयों को हमने आशय पत्र निर्गत किया है। शिक्षा क्षेत्र में नए विवि की स्थापना का प्रयास किया गया है। अलीगढ़, आगरा और सहारनपुर में राज्य विवि की स्थापना का कार्य तेजी से चल रहा है। आजमगढ़ विवि के लिए भूमि का चिह्नीकरण किया जा चुका है। बजट का निर्धारण भी हो चुका है।

**सामान्य वर्ग को दिया आरक्षण**

प्रदेश में गोरखपुर विवि में शोध पीठ की स्थापना की गई है। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में सामान्य वर्ग को 10 फीसदी आरक्षण देने की व्यवस्था शुरू की गई है। नियुक्ति के मामले में पारदर्शिता बरती जा रही है। नियुक्ति प्रक्रिया तेजी से चल रही है। शिक्षा के क्षेत्र में नए परिवर्तन किए गए हैं। कोरोना के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई कराई गई। उत्कृष्ट श्रेणी का ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध कराया गया। 70 हजार से अधिक ई-कंटेंट छात्रों को निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। इसके लिए नेशनल डीजिटिल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया ने यूपी सरकार से सम्पर्क किया है।

**वरदान साबित हो रही राष्ट्रीय शिक्षा नीति**

डिप्टी सीएम ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति पूरे भारत में वरदान साबित हो रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने नीति को लागू करने के लिए 16 सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन किया है। इसमें विशेषज्ञ शामिल हैं। विभागीय स्टीयरिंग कमेटी भी गठित की गई है। रोजगार परक शिक्षा पर भी सरकार का जोर है। इस दिशा में काम भी किया गया है। आकांक्षात्मक जिलों के महाविद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। इनमें राजकीय महाविद्यालयों को प्री लोडेड टैबलेट दिए जाएंगे।

# योगी ने दी मकर संक्रांति व खिचड़ी पर्व की शुभकामनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मकर संक्रांति और खिचड़ी पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विभिन्न भागों में मकर संक्रांति का विशिष्ट पर्व विभिन्न रूपों में मनाया जाता है। यह पर्व हमारे देश की समृद्ध विरासत एवं सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने मकर संक्रांति और खिचड़ी पर्व के अवसर पर समस्त अनुष्ठानों में कोविड-19 के प्रोटोकॉल तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण पालन करने की अपील की है।

ज्ञातव्य है कि सम्पूर्ण भारत में मकर संक्रांति विभिन्न रूपों में मनायी जाती है। उत्तर प्रदेश और बिहार सहित विभिन्न राज्यों में इसे खिचड़ी पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं और उत्तरायण हो जाते हैं। उत्तरायण को सकारात्मकता का प्रतीक माना गया है। मकर संक्रांति पर सूर्यदेव की राशि में हुआ परिवर्तन अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होने का द्योतक है। यह सर्वविदित है कि प्रकाश अधिक होने से प्राणियों की चेतना एवं कार्यशक्ति में वृद्धि होती है। इसलिए पूरे भारतवर्ष में इस अवसर पर लोग विविध रूपों में सूर्यदेव की उपासना करते हैं। मकर संक्रांति के अवसर पर पवित्र नदियों एवं सरोवरों में स्नान, पूजा अर्चना तथा दान का विशेष महत्व है। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की है। श्री दीक्षित ने अपने संदेश में कहा कि मकर संक्रांति पर्व हमें उष्मा व प्रकाश अपने भीतर लाने और दूसरों तक इसका प्रसार करने की प्रेरणा प्रदान करता है, जिसमें हमारे देश की बहुरंगी संस्कृत के दर्शन होते हैं।

# सूबे में 700 आयुष डाक्टरों की भर्ती के लिए आयोग को भेजा प्रस्ताव

**लखनऊ।** सूबे के गोरखपुर जनपद में स्थापित हो रहे आयुष विश्वविद्यालय व कई कालेजों में आयुष विशेषज्ञ के खाली पदों को देखते हुए राज्य सरकार ने लोक सेवा आयोग को 700 आयुष डाक्टरों की नियुक्ति का प्रस्ताव भेजने के साथ भेजा है। इसके साथ ही सरकार की तरफसे 30 प्रोफेसरों और 130 असिस्टेंट प्रोफेसरों की भी जल्द भर्ती की जाएगी। आयुष विभाग के विशेष सचिव राजकमल यादव ने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1045 आयुष डाक्टरों को नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। प्रदेश में बन रहे मेडिकल कालेजों के लिए करीब 700 आयुष डाक्टरों की और जरूरत है। लिहाजा मुख्यमंत्री की अनुमति के बाद लोक सेवा आयोग को प्रस्ताव भेजा गया है ताकि डाक्टरों की जल्द से जल्द नियुक्ति की जा सके। उन्होंने बताया कि इसी के साथ 130 असिस्टेंट प्रोफेसरों का चयन होगा। साथ ही विभिन्न कालेजों में तैनाती के लिए 30 प्रोफेसरों को भी साक्षात्कार के आधार पर भर्ती किया जाएगा। इसके लिए भी लोकसेवा आयोग प्रयागराज को अध्याचन भेज दिया गया है।

# निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का निस्तारण समय से करें

● टॉय सिटी में फ्लैटेड फैक्ट्री की स्थापना को बढ़ावा दिया जाए

● अधूरी ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं को पूरा करने के लिए बनेगी नीति



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा कि औद्योगिक ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का निस्तारण समयबद्ध सुनिश्चित किया जाए और इसकी नियमित रूप से मानीटरिंग भी की जाए। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को भूखण्ड आवंटन से संबंधित जितने भी प्रकरण लंबित है। उनकी सूची बनाकर तत्काल निस्तारण किया जाए। इसके पश्चात यदि कोई मामला प्रकाश में आयेगा तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

पिकप भवन में नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा यमुना प्राधिकरणों के कार्यों की समीक्षा करते हुए महाना ने कहा कि यमुना प्राधिकरण के तहत 875 प्लाट आवंटित किये जा चुके हैं। शीघ्र 125 हेक्टेअर भूमि पर 600 प्लाटों की स्कीम लांच की जायेगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रस्तावित इलेक्ट्रानिक सिटी और एविएशन हब के विकास को प्रमुखता दी जाए। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित टॉय सिटी में फ्लैटेड फैक्ट्री की स्थापना को बढ़ावा दिया जाए। औद्योगिक विकास मंत्री ने तीनों प्राधिकरणों से संबंधित फ्लैट वायर की समस्याओं, सिंगल विण्डो क्लियरेंस सिस्टम, मेट्रो प्रोजेक्ट, निवेश योजनाओं, लैण्ड बैंक, औद्योगिक सेक्टरों, अवस्थापना सुविधाओं का विकास, आय एवं व्यय की स्थिति, जीआईएस प्रणाली, भूमि अधिग्रहण तथा किसानों की समस्याओं के समाधान की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। निर्देश दिये कि अपूर्ण ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं को पूर्ण करने के लिए होम बायर्स के समाधान की नीति बनाई जाए। प्राधिकरण की सभी सुविधाएं ऑन लाईन उपलब्ध करायी जाए और इसे निवेश मित्र के पोर्टल पर अपलोड किया जाए। उन्होंने प्राधिकरणों को कड़े निर्देश दिए कि ऑफ लाईन प्रार्थना-पत्र स्वीकार न किए जाएं। प्राधिकरण के संबंधित विभागों से सभी रिक्त भूखण्डों की सूची प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराएं।

# बरेली व कुशीनगर एयरपोर्ट उड़ान के लिए तैयारः नंदी

● यूपी में 12 एयरपोर्ट जल्द बनकर होंगे तैयार, जनता को मिलेंगी बेहतर हवाई सेवाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नागरिक** उड्डयन मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एयर कनेक्टिविटी में जितना कार्य किया है उतना पहले प्रदेश में कभी नहीं हुआ। निर्माणाधीन 12 नए एयरपोर्ट शीघ्र बनकर तैयार होंगे। श्री नंदी के अनुसार बरेली एवं कुशीनगर एयरपोर्ट उड़ान के लिए तैयार है। नंद गोपाल गुप्ता ने कहा है कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

एयर कनेक्टिविटी से जुड़ने के पश्चात राज्य में बेहतर हवाई सेवाएं नागरिकों को सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि लखनऊ से 21, वाराणसी से 19, गोरखपुर से 6, आगरा से 5, प्रयागराज से 7, कानपुर नगर से 3, हिण्डन से 2 हवाई सेवाएं वर्तमान में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि आजमगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती, चित्रकूट म्योरपुर सोनभद्र, झांसी में कुल 7 एयरपोर्ट तेजी से विकसित किये जा रहे हैं। अयोध्या में अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट निर्माण के लिए 500 करोड़ रूपये का प्राविधान किया गया है। गाजीपुर, सहारनपुर सरसांवा तथा मेरठ में भी एयरपोर्ट के विकास का कार्य प्रस्तावित है। प्रयागराज एयरपोर्ट के विषय में श्री नंदी ने बताया कि प्रयागराज में वाह्य ड्रनेज के लिए 120.59 लाख रूपए का आगणन प्राप्त हुआ है जिसका परीक्षण मुख्य अभियन्ता लोक निर्माण विभाग से कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गोरखपुर एयरपोर्ट जहां से 6 स्थलों के लिए उड़ानें संचालित होती हैं वहां एक नए सिविल इंक्लेव बनाने का काम किया जा रहा है। कानपुर एयरपोर्ट में नए सिविल इंक्लेव बनाये जाने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगभग 50 एकड़ भूमि क्रय करके निशुल्क रूप में एयरपोर्ट अथारिटी आफ इडिया को उपलब्ध कराई जा चुकी है जिस पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो वर्ष 2021-22 में पूर्ण होगा। 3.527 हेक्टेअर सरकारी भूमि के पुनर्ग्रहण के लिए 1.78 करोड़ रुपए तथा विद्युत संयोजन, विद्युत लाईन को भूमिगत करने के लिए 8.50 करोड़ की मांग के अनुसार वित्तीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है। नागरिक उड्डयन मंत्री ने बताया कि झांसी एयरपोर्ट का विकास बिड के अनुसार 19 सीटर वायुयानों के संचालन कराये जाने के लिए एएआई द्वारा प्री-फिजिबिलिटी स्टडी कराई गई है। ललितपुर एयरपोर्ट के लिए सर्वे का कार्य हो चुका है। अयोध्या एयरपोर्ट के लिए अब तक 145 एकड़ भूमि क्रय की जा चुकी है। कुशीनगर एयरपोर्ट को भारत सरकार द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित किया गया है। यह एयरपोर्ट अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए लगभग तैयार हो गया है।

# यूपी में बेटी बचाओ और मिशन शक्ति के नारे खोखलेः प्रियंका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक बार फिर उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े किए हैं। दरअसल प्रियंका ने एक रिपोर्ट साझा करते हुए योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। प्रियंका ने लिखा, यूपी के मुख्यमंत्री के गृहक्षेत्र से आई खबर पढ़कर आपको अंदाजा लगेगा कि जिस सिस्टम ने अभी कुछ दिनों ही पहले महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए गए मिशन शक्ति के नाम पर झूठे प्रचार में करोड़ों रुपए बहा दिए, वो सिस्टम जमीनी स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर इस कदर उपेक्षित रवैया अपनाए हुए है। प्रियंका ने सोशल मीडिया पर डाली अपनी पोस्ट में लिखा है कि इस खबर के अनुसार गोरखपुर में पिछले दिनों 12 से अधिक लड़कियों की मौत के मामले आए। इन अपराधों में सजा दिलाना तो दूर कुछ मामलों में पुलिस मृत लड़कियों की पहचान तक नहीं कर पाई। उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ हर दिन औसतन 165 अपराध होते हैं। पिछले दिनों ऐसे सैकड़ों मामले सामने आए जिनमें या तो प्रशासन ने पीड़ित पक्ष की बात नहीं सुनी या फरियादी महिला से ही बदतमीजी कर दी।

# सत्ता के अहंकार में किसानों का अपमान कर रहे हैं भाजपा सांसदः कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के सांसद साक्षी महाराज के बयान पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता बृजेन्द्र कुमार सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह सत्ता के अहंकार में हमारे अन्नदाता किसानों का अपमान कर रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि साक्षी महाराज का यह कहना कि वही किसान आन्दोलन कर रहे हैं जिन्हें राम मन्दिर बनने से खुशी नहीं हुई है या सीएए-एनआरसी के समर्थक हैं, वही लोग धरने पर बैठे हैं। यह कहना अन्नदाता किसानों का अपमान करना है। भगवान श्रीराम के मंदिर बनने से हर किसान को तथा हर भारतवासी को गर्व और खुशी है परन्तु इसका मतलब यह नहीं होता कि किसान अपनी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करवाने, अपनी खेती को बचाने तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम के खत्म होने की वजह से व्यापारियों को जमाखोरी करने की असीमित छूट देने का समर्थन करें। मोदी सरकार द्वारा बनाये गए तीनों कृषि कानून किसानों के हितों के खिलाफ हैं तथा अपने चहेते चंद पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए ही बनाए गए हैं। सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत के अन्नदाता किसानों के साथ पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी है।

# प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में होगी एक-एक टेक्सटाइल पार्क की स्थापना

लखनऊ। यूपी में वस्त्रोद्योग को बढ़ावा देने के लिए गोरखपुर, वाराणसी तथा आगरा में टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क विकसित किया जाएगा। इन तीनों जनपदों में पार्क के विकास विकासकर्ताओं को भूमि खरीद के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा जिससे प्रोजेक्ट की लागत कम होगी और उद्यमी आसानी से अपनी इकाई स्थापित कर सकेंगे। एसीएस एमएसएमई डा नवनीत सहगल की अध्यक्षता में लोक भवन में आयोजित शासकीय स्वीकृति समिति की बैठक में निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में टेक्सटाइल एवं अपैरल के विकास के लिए आरएफपी आमंत्रित की गई। तीन विकासकर्ता कम्पनियों ने आरएफपी प्रस्तुत की है।

# कोविड एकमुश्त समाधान योजना का करें प्रचार-प्रसारः श्रीकांत

● उपभोक्ताओं को 31 जनवरी तक मिलेगा योजना का लाभ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के सभी व्यवसायिक, औद्योगिक एवं निजी संस्थानों के विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत बकाए में राहत देने के लिए 15 दिसंबर 2020 से कोविड-19 एकमुश्त समाधान योजना लागू की थी। इस योजना के तहत इस श्रेणी के उपभोक्ताओं को 30 नवंबर 2020 तक के उनके विद्युत बकाये पर सर चार्ज के रूप में लगाई गई धनराशि में 100 प्रतिशत की छूट प्रदान की गई है जिससे कि बकायेदार उपभोक्ता अपना विद्युत बिल आसानी से जमा कर सके। यह योजना 31 जनवरी तक के लिए लागू रहेगी।

ऊर्जा मंत्री ने उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के चेयरमैन को निर्देशित किया है कि योजना का लाभ उपभोक्ताओं को मिले, इसके लिए व्यापक अभियान चलाया जाए। योजना के प्रगति पर प्रतिदिन समीक्षा की जाए। उपभोक्ताओं का पंजीकरण एवं बिल संशोधन के लिए नियमित रूप से कैंपों का आयोजन किया जाए। उन्होंने इस श्रेणी के उपभोक्ताओं को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित भी किया जाए। ऊर्जा मंत्री ने कोविड-19 एकमुश्त समाधान योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए योजना का लाभ उपभोक्ताओं तक ले जाने के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि वेबसाइट पर जाकर उपभोक्ता घर बैठे भी सरचार्ज माफी के लिए पंजीकरण कर सकता है। इसके अतिरिक्त अधिशासी अभियंता तथा एसडीओ कार्यालय एवम ग्रामीण क्षेत्रों में सीएससी केंद्रों पर जाकर भी ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा सकता है। इसके साथ ही उपभोक्ता 1912 पर भी काल कर सहायता ले सकता है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को पंजीकरण के समय नवंबर 2020 तक के विद्युत बीजक में प्रदर्शित मूल धनराशि का 30 प्रतिशत तथा इसके उपरांत के वर्तमान देवो के साथ जमा करना होगा।

ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने बताया कि प्रदेश भर में इस श्रेणी के 6.80 लाख उपभोक्ता है लेकिन अभी तक इस योजना का लाभ लेने के लिए मात्र 69234 उपभोक्ताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है जो कि संपूर्ण बकायेदारों का मात्र 10.2 प्रतिशत है।

# ईज आफ लिविंग के जरिए योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाएगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव आरके तिवारी ने सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए ईज ऑफ लिविंग के सम्बन्ध में बैठक करते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ जनता को मिले इसके लिए प्रक्रिया का और सरलीकरण किया जाना चाहिए।

उन्होंने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि खरीफ, रबी एवं जायद में बीज, उर्वरक एवं कृषि रक्षा रसायनों की उपलब्धता के सम्बन्ध में बीज, उर्वरक लाइसेन्स दिये जाने की समय सीमा निर्धारित कर दी जाये। उन्नतिशील बीजों को कृषकों के डोर स्टेप डिलीवरी के लिए व्यवस्था एफपीओ के माध्यम से किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि उचित मूल्य की दुकानों पर राशन की उपलब्धता की सूचना अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था कराई जाए और साथ ही राशन की उपलब्धता की सूचना दिये जाने की समय सीमा के लिए माह की किसी तिथि को निर्धारित कर लिया जाये जिससे स्पष्टता बनी रहे। उन्होंने कहा कि राशन की दुकानों पर घटतौली रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था बनायी जाए तथा सभी दुकानों पर इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन भी लगाई जाए। श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा के दौरान विभाग द्वारा बताया गया कि ऑनलाइन पंजीकरण, नवीनीकरण, लाइसेन्सिंग इत्यादि से सम्बन्धित आम जनमानस, उद्यमियों को प्रदान की जा रही 35 सेवाओं को तेलांगना राज्य की तर्ज पर 7 सेवाओं में समेकित कराये जाने का कार्य प्रक्रियाधीन है। मुख्य सचिव ने सेवाओं को समेकित कराये जाने की समय-सीमा को निर्धारित किये जाने के निर्देश दिये।

# एनएसयूआई ने लिया हर विश्वविद्यालय महाविद्यालय तक पहुंचने का संकल्प

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** सेंट्रल जोन के अध्यक्ष अनस रहमान और एनएसयूआई के राष्ट्रीय सह प्रभारी सचिन द्विवेदी की मौजूदगी में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में एनएसयूआई उप्र मध्य जोन की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक व भावी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में राष्ट्रीय सह प्रभारी सचिन द्विवेदी ने विश्वविद्यालय, महाविद्यालय में स्कालरशिप, आरक्षण, शिक्षा पर घटता खर्च और संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा के निजीकरण, उच्च शिक्षा के बजट में लगातार हो रही कटौतीए शिक्षा के भगवाकरण और छात्र संघों की अघोषित तालाबंदी के खिलाफ एनएससयूआई संघर्ष करेगी। उन्होंने योगी सरकार पर आरोप लगाया कि छात्रसंघों की तालाबंदी करके लोकतंत्र का गला घोंटने का काम कर रही है लेकिन एनएसयूआई के कार्यकर्ता संविधान की रक्षा के लिए और लोकतंत्र के लिए अपने संघर्ष को जारी रखेंगे। योगी सरकार एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं पर कितने भी मुकदमें लाद दे और जेल भेजे। इसके अलावा बैठक में विश्वविद्यालय सहित डिग्री कालेज विधानसभावार और ब्लॉक स्तर पर एनएसयूआई की कार्यकारिणी गठित करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, शैलेश शुक्ला, विशाल वर्मा, महासचिव शिवतेन्द्र, जीशान, सौरभ लखनऊ के अध्यक्ष मोहम्मद तारिक, प्रशासन प्रभारी मोहम्मद शारिक अनीस सहित 24 जिलों के एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मौजूद रहे।

# घुमक्कड़ अपराधियों पर लगाया जाए प्रभावी अंकुशः डीजीपी

**लखनऊ।** डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने प्रदेश के शहरों कस्बों और ग्रामीण अंचल के बाहरी क्षेत्रों पर घुमक्कड़ अपराधियों द्वारा घठित अपराध तथा अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। राज्य के सभी जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ व नोएडा के पुलिस आयुक्त, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक और जिलों के पुलिस कप्तानों को डीजीपी ने इस संबंध में परिपत्र जारी किया है। जारी निर्देशों में डीजीपी ने कहा है कि घुमक्कड़ अपराधियों के ठहरने के ठिकानों विशेष रूप से शहर, कस्बों के बाहरी इलाकों, रेलवे लाइन एवं सड़को के आस पास लगे अस्थायी टेन्टो पर चेकिंग करायी जाए। किन्तु यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति को अनावश्यक परेशान न किया जाए। जनपद के ऐसे क्षेत्र जो इस प्रकार के अपराधों के लिए संवेदनशील हो सकते हैं एवं प्रमुख बाजारों में विशेष रूप से रात्रि से प्रातः तक नियमित गश्त करायी जाए। संवेदनशील राजमार्गो पर गश्त के लिए पर्याप्त संख्या में पेट्रोलिंग वाहन लगाए जाएं तथा संवेदनशील एवं सूनसान स्थानों पर सुदृढ़ पुलिस पिकेट एवं गश्त लगायी जाए।

# बारहवीं सीट पर टिकी सबकी निगाहें

● विधान परिषद चुनाव हुआ रोचक



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** में विधान परिषद का चुनाव अब और रोचक होता दिखाई दे रहा है। सपा ने विधान परिषद चुनाव में बड़ा दांव खेला है। विधायकों की संख्या बल के अनुसार समाजवादी पार्टी एक सीट जीत सकती है लेकिन दूसरा प्रत्याशी का ऐलान कर पार्टी ने मुकाबला रोचक कर दिया है। वहीं बीजेपी दस प्रत्याशियों को सीधे उच्च सदन भेजेगी लेकिन बीजेपी की रणनीति उस सीट के अलावा एक और सीट पर कब्जा करने की है। इसके लिए बीजेपी की निगाह विपक्षी खेमों के विधायकों पर टिकी है जो आसानी से उनके पाले में वोटिंग कर सके। सपा विधायकों की संख्या के बल पर 12 सीटों में से सिर्फ एक प्रत्याशी को ही जीत दिला सकती है। दूसरी सीट के लिए उसे अन्य विधायकों की जरूरत होगी। जाहिर है कि सपा भी बीजेपी की तरह बसपा के साथ ही दूसरे दलों के कुछ असंतुष्ट विधायकों का समर्थन हासिल अपनी दूसरी सीट जिताने पर है। सपा ने पिछले दिनों हुए राज्यसभा चुनाव में अंतिम समय में प्रकाश बजाज को उतार कर हलचल मचा दी थी। उस समय भी सपा के निशाने पर बसपा थी। बीजेपी के खाते में 10 सीटें तय मानी जा रही हैं जबकि सपा को एक सीट मिलनी तय है। वहीं कांग्रेस और बसपा एक भी सीट जीतने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि 12 वीं सीट पर किस सियासी दल का कब्जा होगा क्योंकि कोई भी पार्टी अपने दम पर यह सीट जीतने की स्थिति में नहीं है। विधान सभा में बीजेपी के पास सहयोगी दलों को मिला कर कुल 319 विधायक हैं। सपा के 48 सदस्य हैं जबकि के 18 सदस्यों में से पांच ने बीते नवंबर में हुए राज्यसभा चुनाव के बाद पार्टी से बगावत कर दी थी। बसपा ने अपने बागी नेताओं को नोटिस जारी किया है जबकि रामवीर उपाध्याय को पार्टी ने सदस्यता से निलंबित कर दिया है। पार्टी सदस्यों की संख्या 10 के करीब मानी जा रही है। कांग्रेस के सात विधायकों में से दो बागी रुख अपनाए हुए हैं जिसके चलते पांच ही विधायक पार्टी के साथ हैं। विशेष सचिव विधानसभा एवं निर्वाचन अधिकारी बृज भूषण दुबे ने बताया नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख 18 जनवरी नियत की गई है। नामांकन कराने की तिथि 11 जनवरी प्रारंभ की गई है । अब तक कुल 22 नामांकन पत्र खरीदे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 19 जनवरी की तिथि नियत की गई है। नामांकन करने वाले अभ्यर्थी 21 जनवरी तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि आवश्यक होने पर 28 जनवरी को मतदान कराया जाएगा।

## सपा ने अहमद हसन व राजेंद्र चौधरी को बनाया प्रत्याशी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव में समाजवादी पार्टी ने नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मंत्री अहमद हसन और सपा प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। देखा जाए तो विधायकों के संख्या बल के अनुसार समाजवादी पार्टी एक सीट ही जीत सकती है, लेकिन दूसरे प्रत्याशी का ऐलान कर समाजवादी पार्टी ने मुकाबला रोचक कर दिया है। बुधवार को सपा मुख्यालय में आयोजित विधायकों की बैठक के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रत्याशियों का ऐलान किया।

बैठक में सपा प्रत्याशी के प्रस्तावक कौन कौन से विधायक होंगे यह भी तय किया गया है। 14 जनवरी गुरुवार को भी सपा विधायक की पार्टी मुख्यालय में बैठक होगी। पार्टी मुख्यालय में काफी लंबी चली विधायकों की बैठक के दौरान विधान परिषद की 12 सीटों को लेकर 28 जनवरी को होने वाले चुनाव की रणनीति तैयार की गई। बैठक का नेतृत्व सपा मुखिया अखिलेश यादव स्वयं कर रहे थे। सपा मुखिया अखिलेश यादव के द्वारा दो प्रत्याशियों की घोषणा करने के बाद विधान परिषद चुनाव का मुकाबला और अधिक दिलचस्प हो गया।

# प्रियंका ने यूपी के युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं से की बात

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं प्रभारी उप्र प्रियंका गांधी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से मुखातिब हुईं। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 76वीं जयन्ती के अवसर पर राजीव गांधी प्रतियोगिता आयोजित हुई थी जिसमें सबसे ज्यादा रजिस्ट्रेशन कार्यकर्ताओं ने कराए थे। प्रतियोगिता में विभिन्न फ्रंटल और प्रकोष्ठ के चेयरमैन शामिल रहे हैं। वीडियों कांफ्रेंसिंग के जरिए आहूत इस बैठक में कार्यकर्ताओं ने आगे और बेहतरीन प्रतियोगिता कराने की प्रतिबद्धता जाहिर की। इस मौके पर कांग्रेस महासचिव ने कार्यकर्ताओं की मेहनत को सराहा। उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी प्रतियोगिता में 12 लाख से अधिक छात्र युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

# मकर संक्रांति पर लल्लू ने दीं शुभकामनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मकर** संक्रान्ति के पावन पर्व पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए उनके सुख, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि संक्रान्ति अर्थात सूर्य का धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश, खरमास समाप्त करके सूर्य का उत्तरायण होना हिन्दू धर्मावलम्बियों और भारतीय सभ्यता दोनों में शुभता का प्रतीक पर्व माना जाता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने लोहड़ी के पवित्र पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा है कि खुशी का और शुभता का यह प्रतीक पर्व सभी के जीवन में खुशहाली लाए।

# एदियुरप्पा ने कैबिनेट का विस्तार किया, सात मंत्रियों ने शपथ ली

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** में 17 महीने पुरानी कैबिनेट का बुधवार को विस्तार करते हुए मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा ने सात नए मंत्रियों को इसमें शामिल किया। राज्यपाल वजुभाई वाला ने राजभवन में आयोजित एक समारोह में मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नए मंत्रियों में विधायक उमेश कट्टी (हुक्केरी), एस. अंगारा (सुल्लिआ), मुरुगेश निरानी (बिल्गी) और अरविंद लिम्बावली (महादेवपुरा) और एमएलसी आर. शंकर, एम. टी. बी. नागराज और सी. पी. योगेश्वर शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री एदियुरप्पा, उनकी कैबिनेट सहयोगी, भाजपा नेता और पदाधिकारी, पार्टी के महासचिव और कर्नाटक के प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार कतील, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, नए मंत्रियों के परिजन और समर्थक सहित अन्य लोग उपस्थित थे। जुलाई 2019 में एदियुरप्पा के फिर से मुख्यमंत्री बनने के बाद यह कैबिनेट का तीसरा विस्तार है। कांग्रेस-जद(एस) गठबंधन की पूर्ववर्ती सरकार 17 विधायकों के इस्तीफे के बाद गिर गई थी। सभी विधायक बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे।

मंत्रियों में पार्टी के कुछ पुराने चेहरों के अलावा कांग्रेस-जद(एस) से आए विधायक एवं विधान पार्षद (एमएलसी) शामिल हैं। एदियुरप्पा ने वादा निभाते हुए पुरानी सरकार से बगावत करके भाजपा में आए नेताओं में से एमएलसी आर. शंकर और एम. टी. बी. नागराज को मंत्रिमंडल में शामिल किया है। ए दोनों पूर्ववर्ती कांग्रेस-जद(एस) गठबंधन सरकार में भी मंत्री थे। राज्य में 2019 में राजनीतिक संकट के दौरान कांग्रेस-जद(एस) के बागी विधायकों को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एक अन्य एमएलसी योगेश्वर को भी मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। यह पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में भी मंत्री थे। आज मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले भाजपा के पुराने चेहरे हैं... कट्टी, अंगारा, निरानी और लिम्बावली। कट्टी (आठ बार के विधायक), निरानी और लिम्बावली (राज्य भाजपा के उपाध्यक्ष) पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में भी मंत्री थे जबकि अंगारा (छह बार से विधायक) को पहली बार मंत्री पद मिला है। सुबह मंत्रिमंडल के लिए सात नए नामों की घोषणा करते हुए एदियुरप्पा ने कहा था कि आबकारी मंत्री एच. नागेश को मंत्रिमंडल से बाहर किया जाएगा। इससे एदियुरप्पा मंत्रिमंडल में एक सीट अब भी खाली है। कर्नाटक मंत्रिमंडल में अधिकतम 34 मंत्री हो सकते हैं।



बेंगलुरू में राजभवन में कर्नाटक के राज्यपाल वजूभाई वाला। साथ में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा नए मंत्रियों के साथ शपथ ग्रहण समारोह में

## नड्डा आज चेन्नई में मनाएंगे पोंगल

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा 14 जनवरी को तमिलनाडु का एकदिवसीय दौरा करेंगे और इस दौरान वे चेन्नई में पार्टी की राज्य इकाई की ओर से पोंगल के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी और राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी ने एक बयान जारी कर कहा, नड्डा पश्चिमी चेन्नई जिले के मदुरावोयल में पार्टी की ओर से पोंगल पर आयोजित नम्मा ओरू पोंगल कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। चेन्नई में ही नड्डा एक पत्रिका की 51वीं वर्षगांठ पर आयोजित एक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। ज्ञात हो कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी 14 जनवरी को पोंगल के दिन तमिलनाडु के दौरे पर रहेंगे। मदुरै जिले के अवनीपुरम में एक जल्लीकट्टू कार्यक्रम में उन्हें शामिल होना है। जल्लीकट्टू तमिलनाडु के ग्रामीण इलाक़ों का एक परंपरागत खेल है जो पोंगल त्यौहार पर आयोजित किया जाता है।

# मंत्रिमंडल में स्थान न पाने पर भाजपा के कुछ नेता नाराज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा द्वारा अपने 17 महीने पुराने कैबिनेट में विस्तार के लिए बुधवार को सात नए नामों की घोषणा किए जाने के बाद राज्य भाजपा में नाराजगी की स्थिति पैदा हो गई है। सत्तारूढ़ दल के विधायकों ने जनता द्वारा चुने गए विधायकों के बजाय विधान परिषद सदस्यों को मंत्री बनाए जाने, कुछ क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व में कमी और उनकी वरिष्ठता और काम पर ध्यान नहीं दिए जाने को लेकर नाराजगी जताई। राज्य में ज्यादातर मंत्री बेंगलुरु और बेलगावी जिलों से हैं।

एदियुरप्पा ने आज दिन में विधायकों उमेश कट्टी, अरविंद लिम्बावली, मुरुगेश निरानी, सी. पी. योगेश्वर, एस. अंगारा और एमएलसी एम. टी. बी. नागराज और आर. शंकर को मंत्री पद का शपथ दिलाने की घोषणा की है। इसके बाद मंत्री पद पाने के इच्छुक कुछ भाजपा विधायकों ने नाराजगी जाहिर की है। एदियुरप्पा की आलोचना करने वाले विजयपुरा सिटी के विधायक बी. पाटिल यत्नाल ने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया कि वह वरिष्ठता और ईमानदारी को ध्यान में रखे बगैर ब्लैकमेल होकर नियुक्तियां कर रहे हैं। मुख्यमंत्री और उनके परिवार पर कर्नाटक भाजपा को हाईजैक करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि वह राज्य को एदियुरप्पा परिवार के वंशवाद की राजनीति से मुक्त कराएं।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा, मुख्यमंत्री उन्हें ब्लैकमेल करने वालों को मंत्री बना रहे हैं। तीन लोग... एक राजनीतिक सचिव और दो मंत्री पिछले तीन महीने से एदियुरप्पा को सीडी के माध्यम से ब्लैकमेल कर रहे हैं। उन्होंने कहा, उनमें से एक आज मंत्री बनेगा, सीडी से ब्लैकमेल के अलावा विजएन्द्र (मुख्यमंत्री के पुत्र) को धन देना भी शामिल है।

## सिद्धरमैया ने तीन नए कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग की

**बेंगलुरु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने बुधवार को मांग की कि केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों को वापस लिया जाए। एक दिन पहले ही उच्चतम न्यायालय ने उसके क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी। अपने ट्वीटों में सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर देश में किसानों की दुरावस्था से मुंह मोड़ लेने का आरोप लगाया। विपक्ष के नेता ने कहा, नए कृषि कानूनों पर रोक लगाने का उच्चतम न्यायालय का आदेश बस इस बात को दोहराता है कि नए कानून किसानों के हितों के विरूद्ध हैं। उन्होंने कहा, शीर्ष अदालत समझ गई है कि किसान अपनी मांगों में सही हैं, इसलिए उसने किसानों को प्रदर्शन जारी रखने की इजाजत दी है। कांग्रेस नेता ने मोदी को दिल्ली में वर्तमान प्रदर्शन के दौरान कई किसानों की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री पर किसानों की चिंताओं का समाधान करने की एक भी सच्ची कोशिश नहीं करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, उन्हें (मोदी को) देश के किसानों एवं लोगों से माफी मांगनी चाहिए। नए कृषि कानून वापस लिए जाने चाहिए। एक अन्य ट्वीट में सिद्धरमैया ने कहा कि किसानों की राय है कि शीर्ष अदालत द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति में जो सदस्य हैं, वे नए कृषि कानूनों का समर्थन कर चुके हैं।

# तृणमूल ने वाम मोर्चा, कांग्रेस से भाजपा के खिलाफ लड़ाई में ममता का समर्थन करने की अपील की

**भाषा।** कोलकाता

**तृणमूल कांग्रेस** ने बुधवार को वाम मोर्चे और कांग्रेस से भाजपा की सांप्रदायिक एवं विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ लड़ाई में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का साथ देने की अपील की है। हालांकि, दोनों दलों ने इस सलाह को सिर से खारिज कर दिया है। वहीं कांग्रेस ने इस सलाह के बाद तृणमूल कांग्रेस को पेशकश की है कि वह भाजपा के खिलाफ लड़ाई के लिए गठबंधन बनाने के स्थान पर पार्टी (कांग्रेस) में विलय कर ले।राज्य की 294 विधानसभा सीटों पर अप्रैल-मई में चुनाव होने हैं। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद सौगत रॉय ने पत्रकारों से कहा, अगर वाम मोर्चा और कांग्रेस वास्तव में भाजपा के खिलाफ हैं तो उन्हें भगवा दल की सांप्रदायिक एवं विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ लड़ाई में ममता बनर्जी का साथ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ही भाजपा के खिलाफ धर्मनिरपेक्ष राजनीति का असली चेहरा हैं। रॉय ने दावा कि केन्द्र में भाजपा नीत सरकार द्वारा शुरू की गई एक भी योजना सफल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस विकास के हितों में रचनात्मक आलोचना में विश्वास रखती है। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक रूप ले चुके पशु-तस्करी के मामले पर उन्होंने कहा कि इसे रोकने की जिम्मेदारी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की है, न कि राज्य पुलिस की।

तृणमूल के सांसद ने कहा, बीएसएफ, देश की सीमाओं की रक्षा करती है और वह केन्द्र सरकार के अधीन आती है। सीमा पार पुश-तस्करी को रोकना पुलिस की नहीं उनकी जिम्मेदारी है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, अलग-अलग जगह भोजन करने के बजाय उन्हें सीमा पर जाकर देखना चाहिए था कि बीएसएफ अपना काम अच्छे से कर रही है या नहीं। शाह पिछले महीने राज्य के दौरे पर आए थे। यह पूछे जाने पर कि विधानसभा चुनाव में भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख दिलीप घोष क्या भगवा पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे इसपर उन्होंने कहा कि यह भाजपा का आंतरिक मामला है। उन्होंने कहा, डायमंड हार्बर के सांसद एवं तृणमूल की युवा शाखा के प्रमुख अभिषेक बनर्जी को घोष की तुलना में अधिक राजनीतिक अनुभव है, जो 2015 से ही राजनीति में सक्रिय हुए हैं।

## क्विक न्यूज

### महाराष्ट्र को कोविड-19 के 17.5 लाख टीकों की जरूरत, 9.83 लाख टीके मिले: टोपे

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार को कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए टीके की 9.83 लाख खुराकें मिली है पहले चरण के टीकाकरण के लिए 17.5 लाख टीकों की जरूरत है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने बुधवार को यह बात कही। टोपे ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य को सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से कोविशील्ड के 9.63 लाख टीके और भारत बायोटेक द्वारा निर्मित 20,000 टीके मिले है। हमें एक व्यक्ति को चार सप्ताह के अंतर में टीके की दो खुराकें देनी हैं, इस प्रकार से आठ लाख पंजीकृत स्वास्थ्य कर्मियों में से करीब 55 प्रतिशत स्वास्थ्यकर्मियों का ही अभी टीकाकरण हो पाएगा। टोपे ने कहा, महाराष्ट्र में टीकाकरण के पहले चरण में 17.50 लाख टीकों की जरूरत है। हमें ज्यादा टीकों की जरूरत है क्योंकि 10 प्रतिशत का नुकसान होने का अनुमान है। लेकिन हमें सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से 9.63 लाख टीके मिले हैं और भारत बायोटेक द्वारा निर्मित कोवैक्सीन के 20,000 टीके मिले है। केन्द्र ने राज्य से टीकाकरण केन्द्रो की संख्या 511 से घटा कर 350 करने की ताकीद की है और कहा है कि सरकार को अन्य आपात स्थितियों पर भी नजर रखनी चाहिए।

### सिक्किम में मादक पदार्थ संबंधी परीक्षण में खरे न उतरने वाले पुलिसकर्मियों की जाएगी नौकरी : तमांग

**गंगटोक।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने कहा है कि राज्य के सभी पुलिसकर्मियों को मादक पदार्थ संबंधी परीक्षण अनिवार्य रूप से कराना होगा और इसमें खरे न उतरने वाले कर्मियों को अपनी नौकरी गंवानी पड़ेगी। राज्य में अनेक पुलिसकर्मियों के मादक पदार्थों का इस्तेमाल करते पाए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए तमांग ने पुलिस महानिदेशक ए शंकर राव को जल्द से जल्द मादक पदार्थ संबंधी परीक्षण शुरू करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सिक्किम के पूर्वी जिले रंगपो में एक कार्यक्रम में कहा, राज्य के सभी पुलिसकर्मियों के लिए मादक पदार्थ संबंधी परीक्षण अनिवार्य होगा। यदि कोई भी नशीले पदार्थों का सेवन करते पाया जाएगा तो उसे आवश्यक रूप से सेवानिवृत्त कर दिया जाएगा। तमांग ने कहा कि यह परीक्षण पुलिसकर्मियों को भविष्य में मादक पदार्थों के इस्तेमाल के प्रति हतोत्साहित करेगा।

### मंत्री नवाब मलिक के दामाद को एनसीबी ने तलब किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री नवाब मलिक के दामाद समीर खान को ड्रग्स मामले में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने बुधवार को तलब किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। खान को सुबह लगभग 10 बजे दक्षिण मुंबई के बलार्ड एस्टेट स्थित एनसीबी के कार्यालय में प्रवेश करते देखा गया। सूत्रों ने बताया कि ड्रग्स मामले के एक आरोपी और उनके बीच 20,000 रुपए का कथित ऑनलाइन लेन-देन का मामला सामने आने के बाद एजेंसी ने उन्हें तलब किया। इस मामले में ब्रिटिश नागरिक करण सजनानी और दो अन्य को पिछले सप्ताह 200 किलोग्राम मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि एनसीबी इस सौदे के बारे में खान का बयान दर्ज करना चाहती है। गौरतलब है कि एजेंसी ने मंगलवार को मुंबई के प्रसिद्ध मुच्छड़ पानवाला दुकान के एक मालिक रामकुमार तिवारी को गिरफ्तार किया।

### किसानों के धैर्य की परीक्षा न ले मोदी सरकार : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को कहा कि केंद्र की मोदी सरकार को किसानों के धैर्य की परीक्षा लेने की बजाय कृषि कानूनों को वापस लेना चाहिए, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसानो के संघर्ष मे उनके साथ है। गहलोत ने ट्वीट किया, कांग्रेस पार्टी किसानो के संघर्ष मे उनके साथ खड़ी है, कृषि कानूनों का समर्थन कर चुके सदस्यो की कमेटी से उन्हें उम्मीद नही है। मोदी सरकार को किसानो के धैर्य का इम्तिहान लेने की बजाय तीनो काले कृषि कानून वापस लेने चाहिए। मुख्यमंत्री ने ऋग्वेद की एक ऋचा - क्षेत्रस्य पतिना वयं हितेनेव जयामसि - का हवाला देते हुए कहा कि इसका अर्थ है कि किसान के हित से ही हमारा कल्याण होता है। राजनीति के लिए धर्म का सहारा लेने वाली भाजपा को हमारे धार्मिक ग्रंथो में लिखी बातो का भी अनुकरण करना चाहिए। केंद्र सरकार को तुरंत तीनो कृषि कानूनो को वापस लेकर अन्नदाता को राहत देनी चाहिए।

### पिता ने मेला देखने से मना किया तो बेटी ने लगाई फांसी

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू जिले के छत्तरपुर थाने के बैरोही गांव में पिता द्वारा मेला देखने जाने से मना करने पर बुधवार को सोलह साल की लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बैरोही गांव में पिता नगीना सिंह ने आज अपनी पुत्री संजू को मेला देखने जाने से मना कर दिया। उन्होंने बताया कि इससे व्यथित होकर संजू अपने कमरे में चली गई और छत की कुंडी से फांसी का फंदा लगा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शव को मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल भेजा गया है और पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



नई दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करते हुए महाराष्ट्र के डीजीपी सुबोध कुमार जायसवाल।

# धन शोधन मामले में तृणमूल के पूर्व सांसद केडी सिंह गिरफ्तार

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन निदेशालय** ने धन शोधन के मामले में तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद के डी सिंह को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने एलकेमिस्ट लिमिटेड के संस्थापक पर जांच में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया और धनशोधन निषेध अधिनियम की धाराओं के तहत उन्हें मंगलवार रात गिरफ्तार किया। ईडी उन्हें यहां एक अदालत में पेश करेगी और उन्हें हिरासत में भेजे जाने का अनुरोध करेगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तृणमूल कांग्रेस की मुखिया हैं और कहा जा रहा है कि सिंह कुछ समय से पार्टी के कामकाज को भी देख रहे हैं। केन्द्रीय जांच एजेंसी ने धन शोधन के दो मामलों में सिंह और उनसे जुड़े लोगों के परिसरों पर सितंबर 2019 में छापे मारे थे।

सिंह एलकेमिस्ट लिमिटेड के अध्यक्ष थे और उन्होंने 2012 में पद से इस्तीफा दे दिया था। कहा जाता है कि वह वर्तमान में कारोबारी समूह के एमरिटस चेयरमैन और संस्थापक हैं। ईडी दो मामलों में उनके खिलाफ जांच कर रही है। पहला मामला कोलकाता पुलिस की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर और दूसरा मामला बाजार नियामक सेबी की ओर से दाखिल आरोप पत्र के आधार पर दायर किया गया है। 2108 में कोलकाता पुलिस ने सिंह, उनके बेटे करनदीप सिंह, एलकेमिस्ट टाउनशिप इंडिया लि., एलकेमिस्ट होल्डिंग्स लिमिटेड तथा अन्य कंपननियों तथा निदेशकों के खिलाफ हजारों उपभोक्ताओं से धोखाधड़ी करने के आरोप में मामला दर्ज किया था। वहीं सिंह और उनकी कंपनी एलकेमिस्ट इंफ्रा रेड रिएलिटी लिमिटेड के खिलाफ एक अन्य मामला 2016 में दर्ज किया गया था।

# मुठभेड़ में इनामी नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने पांच लाख रूपए के इनामी नक्सली को मुठभेड़ में मार गिराया है। दंतेवाड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने बुधवार को बताया कि जिले के चिकपाल और मारजुम गांव के मध्य जंगल में सुरक्षा बलों ने कटेकल्याण एरिया कमेटी के सदस्य हिड़मा मुचाकी को मार गिराया है। पल्लव ने बताया कि मुचाकी के सर पर पांच लाख रूपए का इनाम था। क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान में डीआरजी और छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के संयुक्त दल को रवाना किया गया था। दल जब चिकपाल और मारजुम गांव के मध्य जंगल में था तब नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्वाई की। कुछ देर तक दोनों ओर से गोलीबारी हुई जिसके बाद नक्सली वहां से भाग गए, बाद में जब सुरक्षा बलों ने घटनास्थल की तलाशी ली तब वहां नक्सली मुचाकी का शव और नौ एमएम पिस्टल बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कटेकल्याण एरिया कमेटी का सदस्य मुचाकी के खिलाफ क्षेत्र में कई नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।

## सोनू सूद ने शरद पवार से मुलाकात की

**मुंबई।** बालीवुड अभिनेता सोनू सूद ने बुधवार को राकांपा प्रमुख शरद पवार से यहां उनके आवास पर मुलाकात की। सूद के खिलाफ बीएमसी ने अवैध निर्माण को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। मुलाकात के कारणों का तत्काल पता नहीं चल पाया है। बृहन्मुंबई नपा ने पिछले सप्ताह जुहू पुलिस थाने में एक शिकायत दर्ज कराई थी और कथित रूप से रिहायशी इमारत को बिना अनुमति के होटल में परिवर्तित किए जाने को लेकर सूद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी। बीएमसी ने इमारत का मुआयना किया और यह पाया कि सूद ने नियमों का पालन नहीं किया है। उसने पुलिस को शिकायत भेजी थी। बीएमसी ने यह भी पाया था कि पिछले साल अक्टूबर में सूद को एक नोटिस दिए जाने के बाद भी कथित अवैध निर्माण जारी रहा। पुलिस ने इस मामले में अभी एफआईआर दर्ज नहीं किया है। बीएमसी के नोटिस को चुनौती देने के लिए सूद बंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

# 26 को खालिस्तानी झंडा फहराने पर इनाम की घोषणा पर चौधरी ने सिख फॉर जस्टिस को आड़े हाथ लिया

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय कृषि** राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने 26 जनवरी को खालिस्तानी झंडा फहराने पर इनाम की घोषणा करने के लिए बुधवार को प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस को आड़े हाथों लिया और कहा कि ऐसी कोई भी कोशिश देशद्रोह होगी। उन्होंने तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग को लेकर दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर आंदोलन कर रहे किसान संगठनों से 26 जनवरी को प्रस्तावित ट्रैक्टर रैली रद्द करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे देश के स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। सिख फॉर जस्टिस द्वारा 26 जनवरी को खालिस्तान झंडा फहराने पर इनाम की घोषणा किए जाने के सवाल पर चौधरी ने कहा, जो लोग ऐसा कह रहे हैं वे देश के हित में नहीं बोल रहे हैं। ए राष्ट्रद्रोह की बात है। जो ऐसी बातें कर रहे हैं पूरा देश उन्हें देख रहा है। उन्होंने कहा, जो भारत माता से प्रेम करते हैं वे कभी भी अपने देश का सिर झुकने नहीं देंगे। वह चाहे 26 जनवरी हो या स्वतंत्रता दिवस, ए हमारे राष्ट्रीय त्यौहार हैं। ऐसी कोई घटना होती है तो वह देश के स्वाभिमान पर सवालिया निशान होगा। उन्होंने कहा, मैं किसान नेताओं से आग्रह करता हूं इस प्रकार की ट्रैक्टर रैली का कार्यक्रम रद्द किया जाना चाहिए ताकि देश के स्वाभिमान पर कोई आंच ना आए। यह पूछे जाने कि क्या किसान नेताओं को टैंक्टर रैली के लिए उकसाया जा रहा है, उन्होंने कहा कि किसान नेताओं को यह समझना चाहिए कि यदि उनकी पहले की मांगों पर वार्ता होगी तो निश्चित तौर पर कोई समाधान निकलेगा। उन्होंने कहा, ...नहीं तो खालिस्तान समर्थक लोग आ सकते हैं...या फिर ऐसे लोग जो इस आंदोलन का फायदा उठाने के मकसद से किसानों के कंधों पर बंदूक रखकर चला सकते हैं। भारतीय किसान इन कानूनों के समर्थन में हैं और किसान नेताओं को यह समझना चाहिए।

ज्ञात हो कि उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को तीन नए कृषि कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगा दिया था। केन्द्र सरकार और दिल्ली की सीमाओं पर धरना दे रहे किसानों के संगठनों के बीच जारी गतिरोध को खत्म करने के मकसद से शीर्ष अदालत ने चार सदस्ईय समिति भी गठित की है। हालांकि किसान संगठनों ने कहा है कि वे उच्चतम न्यायालय की तरफ से गठित समिति के समक्ष पेश नहीं होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार समर्थक समिति है। किसान संगठनों ने कहा कि उन्हें तीनों कृषि कानूनों को वापस लिए जाने से कम कुछ भी मंजूर नहीं है। चौधरी ने कहा कि सरकार वार्ता के लिए हमेशा तैयार रही है लेकिन यह किसान संगठनों पर निर्भर है कि 15 जनवरी को निर्धारित नौवें दौर की वार्ता में वे आगे बढ़ना चाहते है या नहीं।



हुगली में उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सुलतान गरही गांव में एक घर में खाना खाते हुए।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 14 जनवरी, 2021



# नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति जल्द लाएगी सरकार
## विशिष्ट, स्मार्ट पर्यटक स्थलों पर होगा जोर

**भाषा।** नई दिल्ली

**आजादी** की 75वीं वर्षगांठ पर देश में पर्यटन क्षेत्र को गति देने के लिए वैश्विक सुविधाओं के साथ 20 अति विशिष्ट पर्यटक स्थलों (आइकॉनिक साइट) का मॉडल के तौर पर विकास किया जाएगा। इसके अलावा देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए 100 स्मार्ट पर्यटक स्थल भी विकसित किए जाएंगे।

यह प्रस्ताव नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति के मसौदे में किया गया है। पर्यटन मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार इस मसौदा नीति में राज्यों के सुझावों को भी शामिल किया गया है। देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति के मसौदे को जल्द ही केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा। अति विशिष्ट पर्यटक स्थल (आइकॉनिक साइट) की योजना में स्मारकों व स्थलों का विकास विश्व स्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में करने की बात कही गई है ताकि उन्हें मॉडल के रूप में पेश किया जा सके। इनके आसपास पर्यटन की दृष्टि से समग्र विकास किया जाना है। इसमें सड़क, आधारभूत संरचना, होटल, लॉज, सम्पर्क आदि से संबंधित काम शामिल हैं। इसके साथ ही स्मार्ट पर्यटक स्थल के रूप में उन स्थानों में ऐसी सुविधाओं का विकास किया जाएगा जिससे अधिक से अधिक विदेशी एवं घरेलू पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। पर्यटन मंत्रालय के एक अधिकारी ने भाषा को बताया कि राष्ट्रीय पर्यटन नीति के मसौदे को राज्यों एवं अन्य पक्षकारों के साथ साझा किया गया था। इस पर राज्यों की ओर से कई सुझाव प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि इन सुझावों के अनुरूप मसौदा नीति में संशोधन करके उसे फिर से राज्यों को भेजा गया था। इसके बाद मसौदे को जल्द ही इसे मंजूरी के लिए कैबिनेट में पेश जाएगा। देश में इससे पहले राष्ट्रीय पर्यटन नीति 2002 में आई थी।

हालांकि व्यापक एवं एक दूसरे से जुड़ी वैश्विक गतिविधि और विकास तथा पर्यटन क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए एक नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति की जरूरत महसूस की गई। मसौदे में कहा गया है कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आइकॉनिक साइट योजना के तहत 20 स्थलों का विकास किया जाएगा। वित्त वर्ष 2020-21 के बजट में आइकॉनिक साइट के विकास का प्रस्ताव किया गया था।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल ने हाल ही में अति विशिष्ट पर्यटक स्थलों से जुड़ी आइकॉनिक साइट योजना की समीक्षा की। इसमें तय हुआ कि शीघ्र ही राज्य सरकार, निजी क्षेत्र और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के साथ मिलकर कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा ताकि आजादी के 75वें वर्ष में लक्ष्य प्राप्त किए जा सके। नई नीति के मसौदे में 100 स्मार्ट पर्यटक स्थलों का भी विकास का भी प्रस्ताव किया गया है। पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रत्एक 75 किलोमीटर पर सुविधाओं का विकास सुनिश्चित किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि 75 नए पर्यटन स्थलों को हवाई सम्पर्क से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा आसियान क्षेत्र का बौद्ध सर्किट के साथ संपर्क मजबूत बनाया जाएगा। विदेशी और घरेलू निवेश को सुगम बनाने के लिए निवेश प्रोत्साहन प्रकोष्ठ स्थापित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 महामारी के दौरान पर्यटन क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में शामिल है और इस क्षेत्र को गति प्रदान करने के लिए सरकार इससे जुड़े पक्षकारों के साथ चर्चा कर रही है।


अधिकारी ने बताया कि मंत्रालय एक ऐसा प्लेटफॉर्म विकसित कर रहा है जिसमें राज्यों की सड़कों, होटलों और सभी पर्यटन स्थलों की अन्य सुविधाओं के बारे में सभी जानकारियां होंगी। उन्होंने कहा कि मौसम और पर्यटन संबंधी अन्य जानकारियों के बारे में भी उसमें अद्यतन सूचना मिलती रहेगी। राज्यों से भी इस बारे में जानकारी देने का अनुरोध किया गया है। मंत्रालय ने पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अतुल्य भारत पर्यटक सुविधा प्रमाणन कार्यक्रम (आईआईटीएफ) नामक गाइडों को प्रशिक्षित करने के लिए एक ऑनलाइन कार्यक्रम शुरू किया है।



अमृतसर में बुधवार को पंजाबी पोशाक पहनकर 'लोहड़ी त्योहार' पर एक 'गिद्दा' नृत्य का प्रदर्शन करती शहजादा नंद कॉलेज की छात्राएं।

# देश में कोविड-19 के 15,968 नए मामले, 202 मौतें

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** में एक दिन में कोविड-19 के 15,968 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 1,04,95,147 हो गए। इनमें से 1,01,29,111 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही देश में मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 96.51 प्रतिशत हो गई।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 202 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,51,529 हो गई। आंकड़ों के अनुसार 1,01,29,111 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही देश में मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 96.51 प्रतिशत हो गई। कोविड-19 से मृत्यु दर 1.44 प्रतिशत है। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या तीन लाख से कम है। अभी 2,14,507 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 2.04 प्रतिशत है। भारत में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख के पार चली गई थी।

वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख और 19 दिसंबर को एक करोड़ के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार देश में 12 जनवरी तक कुल 18,34,89,114 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई। उनमें से 8,36,227 नमूनों की जांच मंगलवार को की गई।

आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिन 202 लोगों की मौत हुई, उनमें से महाराष्ट्र के 50, केरल के 25, पश्चिम बंगाल के 18 और दिल्ली के 16 लोग थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में वायरस से कुल 1,51,529 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र के 50,151, तमिलनाडु के 12,236, कर्नाटक के 12,149, दिल्ली के 10,707, पश्चिम बंगाल के 9,975 , उत्तर प्रदेश के 8,514 , आंध्र प्रदेश के 7,133 और पंजाब के 5,456 लोग थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की मौत हुई, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का आईसीएमआर के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से करोड़ों किसानों को लाभ हुआ: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के पांच साल पूरा होने के अवसर पर लाभार्थी किसानों को बधाई दी और कहा कि इससे करोड़ों किसानों को लाभ हुआ है। मोदी ने ट्वीट कर कहा, देश के अन्नदाताओं को प्रकृति के प्रकोप से सुरक्षा प्रदान करने वाली पीएम फसल बीमा योजना के आज 5 साल पूरे हो गए हैं।

इस स्कीम के तहत नुकसान का कवरेज बढ़ने और जोखिम कम होने से करोड़ों किसानों को लाभ हुआ है। इसके सभी लाभार्थियों को मेरी बहुत-बहुत बधाई। प्रधानमंत्री ने 13 जनवरी 2016 को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरुआत की थी। इसके अंतर्गत किसानों को प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान से पूरे फसल चक्र को बीमा-सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाती है। प्रधानमंत्री ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि इस योजना ने कैसे किसानों को अधिक से अधिक लाभ सुनिश्चित किया है और दावों के निस्तारण में कैसे पारदर्शिता बरती गई है जैसी संबंधित जानकारियां नमो एप्प के योर वॉइस भाग में उपलबध है। उन्होंने लोगों से इन जानकारियों को साझा करने का भी आग्रह किया।

# जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या 20 हुई

**भाषा।** भोपाला, मुरैना

**मध्यप्रदेश** के मुरैना जिले में ग्रामीणों द्वारा कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बुधवार को बढ़कर 20 हो गई। इस बीच मुख्यमंत्री ने मुरैना के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को हटाने का निर्देश दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि घटना को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को इस घटना की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद मुरैना के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक (एसपी) को हटाने का आदेश दिया है।

पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश हिंगणकर ने बुधवार को पीटीआई-भाषा को बताया, सोमवार रात हुई इस घटना में छह और लोगों के दम तोड़ने के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा संदिग्ध जहरीली शराब पीने से बीमार हुए 21 लोगों का फिलहाल मुरैना और ग्वालियर में उपचार चल रहा है। मुरैना के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आर सी बांडिल ने बताया कि प्रारंभिक शव परीक्षण रिपोर्ट में पता चला है कि अतिरिक्त शराब के कारण ग्रामीणों की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि इससे उनके शरीर के अहम अंगों को नुकसान पहुंचा। उन्होंने बताया कि विसरा जांच के लिए फोरेंसिक साइंस लेबोट्री (एफएसएल) भेजा गया है। अधिकारी ने बताया कि एफएसएल जांच से ही शराब में जहर की सही प्रकृति का पता चल सकेगा। इस बीच, जनसंपर्क विभाग के एक अधिकारी ने यहां बताया कि मुख्यमंत्री आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने के बाद चौहान ने मुरैना कलेक्टर और एसपी को हटाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में सीधे तौर पर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को जिम्मेदार ठहराया जाएगा और वह ऐसे मुद्दों में मूक दर्शक नहीं रहेंगे। इसके साथ ही एक अन्य अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में सात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रत्येक पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। उन्होंने बताया कि इन आरोपियों की पहचान गिर्राज किरार, राजू किरार, पप्पू पंडित, कल्ला पंडित, रामवीर तेली, प्रदीप तेली और मुरेश किरार के तौर पर हुई है। पुलिस के अनुसार इन आरोपियों के खिलाफ भादवि की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) और आबकारी अधिनियम की संबद्ध धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# भविष्य में आम सर्दी-जुकाम जैसा बन सकता है कोविड-19: वैज्ञानिक

**भाषा।** नई दिल्ली

**यदि** बचपन में अधिकतर लोग कोविड-19 के लिए जिम्मेदार सार्स-सीओवी-2 से संक्रमित हो जाते हैं तो भविष्य में यह वायरस अपना स्वरूप बदलकर उन कोरोना वारयस जैसा ही हो जाएगा, जिनसे केवल मामूली सर्दी-जुकाम होता है। पत्रिका साइंस में मंगलवार को प्रकाशित एक अध्ययन के निष्कर्ष में यह बात कही गई है।

इस अध्ययन में आम सर्दी-जुकाम करने वाले चार कोरोना वायरस और सार्स-सीओवी-1 को लेकर अनुसंधान किया गया। इस विषाणु से संबंधित प्रतिरक्षा विज्ञान और महामारी विज्ञान के डेटा के विश्लेषण से वैज्ञानिकों को सार्स-सीओवी-2 के भविष्य के स्वरूप के संबंध में अनुमान लगाने वाला एक मॉडल विकसित करने में मदद मिली। वैज्ञानिकों ने कहा कि आम सर्दी-जुकाम करने वाले कोरोना वायरस पिछले लंबे समय से लोगों को संक्रमित कर रहे हैं और लगभग हर व्यक्ति कम आयु में उनसे संक्रमित हो चुका है।

# कांग्रेस ने देशभक्तों को हमेशा गालियां दी हैं: साध्वी प्रज्ञा

**उज्जैन।** भोपाल लोकसभा सीट से सांसद और अपने बयानों के लिए अक्सर विवादों में रहने वाली साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने यहां कहा कि कांग्रेस ने देशभक्तों को हमेशा से गालियां दी हैं। महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोड़से को पहला आतंकवादी बताने संबंधी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर मंगलवार शाम को साध्वी प्रज्ञा ने मीडिया से कहा, कांग्रेस ने देशभक्तों को हमेशा से गालियां दी हैं। भगवा आतंक तक भी कह दिया उसने।

# महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे पर दुराचार का आरोप

● मंत्री ने किया आरोपों से इनकार

**भाषा।** मुंबई

**एक** महिला ने महाराष्ट्र के सामाजिक न्याय मंत्री धनंजय मुंडे पर बलात्कार का आरोप लगाया है। साथ ही उसने कहा कि मुंबई पुलिस ने उसकी शिकायत नजरअंदाज की। राकांपा नेता मुंडे ने इन आरोपों को खारिज किया है और कहा कि शिकायतकर्ता और उसकी बहन उन्हें ब्लैकमेल कर रही हैं। मुंडे ने कहा कि शिकायतकर्ता की बहन के साथ उनका रिश्ता था और वह उसके दो बच्चों के पिता हैं। महिला (37) ने कहा कि उसने 10 जनवरी को मुंबई पुलिस आयुक्त को एक पत्र लिख कर बताया था कि मुंडे ने 2006 में कई बार उसके साथ बलात्कार किया। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसने यहां पहले ओशिवारा पुलिस से संपर्क किया था, लेकिन उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गई।

# केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक के स्वास्थ्य में हो रहा सुधार

**भाषा।** पणजी

**गोवा** के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को कहा कि एक हादसे में घायल होने के बाद गोवा के अस्पताल में भर्ती केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक अब पूरी तरह से होश में हैं और उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि आगे के इलाज के लिए उन्हें नई दिल्ली ले जाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

सावंत ने संवाददाताओं से कहा कि डॉ. एस राजेश्वरी के नेतृत्व में दिल्ली एम्स की एक टीम ने सुबह गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) में नाइक के इलाज की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि एम्स की टीम इलाज से संतुष्ट है। नाइक ठीक हो रहे हैं। उन्हें दिल्ली स्थानांतरित करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय रक्षा और आयुष राज्य मंत्री नाइक होश में हैं और बोल रहे हैं।

सावंत ने कहा कि उन्होंने सुबह मुझसे बात की। हम उन्हें जीएमसीएच में सबसे बेहतर इलाज दे रहे हैं। मंगलवार को जीएमसीएच का दौरा करने वाले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि अगर जरूरत पड़ी तो नाइक को आगे के इलाज के लिए नई दिल्ली स्थानांतरित किया जाएगा। एम्स की टीम ने नाइक की स्वास्थ्य स्थिति की समीक्षा की और उन्हें बुधवार को वेंटिलेटर से हटाने की सलाह दी।

एक सड़क दुर्घटना में घायल हुए नाइक का गोवा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। मंगलवार देर रात पत्रकारों से बात करते हुए, अधिकारी ने यह भी कहा कि वे नाइक की सांस, रक्तचाप और अन्य स्वास्थ्य मापदंडों से संतुष्ट हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली की टीम मंगलवार शाम को गोवा पहुंची और पोरवोरिम स्थित सरकारी गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) में नाइक की स्वास्थ्य स्थिति की समीक्षा की।

# पेज 1 का शेष

## देशभर में...

1,100 माहे भेजी जाएंगी, जो पुडुचेरी का एक क्षेत्र है और कोझीकोड तथा कन्नूर जिलों के बीच स्थित है। इस टीके को कोच्चि, तिरुवनंतपुरम और कोझीकोड के क्षेत्रीय टीका केंद्रों में संग्रहित किया जाएगा, जहां से इसे राज्य भर के 133 केंद्रों में वितरित किया जाएगा। टीकाकरण के लिए अब तक राज्य में 3,62,870 लोगों ने अपना पंजीकरण कराया है। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने बताया कि राज्य को टीके की 9.83 लाख डोज मिली हैं, जबकि पहले चरण के टीकाकरण के लिए 17.5 लाख टीकों की जरूरत है। टोपे ने संवाददाताओं से कहा कि राज्य को 'सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया' से कोविशील्ड के 9.63 लाख टीके और भारत बायोटेक द्वारा निर्मित 20,000 टीके मिले हैं। उन्होंने कहा, 'हमें एक व्यक्ति को चार सप्ताह के अंतर में टीके की दो डोज देनी हैं, इस प्रकार से आठ लाख पंजीकृत स्वास्थ्य कर्मियों में से करीब 55 प्रतिशत स्वास्थ्यकर्मियों का ही अभी टीकाकरण हो पाएगा।' बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने एक बयान में कहा कि मुंबई को कोविशील्ड की 1.39 लाख से अधिक डोज मिली हैं। बीएमसी ने एक बयान में कहा कि खुराकों की पहली खेप 16 जनवरी को शुरू होने वाली टीकाकरण मुहिम के लिए शहर भर में चिह्नित केंद्रों में पहुंचाई जाएगी। बीएमसी ने बताया कि उसे सीरम इंस्टीट्यूट से सुबह करीब साढ़े पांच बजे टीकों की 1,39,500 डोज प्राप्त हुई। राज्य के औरंगाबाद और ठाणे को भी प्रथम डोज के तहत अपना हिस्सा प्राप्त हुआ है। कोविशील्ड टीके की 23,500 डोज की पहली खेप बुधवार सुबह मुंबई से गोवा पहुंची। गोवा के स्वास्थ्य सेवा निदेशक जोस डीसा ने बताया कि कोविशील्ड टीके की 23,500 डोज वाले दो बक्से सुबह प्राप्त हुए। गोवा हवाई अड्डे ने एक ट्वीट में कहा, 'गोवा के लिए कोविड-19 टीके की पहली खेप आज सुबह छह बजकर 22 मिनट पर पहुंची। दो बक्सों में प्राप्त टीकों को स्वास्थ्य सेवा के अधिकारियों को सौंप दिया गया।' असम में कोविड-19 के टीके की दूसरी खेप बुधवार को पहुंच गई। एक निजी एयरलाइन का एक मालवाहक विमान स्वदेश विकसित 'कोवैक्सीन' टीके की 12,000 डोज के साथ यहां लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (एलजीबीआई) पर पहुंचा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये टीके तीन बक्सों में हैदराबाद से आए है, जिनका वजन करीब 78.5 किग्रा है। भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बताया कि भारत बायोटेक ने यह खेप भेजी है और इसके पहुंचने के छह मिनट के अंदर इसे राज्य सरकार के अधिकारियों को सौंप दिया गया। असम और मेघालय के लिए 2.40 शीशी में टीके की प्रथम खेप मंगलवार को यहां हवाईअड्डे पर पहुंची थी। पूर्वोत्तर में टीके के वितरण के लिए गुवाहाटी का यह हवाईअड्डा मुख्य केंद्र है। त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में बुधवार को कोविड-19 के टीके की 56,500 डोज की पहली खेप को लेकर निजी एयरलाइन की कार्गो उड़ान पहुंची। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि टीके के कंटनेर पुणे के एसएसआई से भेजे गये थे और उसे यहां हवाई अड्डे से विशेष भंडारण इकाई तक पहुंचाया गया। राज्य के टीकाकरण अधिकारी कल्लोल राय ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'कोविशील्ड टीके की 56,500 खुराकों की खेप सुबह अगरतला हवाई अड्डे पर पहुंची। टीके के कंटनेर गोरखाबस्ती क्षेत्र के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भंडारण केंद्र पहुंचाये गये।' विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने कहा कि उसने बुधवार को मुंबई, पुणे और हैदराबाद से देश के 11 शहरों में कोविड-19 रोधी टीके की 3.5 टन खेप पहुंचाई। कोविड-19 रोधी टीके की खेप विभिन्न शहरों तक पहुंचाने का काम मंगलवार सुबह शुरू किया गया था। इनका उपयोग शनिवार से शुरू हो रहे कोरोना वायरस टीकाकरण अभियान में किया जाएगा। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, '13 जनवरी 2021 को स्पाइसजेट ने कोविड-19 टीके के 3.5 टन वजन वाले 111 बॉक्स मुंबई, पुणे और हैदराबाद से बागडोगरा, देहरादून, श्रीनगर, जम्मू, कानपुर, गोरखपुर, जबलपुर, रांची, राजकोट, दिल्ली और बेंगलुरु पहुंचाए।' गोएयर ने कहा कि वह टीके की कुल 69,600 शीशी पहुंचाएगी। एयरलाइन ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा से गोवा कोविशील्ड टीके की 2,400 शीशी (24,000 डोज) पहुंचाई। गोएयर के प्रवक्ता ने बताया कि आज लखनऊ, कोचिन और चंडीगढ़ के लिए टीके लेकर इसकी उड़ानें रवाना होने वाली हैं।

## एचएएल से...

संख्या को बढ़ाने की आवश्यकता है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 73 तेजस (एलसीए) एमके-1ए लड़ाकू विमान और 10 तेजस एमके-1 (एलसीए) प्रशिक्षण विमान की खरीद को मंजूरी दी है। इन पर 45,696 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसी के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर के डिजाइन और विकास के लिए 1,202 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। एमके-1ए वैरिएंट स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित अत्याधुनिक चौथी पीढ़ी का लड़ाकू विमान है। यह विमान एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकल स्कैन एरे (एईएसए) रडार, बियॉन्ड विजुअल रेंज (बीवीआर) मिसाइल, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (ईडब्ल्यू) सुइट और एयर टू एयर रिफ्यूलिंग (एएआर) की महत्वपूर्ण परिचालन क्षमताओं से लैस है। यह 50 प्रतिषत स्वदेशी सामग्री से बना पहला लड़ाकू विमान है। कार्यक्रम के अंत तक 60 प्रतिषत तक पहुंच जाएगा। मंत्रिमंडल ने वायुसेना द्वारा बुनियादी ढांचे के विकास को भी मंजूरी दे दी है ताकि वे अपने बेस डिपो में मरम्मत या सर्विसिंग का काम अंजाम दे सकें। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की सुरक्षा समिति ने बुधवार को एयरफोर्स के बेड़े को मजबूत करने के लिए 48,000 करोड़ रुपये के सबसे बड़े स्वदेशी रक्षा खरीद सौदे को मंजूरी दे दी है। यह सौदा भारतीय रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के लिए गेम-चेंजर साबित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि एलसीए-तेजस आने वाले वर्षों में भारतीय वायुसेना के लड़ाकू बेड़े की रीढ़ बनने जा रहा है। एलसीए-तेजस में बड़ी संख्या में नई प्रौद्योगिकियां शामिल हैं, जिसका इस्तेमाल भारत में पहले कभी नहीं किया गया।

## बीएसएफ ने...

का पता लगाया। सुरंग का पता चलने के बाद जामवाल और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। बीएसएफ अधिकारी ने कहा, इसके दूसरी तरफ पाकिस्तान का शेकरगढ इलाका है जो आतंकवादियों के ठिकानों के लिए कुख्यात है। हमारे पास सूचनाएं हैं जिसके चलते हम यहां होने वाली गतिविधियों को लेकर सतर्क थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी साजिशों को नाकाम करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। जमवाल ने कहा कि रेत के बोरों पर मिले पाकिस्तानी चिन्ह इस सुरंग के निर्माण में पाकिस्तानी संगठनों का हाथ होने का साक्ष्य पेश करते हैं जोकि पिछली बार पता लगाई गई सुरंगों की तरह ही 25 से 30 मीटर गहरी और दो से तीन फुट व्यास की हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या यह सुरंग हाल-फिलहाल में बनाई गई है या पुरानी है तो उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है। हालांकि, अधिकारी ने यह भी कहा कि सुरंग से मिले रेत के बोरों पर उत्पादन वर्ष 2016-17 है, ऐसे में यह पुरानी भी हो सकती है। उन्होंने कहा, हम इस सुरंग की लंबे समय से तलाश कर रहे थे और सुरंग-रोधी अभियान के दौरान इसका पता चला है जोकि पूरे अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चलाया जा रहा है। इस सुरंग के जरिए पूर्व में घुसपैठ की गई अथवा नहीं? इसका पता जांच के बाद ही चल पाएगा। जमवाल ने कहा कि बीएसएफ इस बात को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है कि फिलहाल इस सुरंग के जरिए घुसपैठ नहीं की गई है।

## किसानों ने...

नारे लगाए, गीत गाए और अपने आंदोलन की जीत की प्रार्थना की। पंजाब के बरनाला जिले से आए 34 वर्षीय किसान राजबीर सिंह ने कहा कि यह लोहड़ी संघर्षों से भरी है। इस बार घर में हर साल मनाई जाने वाली लोहड़ी के दौरान होने वाले नृत्य और गीत जैसा उत्साह नहीं है। हालांकि, मैं यहां प्रदर्शन में शामिल होकर खुश हूं और अपने किसान परिवार के साथ उत्सव मना रहा हूं।' उन्होंने कहा कि आज, हमनें प्रतियां जलाई हैं और कल, केंद्र इन्हें जलाएगा। उन्हें ऐसा करना पड़ेगा, हम उन्हें ऐसा करने को मजबूर कर देंगे।' हजारों किसान केन्द्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ 28 नवम्बर, 2020 से दिल्ली की सीमाओं पर डटे हैं। इस साल सितम्बर में अमल में आए तीनों कानूनों को केन्द्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में बड़े सुधारों के तौर पर पेश किया है। उसका कहना है कि इन कानूनों के आने से बिचौलियों की भूमिका खत्म हो जाएगी और किसान अपनी उपज देश में कहीं भी बेच सकेंगे। दूसरी तरफ, प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों का कहना है कि इन कानूनों से एमएसपी का सुरक्षा कवच और मंडियां भी खत्म हो जाएंगी तथा खेती बड़े कॉरपोरेट समूहों के हाथ में चली जाएगी।

## तीनों निगमों...

कहा गया है कि यह फैसला जनहित में लिया गया है और इसका पालन किया जाना चाहिए। वहीं, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के एक अधिकारी ने कहा कि शहर में बर्ड फ्लू के चलते दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने भी दुकानों और रेस्तराओं के पोल्ट्री या प्रसंस्कृत चिकन बेचने तथा रखने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्णय किया है। उधर, पूर्वी दिल्ली के महापौर निर्मल जैन ने कहा कि पूर्वी दिल्ली में भी तत्काल प्रभाव से दुकानों और रेस्तराओं के पोल्ट्री या प्रसंस्कृत चिकन बेचने तथा रखने पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि यह रोक होटलों पर भी लगाई गई है। नगर निकायों के इस फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मांस की दुकानों और रेस्तराओं के मालिकों ने कहा है कि इस निर्णय की कोई आवश्यकता नहीं थी और इससे उनके कारोबार को बड़ा नुकसान होगा। नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अनुराग कटरियार ने कहा कि प्रतिबंध का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बात के वैज्ञानिक साक्ष्य हैं कि 70 डिग्री सेल्सियस पर पकाया गया कोई भी व्यंजन खाने के लिए सुरक्षित है। दिल्ली में मृत मिले कौओं और बत्तखों के नमूनों में सोमवार को बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई थी।

## विशेष विवाह...

हाजिर हुए। सुनवायी के दौरान पांडेय और सिमरन ने साथ साथ रहने की बात कही। और अंततः सिमरन के पिता भी राजी हो गए। उन्होंने अदालत कक्ष में ही दोनो को आशीर्वाद भी दिया। एकल पीठ ने इस मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि विशेष विवाह अधिनियम 1954 के तहत अधिकांश युगल विवाह करने से बचते हैं। क्योंकि इस प्रावधान के मुताबिक युगल को विवाह से पहले 30 दिन की नोटिस का प्रकाशन कराना होगा। ताकि यदि किसी को विवाह पर आपत्ति है, तो वह विवाह अधिकारी को बता सके। एकल पीठ ने इसका कड़ा संज्ञान लिया और सुप्रीम कोर्ट की कई नजीरों का जिक्र किया। कहा कि यह पाबंदी विवाह करने वाले युगल की आजादी व उसकी निजता जैसी मूलभूत अधिकारों का उल्लंघन है। पर्सनल लॉ में इस प्रकार की कोई पाबंदी नहीं है, तो फिर विशेष विवाह अधिनियम में इस प्रकार के प्रावधान का कोई तार्किक कारण नहीं है। एकल पीठ का कहना था कि नोटिस का प्रावधान इसलिए रखा गया है कि यदि कोई युगल अपने साथी के बारे में अधिक जानना चाहता है, तो इसका प्रयोग करे। यदि कोई युगल ऐसा नहीं चाहता, तो इस नियम को आदेशात्मक रुप में लागू नहीं किया जा सकता है। पीठ ने स्पष्ट किया कि यह नियम निर्देशात्मक है आदेशात्मक नहीं।

# चोटों से घिरी भारतीय टीम अभ्यास में जुटी

भाषा। ब्रिसबेन



**चोटों** की समस्याओं से जूझ रही भारतीय टीम ने बुधवार को यहां गाबा में अपने पहले अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया और उसे आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में 11 फिट खिलाड़ियों को उतारने की उम्मीद है। सिडनी में तीसरे टेस्ट में पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अंतिम टेस्ट से बाहर हुए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अब भी ट्रेनिंग सत्र के लिए भारतीय टीम के साथ हैं।

रोहित शर्मा, शुभमन गिल, कप्तान अजिंक्य रहाणे और अन्य को उनकी ट्रेनिंग किट के साथ देखा गया। बुमराह ने हालांकि अभ्यास करने के हिसाब से कपड़े नहीं पहने हुए थे और वह गेंदबाजी कोच भरत अरुण के साथ चर्चा कर रहे थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किया, सिडनी में शानदार जज्बा दिखाने के बाद फिर एकजुट होने का समय। हमने गाबा में अंतिम टेस्ट के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव को नेट में गेंदबाजी करते हुए देखा गया। ऐसी उम्मीद है कि उन्हें मैच के लिए चुना जा सकता है क्योंकि हरफनमौला रविंद्र जडेजा अंगूठे में फ्रेक्चर के कारण नहीं खेलेंगे। तेज गेंदबाज शारदुल ठाकुर और हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर भी अभ्यास सत्र का हिस्सा थे। गाबा में अंतिम एकादश में बुमराह की जगह टी नटराजन या शारदुल को उतारे जाने की उम्मीद है, जिससे मोहम्मद सिराज और नवदीप सैनी के साथ तेज गेंदबाजी आक्रमण नए स्वरूप में होगा। मुख्य कोच रवि शास्त्री अभ्यास के दौरान खिलाड़ियों के साथ थे और उन्होंने टीम के खिलाड़ियों से बातचीत भी की। वह सहयोगी स्टाफ के अपने साथियों के साथ भी बात करते हुए दिखे जिसमें अरूण के अलावा बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ और क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर शामिल थे। भारतीय टीम को आस्ट्रेलिया दौरे पर लगातार चोटों का सामना करना पड़ रहा है। टेस्ट श्रृंखला शुरू होने से पहले ही इशांत शर्मा और भुवनेश्वर कुमार चोटों के कारण बाहर हो गए थे। पहले टेस्ट में बांह में चोट के कारण मोहम्मद शमी भी श्रृंखला के बाकी मैचों में हिस्सा नहीं ले सके जबकि उमेश यादव पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अंतिम दो टेस्ट से बाहर हो गए। रविचंद्रन अश्विन और हनुमा विहारी दर्द के बावजूद भारत को सिडनी में ड्रा कराने में सफल रहे और अंतिम मैच में उनकी भागीदारी भी निश्चित नहीं है। विकेटकीपर ऋषभ पंत ने सिडनी में 97 रन की पारी खेली, लेकिन पहली पारी में लगी चोट के कारण विकेटकीपिंग नहीं कर सके थे।

## सही नहीं थी आईपीएल की टाइमिंग चोटें उसी की देन: जस्टिन लैंगर

**ब्रिसबेन**। आस्ट्रेलिया के कोच जस्टिन लैंगर को इंडियन प्रीमियर लीग पसंद है लेकिन उन्होंने पिछले सत्र की टाइमिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि मौजूदा श्रृंखला में भारत और आस्ट्रेलिया के इतने क्रिकेटरों के चोटिल होने में इस लीग का भी योगदान है। कोरोना महामारी के कारण आईपीएल सितंबर से नवंबर के बीच यूएई में खेला गया।आम तौर पर यह अप्रैल मई में भारत में होता है। आईपीएल के बाद से भारत के कई खिलाड़ी चोटिल हैं और आस्ट्रेलिया टीम भी फिटनेस समस्याओं से जूझ रही है। लैंगर ने एक वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि इस सत्र में चोटों की सूची लंबी है। मुझे लगता है कि आईपीएल 2020 की टाइमिंग सही नहीं थी। खास तौर पर इतनी बड़ी श्रृंखला से पहले तो कतई नहीं। भारत के प्रमुख खिलाड़ी मोहम्मद शमी, केएल राहुल और उमेश यादव तो चोटों के कारण श्रृंखला से बाहर हुए ही और अब ताजा नाम रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह का भी जुड़ गया है। आस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर पहले दो टेस्ट नहीं खेल सके। लैंगर ने हालांकि आईपीएल की तारीफ करते हुए कहा , मुझे आईपीएल पसंद है। यह उसी तरह है जैसे मेरे युवा दिनों में काउंटी क्रिकेट था। काउंटी खेलकर क्रिकेट कौशल का विकास होता था और अब आईपीएल से सीमित ओवरों के खेल में निखार आ रहा है। उन्होंने कहा कि लेकिन इस बार टाइमिंग सही नहीं थी। दोनों टीमों में कितने खिलाड़ी चोटिल हैं जो लीग का असर भी हो सकता है। मुझे यकीन है कि इसकी समीक्षा की जाएगी।

### स्टीव स्मिथ की आलोचना पर उखड़े लैंगर

**ब्रिसबेन**। सिडनी टेस्ट में पंत के बल्लेबाजी गार्ड (क्रीज पर बनाए गए निशान) हटाने की कोशिश के कारण निंदा झेल रहे स्टीव स्मिथ का बचाव करते हुए आस्ट्रेलिया के कोच जस्टिन लैंगर ने इस आलोचना को बकवास, अनर्गल और सीमा के बाहर बताया। सिडनी में ड्रॉ रहे टेस्ट के आखिरी दिन पहले सत्र में ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान स्मिथ बल्लेबाज का गार्ड मिटाने की कोशिश करते नजर आए। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर क्रिकेटप्रेमियों और माइकल वॉन समेत पूर्व खिलाड़ियों ने इसकी आलोचना की। लैंगर ने कहा कि स्टीव स्मिथ के बारे में जो बकवास मैं पढ रहा हूं, मुझे यकीन नहीं हो रहा। सरासर बकवास।

## क्रिकेट में नस्लीय टिप्पणियों के लिए कोई जगह नहीं: नाथन लियोन



**ब्रिसबेन**। आस्ट्रेलिया के शीर्ष आफ स्पिनर नाथन लियोन ने बुधवार को कहा कि दर्शकों के खराब बर्ताव की निंदा करके भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने नए मानदंड कायम किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि क्रिकेट का खेल सभी के लिए है और इसमें किसी तरह के नस्लवाद की जगह नहीं है। सिडनी क्रिकेट मैदान पर सिराज और जसप्रीत बुमराह को चौथे और पांचवें दिन दर्शकों की नस्लीय टिप्पणियों का सामना करना पड़ा। इसके बाद भारतीय टीम ने आईसीसी के पास शिकायत दर्ज कराई। लियोन ने एक वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि खेल में किसी तरह की नस्लीय छींटाकशी की गुंजाइश नहीं है।लोगों को लगता है कि वे मजाक कर रहे हैं लेकिन इससे लोगों पर अलग तरह से प्रभाव पड़ सकता है। क्रिकेट का खेल सभी के लिए है और इसमें नस्लवाद की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि आपको लगता है कि मैच अधिकारियों से शिकायत करने की जरूरत है तो करनी चाहिए। आजकल मैदान पर इतने सुरक्षाकर्मी होते हैं कि नस्लीय टिप्पणी करने वालों को तुरंत निकाल बाहर किया जा सकता है। इससे मैच अधिकारियों से शिकायत का चलन भी बनेगा। सिराज को स्क्वेयर लेग सीमा पर दर्शकों ने मंकी और ब्राउन डॉग कहा। सुरक्षाकर्मियों ने इन दर्शकों को मैदान से बाहर कर दिया। लियोन ने कहा कि इससे घटना की शिकायत का चलन कायम होगा। यह खिलाड़ी पर निर्भर करता है कि वह शिकायत करना चाहता है या नहीं।

# साइना और श्रीकांत दूसरे दौर में कश्यप ने बीच में मुकाबला छोड़ा

थाईलैंड ओपन

भाषा। बैंकॉक



**भारत** की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और दुनिया के पूर्व नंबर एक किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को थाईलैंड ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पुरूष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया जबकि पारूपल्ली कश्यप पहले दौर का मुकाबला बीच में ही छोड़कर फिटनेस कारणों से बाहर हो गए।

साइना ने महिला एकल के पहले दौर में मलेशिया की सेल्वादुरारे किसोना को 21-15 21-15 से शिकस्त दी और अब उनका सामना थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरूंगफान से होगा। साइना को मंगलवार को कोविड-19 पॉजिटिव आने के कारण टूर्नामेंट से हटने को बाध्य होना पड़ा था लेकिन बाद में वह परीक्षण में नेगेटिव आई और उन्होंने बैडमिंटन विश्व महासंघ के अधिकारियों और डॉक्टरों को उन्हें भाग लेने की अनुमति देने के लिए धन्यवाद किया।

साइना ने मैच जीतने के बाद कहा कि मुझे पीसीआर परीक्षण के बाद कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया लेकिन मैंने उन्हें पहले ही बता दिया कि मुझे पिछले साल नवंबर में कोविड-19 हुआ था तो मेरे अंदर एंटीबॉडी हैं। मैंने डॉक्टरों को यह समझाने का प्रयास किया और मेरे रक्त परीक्षण और एक्स-रे के बाद डॉक्टर ने कहा कि मैं ठीक हूं और मुझे कोविड-19 नहीं है। इससे पहले श्रीकांत ने हमवतन सौरभ वर्मा को 21-12, 21-11 से हराने में महज 31 मिनट का समय लिया।

वहीं पूर्व राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन कश्यप को मैच के बीच में रिटायर होना पड़ा। वह उस समय तीसरे गेम में 8-14 से पीछे थे जब उनकी मांसपेशी में खिंचाव आ गया। वह कनाडा के जासन एंथोनी हो शू से पहला गेम 9 . 21 से हार चुके थे लेकिन दूसरे गेम में 21 . 13 से वापसी की। श्रीकांत का सामना अब मलेशिया के आठवें वरीय जि जिया ली से होगा जिन्होंने एक अन्य भारतीय एच एस प्रणय को 13-21, 21-14, 21-18 से शिकस्त दी। समीर वर्मा भी इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रूस्तावितो से 15-21, 17-21 से हारकर बाहर हो गए। पुरुष युगल में सात्विकसाइराज रंकिरेड्डी और चिराग शेट्टी ने एक गेम हारने के बाद वापसी करते हुए कोरिया के किम जि जुंग और ली योंग डाए को 19-21, 21-16, 21-14 से हराया। वहीं अर्जुन एम रामचंद्रन और ध्रुव कपिला को मलेशिया के ओंग यू सिन और टियो ई यि ने 13-21, 21-8, 24-22 से मात दी। मनु अत्री और बी सुमित रेड्डी की पुरूष युगल जोड़ी को भी शुरूआती दौर में वीराफट फाकजारूंग और वोंगसाथोर्ण थोंगखाम की थाईलैंड की जोड़ी से हारना पड़ा।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अवनीश, सम्पति नंबर- IX/5641] खसरा न. 164 & 165, गाँव सीलमपुर, गली न. 8, सुभाष मोहल्ला, पुराना सीलमपुर, गाँधी नगर, दिल्ली को लता रानी जो की स्वर्गीय अशोक कुमार के कानूनी वारिस है, से खरीदने जा रहे है और सेटिन हाउसिंग फाइनान्स लिमिटेड के साथ बंधक रख रहे है, अगर किसी व्यक्ति को स्वर्गीय अशोक कुमार के कानूनी वारिस की क्षमता में या किसी और कारण से उपरोक्त संपत्ति के संबंध में, कोई आपत्ति है, या दावा है या बंधक से कोई आपत्ति है तो वह इस प्रकाशन के 08 दिनों के भीतर नीचे लिखे न. पर संपर्क कर, अपने दावा और आपत्ति की जानकारी दे दे.

एडरॅम लिगल सल्यूशन
चैंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट
सेक्टर-१०, द्वारका, नई दिल्ली-७५
म:-९८९९०१२६१८

**PUBLIC NOTICE**

My client Shyam Ji S/o Late Kanhaiya Lal R/o 146/200, Adarsh Basti, Mohammadpur, Delhi-110066, do hereby severe all his relations and debar his son Sandeep Verma from all his movable & immovable properties due to their disobedience and cruel nature. My client shall not be responsible for any of their acts. **(Baljit Singh Advocate)**
S-169, DDA HOG Market,
Rajendra Place, New Delhi - 110008

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री खुशी राम (वोटर कार्ड नं0 UP/77/387/0315215) पुत्र श्री खैराती निवासी ग्राम पर्थला खंजरपुर सेक्टर-122, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 के वसीयतनामा के आधार पर आवासीय प्लाट नं0 28, ब्लाक-पी के-बी, सेक्टर-122, नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 जो उप निबन्धक कार्यालय प्रथम नोएडा, में बही नं0 3 जिल्द सं0 673 पेज नं0 257 से 274 पर कमांक नं0 2253 दिनांक 27.12.2016 में पंजीकृत है। अतः उक्त प्लाट का नामान्तरण श्री दीपक कुमार यादव (आधार नं0 794265691315) एवं दिपांशु यादव (आधार नं0 880859165635) पुत्रगण श्री सत्यवीर सिंह यादव ग्राम पर्थला खंजरपुर सेक्टर-122, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 पक्ष में स्थानांतरित किया जा रहा है। अतः इस सूचना के द्वारा सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह पूरे सबूतों के साथ अपनी आपत्ति नोएडा विकास प्राधिकरण की आवासीय भूखण्ड विभाग में इस सूचना के जारी होने के 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति दाखिल करे।

श्री दीपक कुमार यादव

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री खुशी राम (वोटर कार्ड नं0 UP/77/387/0315215) पुत्र श्री खैराती निवासी ग्राम पर्थला खंजरपुर सेक्टर-122, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 के वसीयतनामा के आधार पर आवासीय प्लाट नं0 03,ब्लाक-पी के, सेक्टर -144, नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 जो उप निबन्धक कार्यालय प्रथम नोएडा, में बही नं0 3 जिल्द सं0 673 पेज नं0 239 से 256 पर कमांक नं0 2252 दिनांक 27.12.2016 में पंजीकृत है। अतः उक्त प्लाट का नामान्तरण श्री जसवीर यादव (आधार नं0 522625726288) एवं लोकेश यादव (आधार नं0 272679073694) पुत्रगण श्री रणसिंह यादव ग्राम पर्थला खंजरपुर सेक्टर-122, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 पक्ष में स्थानांतरित किया जा रहा है। अतः इस सूचना के द्वारा सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह पूरे सबूतों के साथ अपनी आपत्ति नोएडा विकास प्राधिकरण की आवासीय भूखण्ड विभाग में इस सूचना के जारी होने के 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति दाखिल करें।

श्री जसवीर यादव

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mrs. Lakshmi Kothiyal** W/o Mr. Girish Kothiyal who is purchasing the **Built-up Third Floor upto the ceiling level, built on Property No. F-107, area measuring 35 Sq. Yds., i.e., 29.26 Sq. Mtrs., out of Khasra No.18, situated in the area of Village Khichripur, in the abadi of Street No.5, East Vinod Kumar, Illaqa Shahdara, Delhi-110091** from **Mr. Jagdish Chandra** S/o Mr. Murli Dhar owner vide of **Notarized General Power of Attorney dated 07.12.2017** executed by **Mrs. Seema** W/o Mr. Anil Arora, along with Agreement to Sell & Will and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor,
Masjid Moth ,Opp. Uday Park, South Ext.II,
New Delhi-49, Contact #011-40046316

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री खुशी राम (वोटर कार्ड नं0 UP/77/387/0315215) पुत्र श्री खैराती निवासी ग्राम पर्थला खंजरपुर सेक्टर-122, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 के वसीयतनामा के आधार पर आवासीय प्लाट नं0 38, ब्लाक-पी के, सेक्टर-121, नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 जो उप निबन्धक कार्यालय प्रथम नोएडा, में बही नं0 3 जिल्द सं0 673 पेज नं0 221 से 238 पर कमांक नं0 2251 दिनांक 27.12.2016 में पंजीकृत है। अतः उक्त प्लाट का नामान्तरण श्री जसवीर यादव (आधार नं0 522625726288) एवं लोकेश यादव (आधार नं0 272679073694) पुत्रगण श्री रणसिंह यादव एवं कैलाश यादव (आधार नं0 507591536822), दिनेश यादव (आधार नं0 286440084095) पुत्रगण राम सिंह एवं श्री दीपक कुमार यादव (आधार नं0 794265691315) एवं दिपांशु यादव (आधार नं0 880859165635) पुत्रगण श्री सत्यवीर सिंह यादव ग्राम पर्थला खंजरपुर सेक्टर-122, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 पक्ष में स्थानांतरित किया जा रहा है। अतः इस सूचना के द्वारा सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह पूरे सबूतों के साथ अपनी आपत्ति नोएडा विकास प्राधिकरण की आवासीय भूखण्ड विभाग में इस सूचना के जारी होने के 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति दाखिल करें।

श्री कैलाश यादव

**MODI RUBBER LIMITED**
**CIN:** L25199UP1971PLC003392,
**Registered Office:** Modinagar - 201204; Dist. Ghaziabad, (U.P.)
**Corporate Office:** 4-7C, DDA Shopping Centre, New Friends Colony, New Delhi-110025; Website: www.modirubberlimited.com
Email: investors@modigroup.net; Phone: +91-11-47107398

**NOTICE**

Notice is hereby given that the Company is processing for issuance of duplicate Share Certificates in pursuance of intimation about the loss of shares certificates having the following particulars:-

| S. No. | Name of the Shareholders | Folio No. | No. of Shares | Certificate No. | Distinctive No. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | SANKARARAMAN STHANUNATHAN AND S.S.STHANUNATHAN | S00606 | 366 | 11539-40<br>59432-33<br>166415-16<br>2304015-16 | 5234351-4450<br>7663421-3486<br>14491365-1464<br>21837465-7654 |

Public is cautioned against purchasing or otherwise dealing with the above mentioned share certificates. A Duplicate thereof will be issued to the shareholders, unless any objection is received by the undersigned within 15 days from the date of publication of this notice.

For Modi Rubber Limited
Sd/-
(S K Bajpai)
Head-Legal & Company Secretary

Place : New Delhi
Date : 13.1.2021

## अंकिता आखिरी दौर का मुकाबला हारीं

**मेलबर्न**। अंकिता रैना का ग्रैंडस्लैम एकल मुख्य ड्रा में खेलने का सपना एक बार फिर अधूरा रह गया, जब वह आस्ट्रेलियाई ओपन क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के आखिरी दौर में सर्बिया की ओल्गा डानिलोविच से हार गई। दुबई में चल रहे महिला एकल क्वालीफायर में अंकिता को तीसरे और आखिरी दौर में सर्बियाई खिलाड़ी ने दो घंटे में 6-2, 3-6, 6-1 से मात दी। अंकिता का ग्रैंडस्लैम के मुख्य दौर में जगह बनाने का यह छठा प्रयास था। अब सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम में एकल वर्ग में भारत की उम्मीदें सिर्फ सुमित नागल पर टिकी है। उन्हें पुरुष एकल में वाइल्ड कार्ड मिला है। रामकुमार रामनाथन पुरुष एकल क्वालीफायर के पहले दौर में हार गए जबकि प्रजनेश गुणेश्वरन को दूसरे दौर में पराजय झेलनी पड़ी।

## मास्टर्स गोल्फ में हो सकती है दर्शकों की वापसी

**वाशिंगटन**। आगस्टा मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट के आयोजक अप्रैल में होने वाली इस शीर्ष प्रतियोगिता में सीमित संख्या में दर्शकों को आने की अनुमति देने पर विचार कर रहे हैं। आगस्टा नेशनल के चेयरमैन फ्रेड रिडले ने कहा कि क्लब की आठ से 11 अप्रैल तक होने वाले मास्टर्स में दर्शकों को सीमित संख्या में प्रवेश देने की योजना है लेकिन इसके लिए कोविड-19 महामारी की रोकथाम के सभी उपाय किए जाएंगे। अप्रैल में अन्य गोल्फ कोर्स पर होने वाले मास्टर्स टूर्नामेंट की स्थिति हालांकि नवंबर जैसी ही होगी। रिडले ने कहा कि इसके लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा के सभी उपाय अपनाए जाएंगे।

## सबालेंका को लगातार तीसरा टूर खिताब

**अबुधाबी**। बेलारूस की चौथी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने बुधवार को यहां अबुधाबी ओपन टेनिस फाइनल में वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-2, 6-2 से हराकर लगातार तीसरा टूर खिताब अपने नाम किया। उन्होंने लगातार 15वें मैच में जीत भी दर्ज की। सबालेंका ने पिछले सत्र के अंत में ओस्त्रावा और लिंज में दो इंडोर टूर्नामेंट जीते थे। वह अक्टूबर में फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में हार गई थीं। इस खिताब से सबालेंका रैंकिंग में तीन पायदान के सुधार से सातवें स्थान पर पहुंच जाएंगी।

## प्रीमियर लीग : युनाइटेड ने बर्नले को हराया

**बर्नल**। पॉल पोग्बा के गोल की मदद से मैनचेस्टर युनाइटेड ने बर्नले का 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। सत्र के इस चरण में पिछले आठ साल में पहली बार शीर्ष पर पहुंचने के लिए युनाइटेड को एक अंक की जरूरत थी। पोग्बा ने मार्कस रशफोर्ड के क्रास पर 71वें मिनट में यह गोल किया। इस जीत से युनाइटेडकी लीवरपूल पर तीन अंक की बढत हो गई है। दोनों का सामना रविवार को होगा।

## डीसीए जालौन जोन ने घोषित की टीमें

**जालौन**। जिला क्रिकेट एसो.जालौन सचिव विकास कुमार ने बताया कि डीसीए जालौन जोन के तत्वाधान में औरैया इटावा जालौन के अंडर-14, 16 और 19 के खिलाड़ियों का ट्रायल किया गया। जिसमें चयन समिति ने औरैया, इटावा, जालौन के चयनित खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की औरैया के लिए 14 वर्षीय दो, 16 वर्षीय दो, 19 वर्षीय दो टीम, और इटावा के लिए 14 वर्षीय एक, 16 वर्षीय दो, 19 वर्षीय तीन टीम की घोषणा की गई, जबकी जालौन की चार टीमो की घोषणा पहले की जा चुकी है । बताया गया कि जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा घोषित सभी टीमों के बीच लीग मैचों का आयोजन किया जाएगा। क्रिकेट डेववलपमेंट कमेटी के चेयरमैन व सदस्य अपेक्स कमेटी यूपीसीए श्याम बाबू ने बताया कि खिलाड़ियों के अभ्यास व अन्य लीग मैचों का आयोजन किया जाएगा।

# दिल्ली की लगातार दूसरी जीत आंध्र को छह विकेट से हराया

मुश्ताक अली ट्राफी
एलीट ग्रुप ई

भाषा। मुंबई

**दिल्ली** ने बुधवार को यहां आंध्र प्रदेश को छह विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्राफी एलीट ग्रुप ई मैच में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में आंध्र की टीम पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नौ विकेट पर 124 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से अश्विन हेब्बर ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। दिल्ली की तरफ से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए। इशांत शर्मा ने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट हासिल किए। उनके अलावा सिमरजीत सिंह और ललित यादव ने भी दो दो विकेट लिए।

दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और जल्द ही उसका स्कोर दो विकेट पर 10 रन हो गया। पवेलियन लौटने वाले बल्लेबाजों में कप्तान शिखर धवन (पांच) और उनके सलामी जोड़ीदार हितेन दलाल (चार) शामिल थे। इसके बाद नितीश राणा (27) और अनुज रावत (32) ने तीसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी की। इन दोनों के आउट होने के बाद हिम्मत सिंह (नाबाद 32) और ललित यादव (नाबाद 20) टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। दिल्ली ने अपने पहले मैच में मुंबई को हराया था। ग्रुप ई के एक अन्य मैच में हरियाणा ने हिमांशु राणा के 58 और शिवम चौहान के 45 रन की मदद से पुदुच्चेरी को छह विकेट से पराजित किया।

पुदुच्चेरी ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर शेल्डन जैकसन के 82 रन की मदद से चार विकेट पर 148 रन बनाए। हरियाणा ने 19 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया।

# कोल इंडिया ने निवेश लक्ष्य को 3,000 करोड़ बढ़ाया

भाषा। नई दिल्ली

**सार्वजनिक** क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लि. (सीआईएल) ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने निवेश या पूंजीगत व्यय के लक्ष्य को संशोधित कर 13,000 करोड़ रुपए कर दिया है। कंपनी ने अपने निवेश लक्ष्य में 3,000 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी की है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों से कहा है कि वे आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए अपने व्यय में बढ़ोतरी करें। कोल इंडिया ने बयान में कहा कि 2020-21 के 10,000 करोड़ रुपए के निवेश लक्ष्य में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। कुल 3,000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त निवेश में सीआईएल की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक अनुषंगी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि. का हिस्सा करीब 800 करोड़ रुपए है। इसमें सीआईएल मुख्यालय का हिस्सा 585 करोड़ रुपए और महानदी कोलफील्ड्स लि. का हिस्सा 550 करोड़ रुपए है। सेंट्रल कोलफील्ड्स लि. का अतिरिक्त व्यय में हिस्सा 460 करोड़ रुपए है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में सीआईएल का निवेश लक्ष्य 166 प्रतिशत बढ़कर 7,801 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कंपनी का वास्तविक खर्च 4,871 करोड़ रुपए रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कंपनी ने 2,930 करोड़ रुपए खर्च किए थे। इस तरह कंपनी ने अप्रैल-दिसंबर की अवधि में मूल निवेश बजट का 78 प्रतिशत इस्तेमाल किया है। सरकार ने कंपनी को निर्देश दिया था कि वह दिसंबर के अंत तक 7,500 करोड़ रुपए के निवेश को पूरा करे। कंपनी ने कहा कि उसने कुल 7,801 करोड़ रुपए के निवेश का इस्तेमाल किया है, जो सरकार के निर्देश से 301 करोड़ रुपए अधिक है।

## इंफोसिस का तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 16.6 प्रतिशत बढ़ा

भाषा। नई दिल्ली

**सूचना** प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी इंफोसिस का शुद्ध लाभ दिसंबर 2020 को समाप्त तिमाही में 16.6 प्रतिशत बढ़कर 5,197 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी ने शेयर बाजारों से कहा कि साल भर पहले की समान अवधि में उसे 4,457 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था।

इस दौरान कंपनी का राजस्व 12.3 प्रतिशत बढ़कर साल भर पहले के 23,092 करोड़ रुपए की तुलना में 25,927 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने स्थिर मुद्रा के आधार पर वित्त वर्ष 2020-21 के लिए राजस्व वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 4.5 से पांच प्रतिशत कर दिया। कंपनी ने इससे पहले अक्टूबर में दो से तीन प्रतिशत राजस्व वृद्धि का अनुमान जाहिर किया था।

**Public Notice**

**Sarv Priya Mahajan Co-operative Group Housing Society Ltd. 202, Vardhman Avon Shopping Plaza, LSC, C-Block Market, Saraswati Vihar, Pitampura, Delhi-110034.**
**In pursuance to rule 19(2) of DCS rules, 2007, it is to inform publicly that following members of Sarv Priya Mahajan CGHS Ltd (Regd No.1384) have resigned from the membership of the society i.e., 1). Sh Anil Kumar (M.No.536) 2). Sh. Rajeev (M.No.616) and Sh. Neeraj Gupta & Sanjay Gupta ( M.No.566). Further they have been issued account payee cheque for their deposited amount. If anyone have any objection he /she may file his/her objection in the office of the RCS, Parliament Street, New Delhi or at society office i.e., 202, Vardhman Avon Shopping Plaza, LSC, C-Block Market, Saraswati Vihar, Pitampura, Delhi-110034 within 7 Days from the date of publication of the public notice.**

Sd/- President/Secretary
Sarv Priya CGHS Ltd

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that Mr. Rahul R/o. Flat no. 354, L Block, Sector-9, New Vijay Nagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh.is going to Purchase the property from Mrs. Rajbala as Flat No L-351, Ground Floor, Sec-9, Vijay Nagar, Ghaziabad, UP.

While Registered GPA dated 15/03/2003 (Doc. No.390) executed by Mr. Sunil Kumar Madan to Mr. Ashok Tyagi and Sale Deed dated 17/04/2003 (Doc. No. 3461) executed By GDA through Mr. Sunil Kumar Madan to GPA holder Mr.Ashok Tyagi are lost.

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/ registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan for purchase of the said Property and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
011-43052822, 09810063351

**परिवहन विभाग**
**दिल्ली परिवहन निगम**
**रा0 रा0 क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**इंदरप्रस्थ एस्टेट नई दिल्ली-110002**

**अल्प अवधि अनुबंध आधार पर बस चालकों की नियुक्ति के लिए।**

दिल्ली परिवहन निगम रा0 रा0 क्षेत्र, दिल्ली सरकार, मैट्रिक पास एवं 50 वर्ष तक की अधिकतम आयु के आवेदकों से अल्प-अवधि अनुबंध आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए (आवश्यकतानुसार इसमें वृद्धि की जा सकती है) सभी आवश्यक कागजात 3 वर्ष पुराना हेवी/ट्रांसपोर्ट चालक लाईसेंस, 10वी पास प्रमाणपत्र इंकतालिका सहित, आधार कार्ड व पैन कार्ड इत्यादि सहित इच्छुक प्रत्याशी व्यक्तिगत रूप से दिल्ली परिवहन निगम मुख्यालय व किसी भी नजदीकी दिल्ली परिवहन निगम के डिपो में सभी कार्यरत दिवसों में (शनिवार, रविवार व रापत्रित/अवकाश छोड़कर) सुबह 10:00 बजे से चालक के पद के लिए आवेदन कर सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया दिल्ली परिवहन निगम की वेबसाइट **www.dtc.nic.in** पर सम्पर्क करे। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31/12/2021 है।

हस्ता/-
(हनीश)
प्रबंधक (कार्मिक)

DIP/Shabdarth/0550/20-21

**सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : 38ई/252-ए, विजय टावर, शाहपुरजाट, नई दिल्ली-110049
सीआईएन : एल24302डीएल1973पीएलसी189662
ई-मेल : info@sunilhealthcare.com / वेबसाइट : www.sunilhealthcare.com
फोन : +91-11-49435555/00, फैक्स : +91-11-43850087

**सूचना**

एतद्द्वारा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 तथा अन्य लागू विनियमों के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक बृहस्पतिवार, 21 जनवरी, 2021 को अप. 3.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिसमें, अन्य के साथ, 31 दिसम्बर, 2020 को समाप्त तीसरी तिमाही/नौ माह हेतु अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम विचारित, अनुमोदित एवं अभिलेखबद्ध किए जाएंगे। कम्पनी का नई दिल्ली स्थित पंजीकृत कार्यालय बोर्ड की बैठक का स्थान माना जाएगा।

इसके अतिरिक्त, ट्रेडिंग विन्डो, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (अंतरंगी व्यापार का निषेध) विनियमावली, 2015 के प्रावधानों के तहत, जैसाकि हमारे पत्र दिनांकित 31-12-2020 के माध्यम से स्टॉक एक्सचेंज को सूचित किया जा चुका है, 01 जनवरी, 2021 से 23 जनवरी, 2021 तक (दोनों तिथियों सहित) बंद रहेगी।

इस सूचना में दी गई जानकारी कम्पनी की वेबसाइट **www.sunilhealthcare.com** पर तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** पर भी उपलब्ध है।

वास्ते सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड
हस्ता./-
संतोष कुमार शर्मा
कम्पनी सेक्रेटरी एवं अनुपालन अधिकारी
एफ-6817

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 13 जनवरी, 2021

# देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पहले कभी इतने खतरे में नहीं थी



● ट्रंप ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी ने इस साल को और चुनाव को काफी कठिन बना दिया। राष्ट्रपति ने कहा, यह हमारे देश के लिए बेहतर स्थिति में आने का समय है... कानून प्रवर्तन और उससे जुड़े लोगों पर विश्वास रखें

भाषा। वाशिंगटन

**कैपिटल हिल** पर हुए हमले के बाद तमाम सोशल मीडिया मंचों द्वारा प्रतिबंधित किए जाने के बाद अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पहले कभी इतने खतरे में नहीं थी।यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर छह जनवरी को ट्रंप समर्थकों द्वारा किए हमले के बाद अपने पहले भाषण में निवर्तमान राष्ट्रपति ने अपने खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही, पिछले सप्ताह हुए हमले और अमेरिकी संविधान के 25वें संशोधन का इस्तेमाल करने के आह्वान (जिसके द्वारा उनके मंत्रिमंडल के सदस्य उन्हें हटा सकते हैं) जैसे तमाम मुद्दों पर बात की।ट्रंप ने कहा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पहले कभी इतने खतरे में नहीं थी। मुझे 25वें संशोधन से ज़रा सा भी खतरा नहीं है, लेकिन नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके प्रशासन के लिए यह आगे खतरा जरूर बन सकता है। उन्होंने कहा, देश के इतिहास में जानबूझकर किसी (ट्रंप) को परेशान करने के सबसे निंदनीय कृत्य को आगे बढ़ाते हुए महाभियोग का इस्तेमाल किया जा रहा है और इससे काफी गुस्से एवं विभाजन की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इसका दर्द इतना अधिक है कि कुछ लोग इसे समझ भी नहीं सकते, जो कि खासकर इस नाजुक समय में अमेरिका के लिए बेहद खतरनाक है। ट्रंप ने पिछले सप्ताह यूएस कैपिटल में हुई घटना पर कहा, मैंने अपने कार्यकाल में हमेशा कहा है कि हम अमेरिका के इतिहास एवं परम्पराओं का सम्मान करने में विश्वास करते हैं, उन्हें तोड़ने में नहीं। हम कानून के शासन में विश्वास करते हैं, हिंसा या दंगों में नहीं। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने हार स्वीकार नहीं की है और वह तीन नवम्बर को हुए चुनाव में धोखाधड़ी के बेबुनियाद दावे लगातार करते रहे हैं। उनके इन दावों के बीच ही, कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) में ट्रंप के समर्थकों ने धावा बोला था और हिंसा की थी, जिसमें कैपिटल पुलिस के एक अधिकारी तथा चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद ही उन पर महाभियाग चलाए जाने की मांग भी की गई।ट्रंप ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी ने इस साल को और चुनाव को काफी कठिन बना दिया। राष्ट्रपति ने कहा, यह हमारे देश के लिए बेहतर स्थिति में आने का समय है... कानून प्रवर्तन और उससे जुड़े लोगों पर विश्वास रखें।

## चुनाव को प्रमाणित करने के लिए मतदान करने वाले सांसदों को मिल रही हैं धमकियां: रो खन्ना

भाषा। वाशिंगटन



**भारतीय-अमेरिकी** सांसद रो खन्ना ने कहा है कि जो बाइडन की जीत की पुष्टि के लिए तीन नवंबर को हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव के परिणाम को प्रमाणित करने के पक्ष में मतदान करने वाले अमेरिकी सांसदों को हिंसक धमकियां मिल रही हैं जिनमें जान से मारने की धमकियों भी शामिल हैं।खन्ना ने सीएनएन न्यूज को मंगलवार के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी, दोनों दलों के सांसदों को धमकियां मिल रही हैं।खन्ना ने सीएनएन के प्रस्तोता ब्रूक बाल्डविन से कहा, लोगों को यह समझ नहीं आता कि हिंसा का खतरा केवल डेमोक्रेटिक नेताओं को ही नहीं है, यह खतरा रिपब्लिकन नेताओं को भी है। मैंने अपने कुछ सहकर्मियों से बात की है -- मैं यह नहीं बताना चाहता कि ए धमकियां किन लोगों को मिली हैं, लेकिन उन्हें जान से मारे जाने की भी धमकियां मिली हैं। कैलिफोर्निया से डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता खन्ना ने कहा, चुनाव परिणाम को प्रमाणित करने के लिए मतदान करने वालों को हिंसा की धमकियां मिल रही हैं। सेवारत कई लोगों के लिए स्थिति भयानक है और दोनों दलों के नेताओं को यह सब झेलना पड़ रहा है। अमेरिकी संसद के छह जनवरी को हुए संयुक्त सत्र में निर्वाचक मंडल (इलेक्टोरल कॉलेज) ने चुनाव में अगले राष्ट्रपति के तौर पर बाइडन और अगली उपराष्ट्रपति के तौर पर कमला हैरिस की जीत को औपचारिक रूप से प्रमाणित किया था। खन्ना ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यह दलील तार्किक नहीं है कि महाभियोग चलाने के इस कदम से देश के लिए बहुत नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा, इसका मतलब यह हुआ कि कोई व्यक्ति अपराध करता है, बैंक लूटता है और फिर कहता है कि उसे गिरफ्तार करने वाली पुलिस या उसे जवाबदेह बनाने वाला अभियोजन दोषी है। उल्लेखनीय है कि कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) पर पिछले सप्ताह हुए हिंसक हमले के मद्देनजर ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर डेमोक्रेटिक नेताओं के नियंत्रण वाली अमेरिकी प्रतिनिधि सभा बुधवार को मतदान करेगी।प्रतिनिधि सभा ने ट्रंप को उनके पद से हटाने के लिए अमेरिका के निवर्तमान उपराष्ट्रपति माइक पेंस से 25वां संशोधन लागू करने की अपील करने का प्रस्ताव पारित किया था, लेकिन पेंस ने 25वें संशोधन को लागू करने से इनकार कर दिया है।



सीओल के एक धार्मिक स्थल पर जमी बर्फ को मास्क पहनकर हटाते कर्मचारी।

## चीन के खिलाफ शक्ति संतुलन बनाएगा मजबूत भारत

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका के** निवर्तमान ट्रंप प्रशासन ने सार्वजनिक किए गए एक दस्तावेज में कहा है कि भारत में सीमा पर चीन की उकसाने वाली कार्वाई का जवाब देने की क्षमता है और एक मजबूत भारत समान सोच रखने वाले देशों के सहयोग से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के खिलाफ शक्ति संतुलन बनाने का काम करेगा।


10 पृष्ठीय दस्तावेज को अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रोबर्ट ओ ब्रायन ने हाल में सार्वजनिक किया था और अब इसे व्हाइट हाउस की वेबसाइट पर पोस्ट किया गया है।

हिंद प्रशांत के लिए यूएस स्ट्रैटेजिक फ्रेमवर्क दस्तावेज में कहा गया है, भारत सुरक्षा मामलों पर अमेरिका का पंसदीदा साझेदार है। दोनों दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व एशिया और आपसी चिंता वाले अन्य क्षेत्रों में समुद्री सुरक्षा बनाए रखने और चीनी प्रभाव को रोकने में सहयोग करते हैं। भारत में सीमा पर चीन की उकसावे की कार्वाई का जवाब देने की क्षमता है। इसमें कहा गया है कि भारत दक्षिण एशिया में अग्रणी है और वह हिंद प्रशांत की सुरक्षा बनाए रखने में नेतृत्व की भूमिका निभा रहा है। वह दक्षिण पूर्व एशिया में मौजूदगी बढ़ा रहा है और क्षेत्र में अमेरिका के अन्य सहयोगियों एवं साझेदारों के साथ आर्थिक, रक्षात्मक एवं राजयनिक सहयोग को विस्तार दे रहा है। दस्तावेज में कहा गया है, एक मजबूत भारत एक जैसी सोच रखने वाले देशों के सहयोग से चीन के खिलाफ शक्ति संतुलन बनाने का काम करेगा।

इसमें कहा गया है कि दस्तावेज में बताई गई नीति का लक्ष्य भारत के विकास एवं क्षमता को बढ़ाना है, ताकि वह बड़ा रक्षा साझेदार बन सके। इसका लक्ष्य भारत के साथ स्थाई रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना है, जिसे क्षेत्र में अमेरिका और उसके साझेदारों के साथ प्रभावशाली गठजोड़ करने में सक्षम मजबूत भारतीय सेना आधार प्रदान करती है। इसमें रक्षा सहयोग के लिए मजबूत आधार बनाने और रक्षा क्षेत्र में व्यापार बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है। इस फ्रेमवर्क में एक बड़े रक्षा साझेदार के तौर भारत का दर्जा बढ़ाने के लिए रक्षा तकनीक के हस्तांतरण की क्षमता को विस्तार देने, क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी साझा चिंताओं पर सहयोग बढ़ाने और भारत की मौजूदगी हिंद महासागर से आगे बढ़ाने को प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव रखा गया है।दस्तावेज में परमाणु आपूर्ति समूह में भारत की सदस्यता को सहयोग देने की बात की गई है। दस्तावेज में राजनयिक, सैन्य और खुफिया माध्यमों से भारत को सहयोग देने का प्रस्ताव रखा गया है ताकि चीन के साथ सीमा पर विवाद समेत महाद्वीप की चुनौतियों से निपटने में मदद मिल सके। इसमें भारत की एक्ट ईस्ट नीति और अग्रणी वैश्विक शक्ति बनने की उसकी महत्कांक्षाओं को समर्थन देने का प्रस्ताव रखा गया है।

## क्यूबा ने नए अमेरिकी प्रतिबंधों की निंदा की, बाइडन के आने पर बेहतर स्थिति की उम्मीद जताई

**हवाना।** क्यूबा का कहना है कि वह इस बात को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन इस बात को नहीं मानते कि कैरेबियाई द्वीप राष्ट्र आतंकवाद प्रायोजित करता है। निवर्तमान अमेरिकी प्रशासन द्वारा क्यूबा को आतंकवाद प्रायोजित करने वाले देशों की सूची में फिर से शामिल करने के एक दिन बाद क्यूबा के एक वरिष्ठ राजनयिक ने यह बात कही।गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन ने देश के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के फैसले को पलटते हुए क्यूबा को आतंकवाद प्रायोजित करने वाले देशों की सूची में फिर से शामिल किया है। यह फैसला बाइडन के सत्ता संभालने से कुछ दिन पहले लिया गया है। क्यूबा के विदेश मंत्रालय में अमेरिकी विभाग के महानिदेशक कार्लोस फर्नांडिज डी कोसिओ ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा,"हम आश्वस्त हैं कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति बाइडन और उनकी टीम पूरी तरह से जानती है कि क्यूबा आतंकवाद प्रायोजक देश नहीं है और न ही कभी रहा है। उन्होंने कहा," और हमें विश्वास है कि 20 जनवरी को आने वाली सरकार पर इस सच्चाई का एक निश्चित प्रभाव होगा। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने सोमवार को कहा, विदेश मंत्रालय ने आतंकवादियों को पनाह मुहैया कराकर अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के कृत्यों का बार-बार समर्थन करने के कारण क्यूबा को आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देशों की सूची में शामिल किया है। उन्होंने कहा, इस कदम के जरिए, हम क्यूबा सरकार को एक बार फिर जवाबदेह बनाएंगे और एक स्पष्ट संदेश देंगे कि कास्त्रो शासन को अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद को अपना समर्थन और अमेरिकी न्याय व्यवस्था को नष्ट करना बंद कर देना चाहिए।



इंडोनेशिया में श्री विजया एयरपैसेंजर हादसे के बाद मिले मलबे को इकट्ठा करते कर्मचारी

### यूट्यूब ने कम से कम एक हफ्ते के लिए ट्रम्प के चैनल को निलंबित किया

**हांगकांग।** यूट्यूब ने हिंसा की आशंकाओं को लेकर जारी चिंताओं के मद्देनजरको कम से कम एक सप्ताह के लिए निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का चैनल निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही वह ट्रम्प की ऑनलाइन गतिविधियों को निलंबित करने वाले सोशल मीडिया मंचों मे शामित हो गई है।यूट्यूब ने एक ट्वीट मे कहा कि उसने नई सामग्री अपलोड होने के बाद ट्रम्प के चैनल को निलंबित कर दिया, जिसने उसकी नीतियों का उल्लंघन किया है। बयान में यह स्पष्ट नही किया गया कि कौन से वीडियो पर सवाल खड़ा किया गया है या उसने किस तरह से उसकी नीतियो का उल्लंघन किया है।गौरतलब है कि पिछले हफ्ते कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) में ट्रंप के समर्थको ने हमला किया था जिसमे कैपिटल पुलिस के एक अधिकारी तथा चार अन्य लोगो की मौत हो गई थी। इस घटना से नवनिर्वाचित राष्ट्रपति की जीत को प्रमाणित करने की प्रक्रिया बाधित हुई थी।इस घटना के बाद अब तक फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम समेत कई सोशल मीडिया मंचो ने ट्रम्प के अकाउंट को निलंबित कर दिया है। यूट्यब ने ट्विटर पर एक बयान मे कहा,"सामग्री की समीक्षा के बाद और हिसा की आशंका को लेकर जारी चिंताओं के मद्देनजर, हमने अपनी नीतियो का उल्लंघन करने पर डोनाल्ड जे ट्रम्प के चैनल पर अपलोड की गई नई सामग्री हटा दी।

### एफबीआई ने कैपिटल हिल दंगाइयों के खिलाफ 160 से अधिक मामलों में जांच शुरू की: अधिकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका मे एफबीआई ने कैपिटल हिल मे छह जनवरी को दंगा करने वालो के खिलाफ 160 से अधिक मामलो मे जांच शुरू की और कहा कि यह महज़ शुरुआत है।फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) वाशिंगटन के फील्ड ऑफिस असिस्टेंट डायरेक्टर इंचार्ज स्टीवन एम. डी अनटूनो ने एक संवाददाता सम्मेलन मे बताया कि एजेंसी पिछले सप्ताह कैपिटल (संसद भवन) पर हमला करने वाले लोगो को गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ आरोप तय करने के लिए अमेरिका के अटॉर्नी कार्यालय एवं अपने कानून प्रवर्तन साथियो के साथ मिलकर काम कर रही है।उन्होने कहा, छह दिनो मे हमने 160 से अधिक मामलो की फाइल खोली है और यह महज़ शुरुआत है। उन्होंने कहा कि एफबीआई को डिजिटल मीडिया की एक लाख से अधिक सामग्रियां मिली है, जो कैपिटल पर हुए हमले से जुड़ी है।डी अनटूनो ने कहा कि एजेंसी एकैपिटल पर हमला करने वाले एक-एक व्यक्ति तक पहुंचेगी। उन्होने कहा, लेकिन हम ऐसा करें, उससे पहले आपके पास खुद सामने आने का मौका है, जैसा कि बुधवार को कुछ लोगो ने किया है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव मे अपनी हार स्वीकार नही की है और वह तीन नवम्बर को हुए चुनाव मे धोखाधड़ी के बेबुनियाद दावे लगातार करते रहे है। उनके इन दावो के बीच ही, कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) मे ट्रंप के समर्थको ने धावा बोला था और हिसा की थी, जिसमे कैपिटल पुलिस के एक अधिकारी तथा चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी।

### अमेरिका में करीब सात दशक बाद किसी महिला कैदी को मौत की सजा के लिए लगाया गया इंजेक्शन


**टेरे हौटे (अमेरिका)।** अमेरिका के कंसास मे रहने वाली एक महिला को एक गर्भवती महिला की गला दबा कर हत्या करने और गर्भ काट कर भ्रूण निकालने के जुर्म मे मौत की सजा दी गई। अमेरिकी सरकार ने करीब सात दशक मे पहली बार किसी महिला कैदी को मौत की सजा दी है। महिला कैदी लीसा मॉन्टगोमरी (52) को इंडियाना प्रांत के टेरे हौटे के संघीय जेल परिसर मे जहरीला इंजेक्शन लगाए जाने के बाद रात।:31 बजे मृत घोषत कर दिया गया। मौत की सजा पर तामील होने की प्रक्रिया के दौरान मॉन्टगोमरी के के पास खड़ी महिला ने झुक कर उसके चेहरे से मास्क हटाया और पूछा कि क्या उसे अंतिम बार कुछ कहना है। इस पर दोषी महिला ने कहा, नही। महिला के वकील केली हेनरे ने कहा , लीसा को मौत की सजा देने की प्रक्रिया मे शामिल लोगो को शर्म आनी चाहिए। मामले के अनुसार मॉन्टगोमरी ने 2004 मे मिसूरी के स्किडमोर शहर मे 23 वर्षीय बॉबी जो स्टीनेट की हत्या कर दी थी। उसने एक रस्सी से बॉबी का गला दबा कर हत्या कर दी थी और एक चाकू से उसका पेट काट कर बच्ची को निकाल लिया था। उस वक्त बॉबी आठ माह की गर्भवती थी। बाद मे मॉन्टगोमरी बच्ची को अपने साथ ले गई थी और उसे अपना बताने लगी।

### भारतीय मूल के मंत्री के इस्तीफे के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री ने मंत्रिमंडल में किया फेरबदल

**टोरंटो।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक पूर्व अंतरिक्ष यात्री को नया विदेश मंत्री नियुक्त किया है। भारतीय मूल के कनाडाई सिख मंत्री नवदीप बैंस के अचानक इस्तीफे के बाद मंत्रिमंडल मे यह फेरबदल किया गया है। ट्रूडो ने मंत्रिमंडल मे फेरबदल के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए मंगलवार को ट्विटर पर कहा, नवदीप बैंस ने घोषणा की है कि वह अपने परिवार के साथ अधिक वक्त बिताने के लिए नवाचार, विज्ञान एवं उद्योग मंत्री पद से इस्तीफा दे रहे है। उनकी घोषणा से उत्पन्न रिक्ति को भरने के लिए हम कनाडा के मंत्रिमंडल मे कुछ बदलावो की घोषणा कर रहे है।

# अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने 25वां संशोधन लागू करने की पेंस से अपील करने संबंधी प्रस्ताव किया पारित

भाषा। वाशिंगटन



**डेमोक्रेटिक नेताओं** के नियंत्रण वाली अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने एक प्रस्ताव पारित करके देश के निवर्तमान उपराष्ट्रपति माइक पेंस से अपील की है, वह निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पद से हटाने के लिए 25वां संशोधन लागू करें।

इस प्रस्ताव को मंगलवार को 205 के मुकाबले 223 मतों से पारित किया गया। प्रस्ताव में पेंस से अपील की गई कि वह कैबिनेट से 25वां संधोशन लागू करने को कहें।इस संशोधन को पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी की हत्या के मद्देनजर 50 साल से अधिक समय पहले पारित किया गया था। यदि कोई व्यक्ति राष्ट्रपति पद पर सेवा देने उपयुक्त नहीं रह जाता, तो उसकी जगह किसी और की नियुक्त किए जाने का प्रावधान करने के लिए इस संशोधन का उपयोग किया जाता है।इससे पहले पेंस ने प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी से कहा था वह 25वां संशोधन लागू नहीं करेंगे। पेंस ने प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी को लिखे पत्र में कहा, हमारे संविधान में, 25वां संशोधन सजा देने या अधिकार छीनने का जरिया नहीं है। इस प्रकार से 25वां संशोधन लागू करना खराब उदाहरण पेश करेगा। पेलोसी ने सदन में कहा कि छह जनवरी को ट्रंप ने अमेरिका के खिलाफ एक घातक विद्रोह को भड़काया, जिसने इसके लोकतंत्र के दिल यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर हमला किया। उन्होंने कहा कि तथ्य बिल्कुल स्पष्ट हैं कि इस राजद्रोही हमले के पीछे राष्ट्रपति का हाथ था और उन्होंने अपने समर्थकों को इसके लिए उकसाया।इस बीच ट्रंप ने यूएस कैपिटल पर छह जनवरी को किए हमले के बाद अपने पहले भाषण में कहा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पहले कभी इतने खतरे में नहीं थी। मुझे 25वें संशोधन से ज़रा सा भी खतरा नहीं है, लेकिन नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके प्रशासन के लिए यह आगे खतरा जरूर बन सकता है। उन्होंने कहा, देश के इतिहास में जानबूझकर किसी (ट्रंप) को परेशान करने के सबसे निंदनीय कृत्य को आगे बढ़ाते हुए महाभियोग का इस्तेमाल किया जा रहा है और इससे काफी क्रोध एवं विभाजन की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

इसका दर्द इतना अधिक है कि कुछ लोग इसे समझ भी नहीं सकते, जो कि खासकर इस नाजुक समय में अमेरिका के लिए बेहद खतरनाक है। पेलोसी ने कहा कि ट्रंप के कदम दर्शाते हैं कि वह अपने कार्यालय की मूलभूत दायित्वों का निवर्हन करने में बिल्कुल अक्षम हैं, इसलिए उन्हें तत्काल पद से हटा दिया जाना चाहिए। कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) पर पिछले सप्ताह हुए हिंसक हमले के मद्देनजर ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर डेमोक्रेटिक नेताओं के नियंत्रण वाली अमेरिकी प्रतिनिधि सभा बुधवार को मतदान करने के लिए तैयार है।महाभियोग प्रस्ताव पर मतदान के साथ ही ट्रंप अमेरिका के इतिहास में पहले ऐसे राष्ट्रपति बन सकते हैं जिनके खिलाफ दो बार महाभियोग चलाया गया।सांसद जैमी रस्किन, डेविड सिसिलिने और टेड लियू ने महाभियोग का प्रस्ताव तैयार किया है जिसे प्रतिनिधि सभा के 211 सदस्यों ने सह-प्रायोजित किया।

इसे सोमवार को पेश किया गया था।इस महाभियोग प्रस्ताव में निर्वतमान राष्ट्रपति पर अपने कदमों के जरिए छह जनवरी को राजद्रोह के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है। इसमें कहा गया है कि ट्रंप ने अपने समर्थकों को कैपिटल बिल्डिंग (संसद परिसर) की घेराबंदी के लिए तब उकसाया, जब वहां इलेक्टोरल कॉलेज के मतों की गिनती चल रही थी और लोगों के धावा बोलने की वजह से यह प्रक्रिया बाधित हुई। इस घटना में एक पुलिस अधिकारी समेत पांच लोगों की मौत हो गई।इससे पहले प्रतिनिधि सभा की न्यायिक समिति के अध्यक्ष जेरोल्ड नैडलर ने ट्रंप के खिलाफ महाभियोग के लिए 50 पन्नों की एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें महाभियोग चलाने के लिए मजबूत आधार पेश किए गए हैं।प्रतिनिधि सभा ने 18 दिसंबर, 2019 में ट्रंप के खिलाफ महाभियोग के आरोप को पारित किया था, लेकिन रिपब्लिकन पार्टी के नियंत्रण वाले सीनेट ने फरवरी 2020 में उन्हें आरोपों से बरी कर दिया था।

उस दौरान आरोप लगाए गए थे कि ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति पर दबाव डाला कि वे बाइडन और उनके बेटे के खिलाफ भ्रष्टाचार के दावों की जांच करवाए। इससे पहले, सदन में बहुमत के नेता स्टेनी होयर ने सोमवार को अपने पार्टी सहकर्मियों के साथ कान्फ्रेंस कॉल के दौरान कहा था कि महाभियोग को लेकर मतदान बुधवार को होगा।डेमोक्रेटिक सांसदों के पास ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित करने के लिए प्रतिनिधि सभा में पर्याप्त मत है, लेकिन सीनेट में रिपब्लिकन नेताओं के पास 50 के मुकाबले 51 का मामूली अंतर से बहुमत है। सीनेट में महाभियोग प्रस्ताव पारित करने के लिए दो तिहाई सदस्यों के मतों की आवश्यकता होती है।

# 'नए कलाकार के लिए एक ही विकल्प होता है- अपना सर्वश्रेष्ठ देना'



लंबे अंतराल के बाद एंड टीवी चैनल पर चलने वाले शो में गोरी मेम की वापसी हो रही है। पायनियर संवाददाता **मुस्बा हाशमी** ने बात की नई गोरी मेम के लिए प्रस्तावित अभिनेत्री **नेहा पेंडसे** से और जाना इस चरित्र को निभाने की राह में उनके लिए प्रस्तुत चुनौतियों के बारे में। इसके अलावा बातचीत में उन्होंने बताया कि इस रोल को लेने के पीछे उन्हें क्या सर्वाधिक आकर्षक लगा-

**चमकदार साड़ी** पहने अभिनेत्री नेहा पेंडसे टीवी जगत की जानी मानी अभिनेत्री हैं। लेकिन पूर्व गोरी मेम का चरित्र करने वाली अभिनेत्री सौम्या टंडन के जाने से दर्शकों को काफी निराशा हुई कि अब वे पुरानी गोरी मेम को लंबे समय से सीरियल में नहीं दे पा रहे थे। लेकिन अब ये प्रतीक्षा समाप्त होने वाली है नेहा पेंडसे अब सौम्या टंडन के स्थान पर 'भाभी जी घर पर हैं' में गोरी मेम अर्थात अनीता मिश्रा का चरित्र करती दिखाई देंगी। पेंडसे ने बताया, 'मैं अनीता का चरित्र निभाने के लिए अत्यंत उत्साहित हूं। मुझे पता है कि दर्षकों को मेरे चरित्र को लेकर कुछ अपेक्षाएं हैं लेकिन मैं आशा करती हूं कि इन अपेक्षाओं पर मैं खरी उतर सकूंगी।' लेकिन, जैसा कि हर अभिनेत्री के साथ होता है, जब उन्हें पहले से चल रहे शो में किसी चरित्र को बीच से निभानेके लिए कहा जाता है तो ये एक बड़ी चुनौती होती है, विषेष रूप से किसी ऐसे शो में जो जनता के बीच लोकप्रिय भी हो। लेकिन पेंडसे का कहना है कि वो दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए अपनी ओर से कोई कोर कसर शेष नहीं छोड़ेंगी।

नेहा ने बताया, 'ऐसे में सदा ही एक दबाव जैसा होता है क्योंकि एक कलाकार जो एक चरित्र को निभाते हुए लोकप्रिय हो चुका था, अचानक दर्शकों के सामने से हट जाता है और दूसरे को उसी चरित्र में लाना उस नए कलाकार के लिए एक बड़ी चुनौती साबित होता है। ऐसे में नए कलाकार के लिए केवल एक ही विकल्प शेष रहता है और वो है कि चरित्र को अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ देना। लेकिन इस संबंध में ये बताना उचित होगा कि अनीता बनी सौम्या अपने व्यक्तिगत कारणों के चलते शो से पहले ही हट चुकी थी। लेकिन दर्शकों की ओर से नई अनीता भाभी की प्रतीक्षा हो रही है, ये पहली बार देखा जा रहा है।

ऐसे में नई अनीता भाभी को देखना दर्शकों के लिए कोई अचानक से होने वाली घटना नहीं होगी क्योंकि अनीता भाभी सीरीज़ से पहले ही विदा हो चुकी हैं। दर्शकों को ऐसे में इस तथ्य को पचाना कठिन कार्य नहीं होना चाहिये क्योंकि वे पहले से ही किसी नए चेहरे की प्रतीक्षा कर रहे हैं। दर्षक एक प्रकार से नए कलाकार का स्वागत करने के लिए व्यग्र हैं और यही बात मेरे हित में है।

नेहा ने अभी इसकी शूटिंग प्रारंभ नहीं की है लेकिन उनका कहना है कि उनके लिए इस चरित्र को करना कोई बड़ी चुनौती नहीं होगी क्योंकि अपने वास्तविक जीवन में वो कुछ कुछ अनीता भाभी जैसी ही हैं। उनका कहना है, 'यदि मुझे अंगूरी भाभी का चरित्र निभाने के लिए कहा जाता तो ये मेरे लिए बड़ी चुनौती होती क्योंकि मुझे उनके जैसा बनने के लिए काफी तैयारी करनी पड़ती। लेकिन अनीता तो वैसी ही है जैसी मैं अपने वास्तविक जीवन में हूं। इसमें मेरे लिए कुछ भी नया करना नहीं है। मुझे लगता है कि मैं ये रोल सरलता से निभा सकती हूं।'

अनीता ही नहीं पेंडसे भी लंबे समय से टीवी के परदे से दूर रही हैं। उनके लिए भी किसी नए शो में नए चरित्र के साथ वापसी करना आसान नहीं था। नेहा ने बताया, 'हर किसी को ऐसे में सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध भूमिका की तलाष होती है और किसी ऐसे प्रोजेक्ट को चुनना होता है जिसके साथ वो सरलता से सामंजस्य स्थापित कर सके। किसी नए प्रोजेक्ट को लेकर मुझे भी तरह तरह की आषंकाएं हो रही थीं मेरे पास कुछ दूसरे प्रस्ताव भी थे लेकिन उनमें से 'भाभी जी घर पर हैं' ही सर्वश्रेष्ठ विकल्प लगा। इसके अलावा मुझे कुछ आतरिक प्रेरणा भी इसी रोल को करने के लिए कह रही थी। बस मैंने इसे स्वीकार कर लिया।'

ऐसा नहीं है कि पेंडसे हमेषा अंतप्रेरणा पर ही चलती हैं। उनके लिए भी शो के निर्देषक, निर्माता और शो की कहानी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है जितनी किसी दूसरे कलाकार के लिए।

उन्होंने बताया, 'मैं हमेषा कुछ बातों का ध्यान रखती हूं। यदि मैं इस शो की बात करूं तो कह सकती हूं कि इसके निर्माता से मैं परिचित हूं और वे इस जॉनर के लिए जाने जाते हैं। अतः मैं इस क्षेत्र के अनुभवी लोगों के साथ जुड़ने जा रही हूं। एक और बात ये है कि ये ऐसा चरित्र है जो लंबे समय तक रहने वाला है क्योंकि शो पिछले पांच सालों से चल रहा है और इसके चलते रहने की ही आषा है अतः ये इसे अस्वीकारकरने का कोई कारण नहीं है। ये शो मेरी हर मापदंड पर खरा उतरता है।' पेंडसे इससे पहले 1995 में कैप्टेन हाउस, नामक शो में काम कर चुकी हैं।

लेकिन ये काम भी उन्हें एक संयोग से ही मिला था ऐसा लगता है जैसे अभिनय ने ही उन्हें चुना हो, 'मैं अत्यंत लजीली लड़की थी जब मैं 10 साल की थी तो मेरी मां ने मुझे व्यक्तित्व निखारने की एक कक्षा में प्रवेष करा दिया। वहां मुझे एकता कपूर ने देखा। उन्हें कुछ बच्चों की तलाष थी लेकिन बच्चे मिलना उन दिनों उतना सरल नहीं हुआ करता था। अतः निर्माताओं को ऐसे व्यक्तित्व सुधार क्लासेज़ के चक्कर लगाने पड़ते थे। मैं इस प्रकार उनकी नजर में आई और मुझे रोल मिल गया। मेरी मां को मेरा काम अच्छा लगा और मुझे उनका पूरा सहयोग मिलने लगा।'

अपने कॅरियर में पेंडसे ने काफी कुछ सीखा है और कुछ ऐसी बातें भी हैं जिनका उन्हें आज पछतावा भी है। उन्होंने बताया, 'मैंने बचपन से ही काम करना प्रारंभ कर दिया था और मुझे काम निरंतर मिलता चला गया। मुझे काम मांगना नहीं पड़ा। मैंने कहीं से अभिनय सीखा भी नहीं है। मैंने अभिनय ऐसे ही चलते फिरते सीखा है। मुझे इसका खेद भी है। मुझे लगता है कि मुझे अभिनय से जुड़ी कुछ पेषेवर जानकारी के लिए कोई व्यावसायिक कोर्स आदि करना चाहिये था ताकि इस कला का मुझे और अच्छा ज्ञान होता तो संभवतः मुझे मिलने वाले अवसरों में तथा मेरे चयन में भी एक प्रकार की गुणवत्ता होती।'

## अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म समारोह में सत्यजीत रे को दी जाएगी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** इक्यावनवें अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म समारोह (आईएफएफआई) में महान फिल्मकार सत्यजीत रे की पांच प्रमुख फिल्मों का प्रदर्शन करके उनके योगदान को याद किया जाएगा। हर वर्ष 20-28 नवंबर के दौरान गोवा में होने वाला यह समारोह पिछले साल कोरोना वायरस महामारी के चलते स्थगित कर दिया गया था जो अब 16-24 जनवरी के दौरान होगा। रे को श्रदांजलि के तौर पर इस समारोह में उनकी पाथेर पांचाली , चारूलता, सोनार केल्ला , पहली हिंदी फिल्म शतरंज के खिलाड़ी और घरे बैरे प्रदर्शित की जाएगी। इस समारोह के पैनोरमा खंड में तुषार हीरानंदानी की निर्देशित फिल्म सांढ की आंख पहली फिल्म होगी। उसमें तापसू पन्नू और भूमि पेडनेकर ने अभिनय किया है। इस 51 वें फिल्म समारोह में विभिन्न खंडों में 224 फिल्में दिखाई जाएंगी। यह समारोह कोरोना वायरस महामारी के चलते हाइब्रिड प्रारूप में होगा। इस साल बांग्लादेश मुख्य केंद्र देश हैं और वहां की चार फिल्में दिखाई जाएंगी।

# अनुष्का और विराट ने पापारात्सी से बेटी की निजता का सम्मान करने की अपील की

भाषा। मुम्बई



**अभिनेत्री एवं** निर्माता अनुष्का शर्मा और उनके पति एवं क्रिकेटर विराट कोहली ने बुधवार को पापारात्सी से उनकी बेटी की निजता का सम्मान करने और उसकी तस्वीरें या अन्य कोई जानकारी प्रकाशित ना करने की अपील की।


पापारात्सी उन स्वतन्त्र फोटोग्राफरों को कहते हैं, जो खिलाड़ियों, अभिनेताओं, राजनेताओं तथा अन्य प्रसिद्ध व्यक्तियों की तस्वीरें लेते हैं। कोहली ने 11 जनवरी को अपनी बेटी के जन्म की घोषणा की थी और कहा था कि अनुष्का और उनकी बेटी दोनों स्वस्थ हैं। दम्पति ने अब मुम्बई में पापारात्सी से उनकी बेटी की निजता का सम्मान करने की अपील की। साथ ही उन्होंने शुभकामनाओं के लिए भी सभी का शुक्रिया अदा किया। दम्पति ने एक बयान में कहा, माता-पिता होने के नाते , हम आपसे बस एक छोटी से विनती करना चाहते हैं। हम अपनी बेटी की निजता की रक्षा करना चाहते हैं और हमें इसमें आपका सहयोग चाहिए। उन्होंने मीडिया को आश्वासन दिया वह सही समय आने पर खुद उससे जुड़ी जानकारी साझा करेंगे। उन्होंने कहा, हम हमेशा यह सुनिश्चित करेंगे कि आपको हमसे संबंधित जानकारी देने के लिए जो सामग्री चाहिए वे मुहैया कराएं। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि ऐसी कोई सामग्री जारी ना करें, जो हमारी बच्ची से जुड़ी हो। हमें पता है कि आप हमारी बात समझ रहे होंगे और इसके लिए हम आपका शुक्रिया अदा करते हैं। अनुष्का और विराट 11 दिसम्बर 2017 को इटली में एक निजी समारोह में शादी के बंधन में बंध गए थे।

# अच्छी स्क्रिप्ट मुश्किल से हाथ आती है : काजोल



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध अभिनेत्री काजोल का कहना है कि वह आने वाली फिल्म त्रिभंग में अपने किरदार को जीवन के साथ जोड़ कर देख सकती हैं। त्रिभंग में खास तौर से मां और बेटी के बीच के संबंधों को दिखाया गया है। अभिनेत्री रेणुका सहाणे की इस फिल्म में उस विषय को उठाया गया है, जिसपर अकसर कोई बात नहीं करता। सामान्य तौर पर हिन्दी सिनेमा में बाप-बेटे के संबंधों पर चर्चा होती है, लेकिन मां को हमेशा दरकिनार कर दिया जाता है या उसे त्याग की मूर्ति के रूप में दिखाया जाता है। बाजीगर , दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, कुछ कुछ होता है और कभी खुशी, कभी गम जैसे बॉलीवुड ब्लॉकबस्टर में काम की चुकी काजोल का कहना है कि वह अपने करियर को लेकर कभी कोई योजना नहीं बनाती हैं। अभिनेत्री का कहना है कि सबकुछ अच्छा स्क्रिप्ट मिलने पर निर्भर करता है। जूम पर पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में काजोल ने कहा, मैंने हमेशा अच्छे स्क्रिप्ट पर काम किया है। अगर मुझे कुछ अच्छा लगता है तो मैं वह करुंगी, अगर अच्छा नहीं लगता है तो मैं नहीं करुंगी। मैं कभी योजना नहीं बनाती कि मेरा अगला किरदार क्या होगा या कैसी फिल्म करूगी। अच्छी स्क्रिप्ट मुश्किल से हाथ आती है। उन्होंने कहा, मैं कह सकती हूं कि मैं ऐसा किरदार निभाना चाहती हूं या ऐसी फिल्म करना चाहती हूं, लेकिन अंत में आपको अच्छी स्क्रिप्ट पर ही काम करना होगा। यह जुआ है, कभी आपकी किस्मत अच्छी होती है और कभी नहीं होती है। त्रिभंग में लोकप्रिय बॉलीवुड स्टार और ओडिशी नृत्यांगना अनु की भूमिका निभा रही काजोल का फिल्म में अपनी मां नयन के साथ बेहद कड़वा संबंध है। काजोल का कहना है कि उन्हें यह किरदार एक नजर में भा गया था। फिल्म में तन्वी आजमी, मिथिला पाल्कर और कुणाल रॉय कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर शुक्रवार को होना है।

## वेब वर्ल्ड




### हिस्ट्री ऑफ स्वेयर वर्ड्स

**निकोलस** केज इस शैक्षिक सीरीज़ में सर्वाधिक कुख्यात स्वेयर वर्ड्स के इतिहास और प्रभाव के बारे में जानकारी देने का प्रयास किया गया है। शो जनवरी के पहले सप्ताह से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।



### ल्यूपिन

**ये सीरीज़** आर्सेन ल्यूपिन की साहसिक गाथाओं से प्रेरित है जिसमें एक सरल व्यक्तित्व वाला चोर एक समृद्ध परिवार द्वारा अपने पिता के अपमान का बदला लेता है। इसमें ओमर सी, लुड्विन हेस्मे जैसे दिग्गज कलाकार हैं और ये नेटफ्लिक्स पर जनवरी के पहले सप्ताह से उपलब्ध है।



### ब्लिंग एंपायर

**लॉस** एंजेल्स के एक अमीर एशियाई और अमेरिकी लोगों द्वारा ली जा रही मस्ती ही इसकी कहानी का कथानक है। वे पार्टियां करते हैं, ग्लैमर और नाटकीयता लिये ये रियलिटी सीरीज़ काफी रोचक बन पड़ी है। 15 जनवरी से ये नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होगी।

# तमिल फिल्म मास्टर के साथ खुले केरल के सिनेमा घर




**तिरुवनंतपुरम।** कोविड-19 के कारण 10 महीने तक बंद रहे केरल के सिनेमाघर अभिनेता विजय की तमिल फिल्म मास्टर के साथ खुले हैं। फिल्म एक्जिबिटर्स यूनाइटेड ऑर्गेनाइजेशन ऑफ करेल (एफईयूओके) का कहना है कि फिल्म को राज्य की 500 से ज्यादा स्क्रीन (पर्दे) पर प्रदर्शित किया गया है। सिनेमाघर मालिकों का कहना है कि ज्यादातर सिनेमाघरों के खुलते ही पहले कुछ घंटों में सारे टिकट बिक गए। तमाम युवा सुबह नौ बजे फिल्म के पहले शो के लिए सिनेमाघर के आगे लाइन में लगे हुए थे। कोच्चि में अभिनेता विजय के प्रशंसकों ने उनके बड़े पोस्टर का दूध से अभिषेक किया। एफईयूओके के महासचिव एम. सी. बॉबी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कई सिनेमाघरों में मरम्मत और उन्हें संक्रमण मुक्त करने का काम चल रहा है, इसलिए बुधवार को वह नहीं खुले। सिनेमाघरों में सिर्फ 50 प्रतिशत सीटें भरी जाएंगी यानी प्रत्एक दर्शक के बीच एक सीट खाली रखी जाएगी। कोविड-19 से जुड़े अन्य प्रोटोकॉल का भी पालन किया जाएगा।

# घर को सजाने-संवारने का सपना

**ड्रीम होम मेकओवर**
नेटफ्क्सि
प्रस्तुतकर्ता: शी एंड सिड
रेटिंग: 7/10



**कोविड** 19 के कारण घरों को संवारने की बात की चाहे अनदेखी की गई हो लेकिन इससे अधिक कुछ हानि नहीं होती यदि एक दंपत्ति द्वारा अपने ग्राहक के स्थान को सुंदर बनाने को ही अपनी प्राथमिकता बना लिया गया हो तो ये काफी रोचक लग सकता है। हम सभी अपने घरों के बारे में भी ऐसा ही सोच सकते हैं। इसके सीज़न2 में भी दंपत्ति द्वारा अपने काम और अपनी छोटी पुत्रियों के साथ बिताए गए समय में सामंजस्य स्थापित करने पर ही जोर दिया गया है।

बड़े घरों के स्थान पर यदि बाथरूम को ही किचेन और केबिन होम को तीन लोगों के एक छोटे से परिवार के लिए सुंदर सजीले स्थान में परिवर्तित करना भी उनके जीवन का एक हिस्सा बन गया। इस सीरीज़ से लोगों को अपने घरों के ही पुनर्रुद्धार करने की प्रेरणा मिल सकती है। घर को हर प्रकार से सुविधासंपन्न बनाने के लिए धन नहीं बस एक विचार की आवश्यकता होती है। इस बार इसके दूसरे संस्करण में कहानी को इसी थीम पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

**- शालिनी सक्सेना**